सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.4 न्यू | 22.5 अधि |
| धर्मशाला | 20.5 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,764 |
| निफ्टी | 24,270 |
| सोना 1,46,003 | चांदी 2,33,354 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 5 जुलाई 2026 | 21 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 187, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों के सत्र को स्वीकृति प्रदान की है। सत्र के दौरान राष्ट्रीय महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा, बहस और विधायी कार्य किए जाएंगे। आगामी सत्र को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाल के चुनावों के बाद संसद के समीकरणों में बदलाव देखा गया है और कई अहम विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई निगरानी

**एजेंसी, पश्चिम चम्पारण (बगहा)।** भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा को लेकर गोबरहिया थाना पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ संयुक्त गश्ती अभियान चलाया। इस दौरान सीमा क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की सघन जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। गश्ती के दौरान संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या एसएसबी को देने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक बगहा ने बताया कि तस्करी व अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### फायरिंग मामला: विधायक राजू को 4 साल की सजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 31 दिसंबर 2018 की नववर्ष पूर्व संध्या पर हर्ष फायरिंग में महिला की मौत के मामले में बिहार के विधायक राजू सिंह को चार साल की कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उन पर 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जो मृतक महिला के पति को दिया जाएगा। कोर्ट ने 6 जून को राजू सिंह को दोषी करार दिया था, जबकि उनकी पत्नी सहित अन्य आरोपितों को बरी कर दिया गया था। मामले में 2018 में अंबेडकर कॉलोनी मंडी गांव स्थित एक समारोह के दौरान फायरिंग में महिला अर्चना गुप्ता की मौत हो गई थी। कोर्ट ने उन्हें आईपीसी की धारा 304 (भाग 2) और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी माना। (अनंत ज्ञान)

### वैभव इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले युवा क्रिकेटर

**एजेंसी, मैनेचेस्टर।** वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए सबसे कम उम्र में डेब्यू



करने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 15 साल 99 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ पहला इंटरनेशनल मैच खेला। वैभव को तिलक वर्मा ने डेब्यू कैप दी। वैभव ने शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। शेफाली ने 15 साल 239 दिन और सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेला था। भारत ने दूसरे टी-20 में टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला किया। (अनंत ज्ञान)

# गृह मंत्रालय ने 23 आतंकियों को घोषित किया 'आतंकवादी'

## अमित शाह बोले- हर आतंकी मॉड्यूल को ध्वस्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत पाकिस्तान में सक्रिय 23 व्यक्तियों को 'आतंकवादी' घोषित किया। इनमें लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज मोहम्मद सईद के करीबी सहयोगी, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई आतंकी शामिल हैं।



सरकारी आदेश के अनुसार, ये आतंकी सुरक्षा बलों पर बड़े हमलों, ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी, सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और आतंकवादी संगठनों में भर्ती कराने जैसी गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों पर हुए हमलों में शामिल आतंकियों समेत कुल 23 पाकिस्तान स्थित आतंकियों को शनिवार को यूएपीए की अनुसूची में शामिल किया गया। इसके साथ ही इस सूची में शामिल आतंकवादियों की कुल संख्या 80 हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि ये सभी आतंकी भारत विरोधी गतिविधियों, आतंकी हमलों, आतंक फैलाने, हथियारों की तस्करी, सीमा पार घुसपैठ, आतंकी संगठनों की सहायता, धन जुटाने और आतंकियों की भर्ती में शामिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए गृह मंत्रालय ने आज यूएपीए के तहत 23 खूंखार आतंकियों को आतंकवादी घोषित किया है। उन्होंने कहा कि इन 23 आतंकवादियों में 17 पाकिस्तानी नागरिक और छह भारतीय नागरिक हैं। हालांकि, वर्तमान में सभी पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से आतंकी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। मोदी सरकार भारत और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर आतंकी मोड्यूल को ध्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।''यूएपीए के तहत केंद्र सरकार को यह अधिकार है कि यदि उसे लगता है कि कोई व्यक्ति आतंकवाद में शामिल है, तो वह उसे आतंकवादी घोषित कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

### 17 पाकिस्तानी व 6 भारतीय आतंकवादी घोषित

**पाकिस्तानी** आतंकवादियों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े मसूद इलियास कश्मीरी, मोहम्मद मुसादिक, मुफ्ती मोहम्मद असगर खान, हाफिज अब्दुल शकूर, अब्दुल्ला जिहादी, गुलाम फरीद, अशफाक अहमद, मौलाना इमदाद उल्लाह मक्की और वसीम नूर जाट शामिल हैं। इसके अलावा अब्दुल रऊफ, हाफिज खालिद वालीद, मौलाना सैफुल्लाह खालिद, मोहम्मद याकूब, मौलाना यूसुफ ताईबी, कारी याकूब शेख, राणा इफ्तिखार और मोहम्मद शहीद फैसल लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जमात-उद-दावा (जेयूडी), फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ), पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल), अल-कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठनों से जुड़े बताए गए हैं। भारतीय आतंकवादियों में फिरदौस अहमद भट, हारून रशीद गनई, बिलाल अहमद मीर, आबिद कयूम लोन, नज़ीर अहमद गुज्जर और ओवैस फारूज शामिल हैं। इनमें फिरदौस अहमद भट, हारून रशीद गनई, आबिद कयूम लोन, नज़ीर अहमद गुज्जर और ओवैस फारूज़ लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं, जबकि बिलाल अहमद मीर लश्कर-ए-तैयबा के साथ-साथ द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से भी संबद्ध है। मंत्रालय के अनुसार ये सभी भारतीय नागरिक वर्तमान में पाकिस्तान या पीओके से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं।

# सुक्खू सरकार में बड़ा फेरबदल तय नए चेहरों को मिल सकती है एंट्री

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की सियासत में सत्ता के नए समीकरणों की आहट अब साफ सुनाई देने लगी है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में शनिवार को हुए मंथन ने यह संकेत दे दिए हैं कि मंत्रिमंडल विस्तार, विभागों के फेरबदल व नए राजनीतिक चेहरों को जिम्मेदारी सौंपने की प्रक्रिया निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है।

राजीव भवन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, मंत्रियों, विधायकों और संगठन के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुई व्यापक चर्चा के बाद यह साफ संकेत उभरकर सामने आए हैं कि प्रदेश मंत्रिमंडल के विस्तार और फेरबदल की पटकथा अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। लिहाजा, आगामी दिनों में होने वाली राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद इस पर अंतिम मुहर लग सकती है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल में रिक्त एक पद पर कुल्लू सदर से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर का मंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है। संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय के साथ-साथ क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए उनके नाम पर व्यापक सहमति बनने की चर्चा है। हालांकि अंतिम निर्णय कांग्रेस हाईकमान और पीएसी की बैठक के बाद ही होगा। माना जा रहा है कि सरकार आगामी विधानसभा चुनावों से पहले नई ऊर्जा और नई राजनीतिक रणनीति के साथ मैदान में उतरना चाहती है।

मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ विधानसभा के डिप्टी स्पीकर पद को लेकर भी चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। पार्टी के भीतर ज्वाला जी से संजय रत्न, पालमपुर विस क्षेत्र से आशीष बुटेल तथा अर्की से संजय अवस्थी के नामों पर विचार होने की चर्चा है। अंतिम फैसला क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, संगठनात्मक जरूरत और राजनीतिक संतुलन को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

### पीएसी की बैठक के बाद होगा अंतिम फैसला

**कांग्रेस** के भीतर यह धारणा मजबूत होती जा रही है कि 16 या 17 जुलाई को धर्मशाला में प्रस्तावित राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक के बाद मंत्रिमंडल विस्तार, विभागों में फेरबदल और डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहले भी संकेत दे चुके हैं कि मंत्रिमंडल विस्तार होना है, लेकिन उसका समय और स्वरूप हाईकमान तय करेगा।

### सरकार-संगठन में नई केमिस्ट्री बनाने की तैयारी

**शनिवार** को हुई चर्चा में सरकार व संगठन के बीच बेहतर तालमेल, आगामी राजनीतिक रणनीति व वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर भी व्यापक मंथन हुआ। पार्टी सूत्रों का मानना है कि कांग्रेस नेतृत्व अब ऐसे फैसले लेना चाहता है, जो संगठन को नई मजबूती दें और सरकार की कार्यशैली को अधिक प्रभावी बनाएं। ऐसे में आने वाले कुछ दिन हिमाचल की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

- सुंदर सिंह ठाकुर की ताजपोशी लगभग तय
- दो मंत्रियों की छुट्टी की चर्चाएं भी तेज

# मनाली में सीबीआई का बड़ा एक्शन, एमईएस अधिकारी 93 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा कुल्लू/मनाली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) शिमला ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मनाली के बाहंग क्षेत्र में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (एमईएस) के सहायक गैरिसन अभियंता केके सोनी को 93 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले आरोपी अधिकारी पर एक ठेकेदार के लगभग 30 लाख रुपए के लंबित बिल को पास कराने के बदले कुल भुगतान का तीन प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप है।

ठेकेदार की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने एक सुनियोजित ट्रैप ऑपरेशन तैयार किया और जैसे ही आरोपी ने तय रकम स्वीकार की, उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। यह पूरी कार्रवाई सीबीआई शिमला के पुलिस अधीक्षक राजेश चहल के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित पाल और उप पुलिस अधीक्षक गोविंद सोलंकी की टीम ने अंजाम दी। गिरफ्तारी के तुरंत बाद सीबीआई ने आरोपी के सरकारी आवास पर भी देर शाम तक छापेमारी की, जहां से संदिग्ध नकदी, महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। संवेदनशील रक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े कार्यालय में रिश्वतखोरी का यह मामला सामने आने के बाद सुरक्षा और प्रशासनिक हलकों में भारी हलचल मच गई है।

### पुख्ता साक्ष्यों से आरोपी तक पहुंची सीबीआई

**सीबीआई** की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा, शिमला के पुलिस अधीक्षक राजेश चहल ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद मामले का गहन सत्यापन किया गया और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर ट्रैप ऑपरेशन सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि सीबीआई भ्रष्टाचार के मामलों में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई कर रही है तथा किसी भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को कानून से ऊपर नहीं माना जाएगा। उन्होंने आम लोगों और ठेकेदारों से अपील की कि यदि कोई सरकारी अधिकारी रिश्वत की मांग करता है तो उसकी सूचना तुरंत सीबीआई को दें। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

# 2027 के विस चुनाव में भाजपा की सीटें घटेंगी: सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- किन्नौर में मंत्री जगत सिंह नेगी और निगम भंडारी के बीच नहीं कोई मनमुटाव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वर्ष 2027 के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा समय से कम विधायक चुनकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में 'मिशन रिपीट' जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती और यह जनता तय करती है कि सरकार किसकी बनेगी।

शनिवार को शिमला में कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी की बैठक काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि बैठक में भाजपा के आरोपों का जनता के बीच किस तरह जवाब देना है और राम मंदिर चंदा चोरी के मुद्दे को लोगों तक किस प्रकार पहुंचाना है, इस पर चर्चा हुई और आगे की रणनीति तैयार की गई।



किन्नौर में मंत्री जगत सिंह नेगी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी के बीच कथित मतभेद के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच कोई मनमुटाव नहीं है। उनके अनुसार, जगत सिंह नेगी ने केवल अपने विचार रखे हैं। विचार अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब आपसी विवाद नहीं होता। उन्होंने कहा कि जगत सिंह नेगी प्रदेश सरकार में मंत्री हैं और निगम भंडारी यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रह चुके हैं। दोनों नेताओं के साथ बैठकर बातचीत की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जगत सिंह नेगी ने पार्टी आलाकमान पर कोई सवाल नहीं उठाया है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल में एक पद खाली है और उसे भरना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विस्तार कब होगा, इसका फैसला कांग्रेस आलाकमान करेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो 16 और 17 जुलाई को धर्मशाला में कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक होगी। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौसम की स्थिति को देखते हुए बैठक के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम सभी के आराध्य हैं। उन्होंने याद दिलाया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम पर चंदे में गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाना चाहिए और इस मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# हिमाचल में बारिश से 49 सड़कें, 23 पेयजल योजनाएं बाधित

## तीन दिन में सामान्य से 106 फीसदी अधिक हुई बारिश और 15.27 करोड़ का हुआ नुकसान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने शुरुआती दौर में ही अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बीते तीन दिनों में प्रदेश में सामान्य से 106 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने के साथ सरकारी और निजी संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने फिलहाल शनिवार और रविवार को कुछ राहत की संभावना जताई है, लेकिन 6 जुलाई से एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होने की चेतावनी जारी की है।



बारिश के बीच छाता लेकर गंतव्य की ओर जाते लोग। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार प्रदेश में मानसून की सक्रियता के कारण अब तक करीब 15.27 करोड़ रुपये की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंच चुका है। किन्नौर, कुल्लू और चंबा जिलों में फ्लैश फ्लड और भूस्खलन की घटनाओं ने सबसे अधिक तबाही मचाई है। स्पीति के जहालमा और जिस्पा क्षेत्र में बर्फ तेजी से पिघलने के कारण सड़कें बह गईं, जबकि प्रदेशभर में 49 सड़कें, तीन बिजली ट्रांसफॉर्मर और 23 पेयजल योजनाएं बाधित हो गई हैं। संबंधित विभाग बहाली कार्य में जुटे हुए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 1 से 3 जुलाई के बीच प्रदेश में सामान्यत: 15 मिमी वर्षा हुई, जबकि इस बार 30.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 423 प्रतिशत अतिरिक्त वर्षा किन्नौर में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा कुल्लू में 195 प्रतिशत, सिरमौर में 143 प्रतिशत, सोलन में 140 प्रतिशत, ऊना में 130 प्रतिशत, कांगड़ा में 125 प्रतिशत, शिमला में 117 प्रतिशत, चंबा में 107 प्रतिशत, मंडी में 46 प्रतिशत, हमीरपुर में 45 प्रतिशत और बिलासपुर में 37 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। केवल लाहौल-स्पीति ऐसा जिला रहा, जहां सामान्य से 30 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई।

हालांकि शनिवार को सोलन और सिरमौर के कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हुई और अन्य जिलों में मौसम अपेक्षाकृत ज्यादा बारिश दर्ज नहीं की गई। लेकिन यह राहत अल्पकालिक होगी। मौसम विभाग के अनुसार 6 जुलाई से स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने के साथ मानसून दोबारा जोर पकड़ेगा। 6 और 7 जुलाई के लिए कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि ऊना, हमीरपुर, चंबा और कुल्लू के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। 8 और 9 जुलाई को भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

# राम मंदिर में दान गिनती के नियम बदले कर्मियों के लिए जेब रहित ड्रेस अनिवार्य

**एजेंसी, लखनऊ,**

राम मंदिर के दान काउंटिंग सिस्टम में सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बड़ा बदलाव किया गया है। काउंटिंग हॉल में अब कर्मचारियों को सख्त सुरक्षा व्यवस्था और दोहरी जांच (डबल चेकिंग) के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, काउंटिंग कर्मचारियों के लिए अब नया ड्रेस कोड लागू किया गया है। कर्मचारियों को बिना किसी जेब (पॉकेट) वाली डार्क ब्लू रंग की ड्रेस पहनना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही काउंटिंग हॉल में प्रवेश से पहले प्रत्येक कर्मचारी को दो चरणों की सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। वहीं, काउंटिंग का कार्य अब कुर्सी-मेज पर नहीं, बल्कि जमीन पर बैठकर कराया जाएगा। मोबाइल फोन, कैमरा, बैग और अन्य निजी सामान काउंटिंग हॉल के अंदर ले



जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। कर्मचारियों को काउंटिंग हॉल में प्रवेश से पहले जूते-चप्पल भी बाहर ही उतारने होंगे।

इस बीच, राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी का मामला लगातार नए खुलासों के साथ सुर्खियों में बना हुआ है। इस मामले में आरोपी अनुकल्प मिश्रा को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, अनुकल्प मिश्रा के नाम पर मंदिर में 'व्यवस्था कार्यकर्ता' के तौर पर एंट्री पास जारी किया जाता था।

आरोप है कि मंदिर में होने वाले हर विशेष कार्यक्रम के दौरान अनुकल्प मिश्रा के नाम से एंट्री पास बनाया जाता था। दावा किया जा रहा है कि इसी व्यवस्था कार्यकर्ता वाले पास के जरिए उसे मंदिर परिसर में प्रवेश मिलता था। आरोप यह भी हैं कि इसी पास के आधार पर वह चढ़ावे की राशि की गिनती की प्रक्रिया में शामिल होता था।

वहीं, चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र दास महाराज ने दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग की है। उन्होंने कहा, 'भगवान के घर में अपराध करने वालों को सीधे फांसी पर लटका देना चाहिए।' (अनंत ज्ञान)

# एथेनॉल के विरोध पर सरकार बोली यह जांची-परखी साइंटिफिक प्रोसेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई, टॉप एजेंसियां भी कर चुकीं टेस्ट

पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच शनिवार को सरकार ने कहा कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का काम रातों-रात नहीं हुआ। यह एक जांची-परखी, साइंटिफिक और स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस है। इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई है और टॉप एजेंसियां भी इसका टेस्ट कर चुकीं हैं।

एथेनॉल ब्लेंडिंग पर दिल्ली में हुई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की ओर से शामिल एक्सपर्ट वर्तिका शुक्ला ने यह बात कही। वर्तिका शुक्ला ने बताया कि देश में साल 2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में सिर्फ 1.5% एथेनॉल मिलाया जा रहा था, अब इस प्रोग्राम के तहत पेट्रोल में 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग की जा रही है। 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग के टारगेट को तय समय से पांच साल पहले यानी दिसंबर 2025 तक ही पूरा कर लिया गया है। भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण यानी ई20-पेट्रोल का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं।

उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं। हालांकि, भारत सरकार का कहना है कि एथेनॉल से माइलेज में मामूली कमी जरूर आती है, लेकिन इससे गाड़ी का पिकअप और इंजन परफॉर्मेंस बेहतर होता है। (अनंत ज्ञान)

# फिल्मों व ओटीटी कंटेंट की पायरेसी पर रोक लगाए टेलीग्राम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार ने बड़े पैमाने पर हो रही पायरेसी को लेकर टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम को निर्देश दिया है कि वह पायरेटेड फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के खिलाफ तुरंत कदम उठाए और 15 दिनों के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपे।

सूत्रों के मुताबिक, सरकार का यह कदम भारत की क्रिएटर इकॉनमी, फिल्म इंडस्ट्री, ब्रॉडकास्टर्स, ओटीटी प्लेटफॉर्म, प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स की सुरक्षा के लिए है। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का नजरिया अब पायरेटेड कंटेंट को एक-एक करके हटाने के बजाय प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करने की ओर बढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

**लोकार्पण** पीएम ने देश को पहला ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स किया समर्पित

# सबसे बड़े ऊर्जा संकट से उबरा भारत: मोदी

**एजेंसी, जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बाड़मेर के पचपदरा में देश की पहली ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही, जयपुर मेट्रो फेज-2 सहित 1 लाख 5 हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उन्होंने एलपीजी टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह के दौरान उन्होंने राजकीय सेवा में नवनियुक्त युवाओं को अभिनंदन पत्र भी सौंपे।



इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने तेल का संकट का जिक्र करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में युद्ध की वजह से पूरी दुनिया हाहाकार मचा है। हर देश त्रस्त है, इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। बड़े-बड़े देश आज ईंधन की किल्लत से जूझ रहे हैं, 21वीं सदी के सबसे ऊर्जा संकट पर भारत के प्रयास भारी पड़े हैं। भारत ने हर स्तर पर सही फैसले लिए। संकट का समय रहते सटीक आकलन किया, प्रभावी रणनीति बनाई। भारत के संसाधनों का सही प्रयोग किया, तब जाकर भारत संकट से उबर पाया है।

राजस्थान रिफाइनरी के लोकार्पण पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजस्थान की इस धरती से भारत ने आत्मनिर्भर होने की दिशा में बहुत बड़ा कदम उठाया है। ये रिफाइनरी यहां हजारों लोगों के रोजगार का माध्यम बनेगी। आज का दिन साक्षी है कि भाजपा सरकारें परियोजनाओं को सिर्फ केवल शिलान्यास करके नहीं छोड़ती है। हम उन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। दो महीने पहले यहां जो हादसा हुआ, उसके बाद इतनी तेजी से काम पूरा कर लेना परिश्रम की परिकाष्ठा का उदाहरण है। नया भारत अपने संकल्प से न पीछे हटता है और न ही अपनी रफ्तार कम करता है।

इससे पहले उन्होंने रिफाइनरी के मेन कंट्रोल यूनिट का अवलोकन कर शोधन प्रक्रिया, तकनीकों और उत्पादों की जानकारी ली और युवा कर्मियों से संवाद किया। उन्होंने श्रमिकों से बातचीत कर उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रिफाइनरी परिसर में खेजड़ी का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित कई उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# खेलों में हिमाचल का भविष्य उज्ज्वल : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर चमके खिलाड़ियों का किया सम्मान, बढ़ाया हौसला

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर हिमाचल प्रदेश की पहचान लगातार मजबूत हो रही है और इसके पीछे प्रदेश के युवा खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका है। इन्हीं प्रतिभाओं का सम्मान करने के उद्देश्य से शनिवार को शिमला के राजकीय कन्या मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पोर्टमोर में हिमाचल स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 69वें नेशनल स्कूल गेम्स अचीवर्स 2025-26 अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए राष्ट्रीय विद्यालय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने का सबसे प्रभावी मंच हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूल स्तर से ही खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सम्मानित खिलाड़ियों से भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम देश-दुनिया में रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय विद्यालय खेलों में सफलता हासिल की है, वे प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि यदि प्रतिभा को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो हिमाचल के युवा किसी भी स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही बेहतर समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं।




राजकीय कन्या मॉडल स्कूल पोर्टमोर में विद्यार्थियों को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

◆ **कहा- खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

समारोह में निदेशक स्कूल शिक्षा एवं हिमाचल स्कूल खेल संघ के अध्यक्ष आशीष कुमार कोहली, समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक सुनीता सिंह, हिमाचल स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव संतोष चौहान सहित संघ के अन्य पदाधिकारी, सदस्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय विद्यालय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम की सराहना की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# 'वसुधैव कुटुंबकम' दुनिया के लिए भारत का शाश्वत संदेश: राज्यपाल

## युवाओं को संस्कारों से जोड़ने व पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि 'वसुधैव कुटुंबकम' दुनिया के लिए भारत का शाश्वत संदेश है और सनातन धर्म करुणा, सद्भाव, शांति तथा विश्व बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत ही देश की प्रगति की सबसे मजबूत नींव है। राज्यपाल शनिवार को शिमला में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित शिव-शक्ति महाकथा और शिव विवाह महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए शांति, समृद्धि, सुख और खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की ऐसी पद्धति है, जो मानवीय मूल्यों पर आधारित है। इसके आदर्श आज भी पूरी



शिव विवाह महोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान


दुनिया को शांति और साथ मिलकर रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवारों से एकल परिवारों की ओर बढ़ना समाज में स्वाभाविक बदलाव है। फिर भी इस बदलाव के बीच परिवारों में प्रेम, आपसी सम्मान, भावनात्मक जुड़ाव और संवाद कमजोर नहीं पड़ना चाहिए। उनके अनुसार परिवार की मजबूती का आधार यही मूल्य हैं।

राज्यपाल ने युवाओं में बढ़ती नशे की समस्या पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए कानून का सख्ती से पालन जरूरी है, लेकिन बच्चों को अच्छे संस्कार देना सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिताने, उनसे खुलकर बात करने, उनका विश्वास जीतने और उन्हें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं, पारिवारिक मूल्य और आध्यात्मिक विरासत आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचती रहें।

# मेरिट आधारित नियुक्ति के निर्णय का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के सरकारी सीबीएसई विद्यालयों में मेरिट आधारित नियुक्ति को लेकर कैबिनेट सब-कमेटी के सकारात्मक निर्णय का सीबीएसई सब-कैडर इन-सर्विस टीचर्स एसोसिएशन, ने स्वागत किया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खजान सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम स्वीकृति देकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मेरिट आधारित चयन से योग्य एवं प्रतिभाशाली शिक्षकों को अवसर मिलेगा, जिससे सरकारी सीबीएसई विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, शिक्षा मंत्री तथा कैबिनेट सब-कमेटी के सभी सदस्यों का भी आभार जताया। एसोसिएशन के महासचिव वीरेंद्र कुमार ने कहा कि मेरिट सूची में चयनित शिक्षकों ने कठिन परिश्रम और प्रतिस्पर्धा के आधार पर अपना स्थान बनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के अंतिम निर्णय के बाद यह महत्वाकांक्षी योजना जल्द धरातल पर उतरेगी और अगले शैक्षणिक सत्र से मेरिट के आधार पर नियुक्त शिक्षक बेहतर शैक्षणिक परिणाम देकर प्रदेश के सीबीएसई विद्यालयों का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेंगे।



◆ **मुख्यमंत्री से शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करवाने की मांग**

# सीएजी प्रतिवेदनों पर समयबद्ध जवाब देने पर बल

## हिमाचल विधानसभा में लोक लेखा समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सरकारी खर्चों में पारदर्शिता, वित्तीय जवाबदेही और विभागीय कार्यप्रणाली की प्रभावी समीक्षा के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में लोक लेखा समिति की दो दिवसीय बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्टों, लंबित कार्रवाई प्रतिवेदनों तथा विभागों की जवाबदेही से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तार से मंथन किया गया।

विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में 3 और 4 जुलाई को आयोजित बैठकों की अध्यक्षता लोक लेखा समिति के सभापति अनिल शर्मा ने की। बैठकों में समिति के सदस्य रणधीर शर्मा, बलबीर सिंह वर्मा, संजय रत्न, जीत राम कटवाल, मलेन्द्र राजन, केवल सिंह पठानियां, चन्द्रशेखर, कैप्टन रणजीत सिंह तथा कमलेश ठाकुर उपस्थित रहे। समिति ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों पर सुआ-मोटो उत्तर उपलब्ध करवाने तथा लोक लेखा समिति के मूल एवं कार्रवाई प्रतिवेदनों पर, जिनमें विभागीय उत्तर लंबित हैं अथवा कार्रवाई अधूरी है, विस्तृत चर्चा की।




लोक लेखा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सभापति अनिल शर्मा। अनंत ज्ञान

बैठक के दौरान मुख्य सचिव तथा प्रधान सचिव (वित्त), हिमाचल प्रदेश सरकार का मौखिक साक्ष्य भी दर्ज किया गया। साथ ही महालेखाकार कार्यालय से उप-महालेखाकार अम्बिका रैना, राजवंत कौर एवं नैना कोटवी सहित विधानसभा सचिवालय के अवर सचिव, अनुभाग अधिकारी धर्मपाल ठाकुर तथा अन्य संबंधित अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। समिति ने विभागों से वित्तीय मामलों में समयबद्ध कार्रवाई, लंबित प्रतिवेदनों का शीघ्र निस्तारण तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# कांग्रेस सरकार की गारंटियां निकलीं खोखली : बलदेव तोमर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने महिलाओं को हर माह 1500 देने और युवाओं को पांच लाख स्थायी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन सरकार अब तक इन गारंटियों को पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लाखों महिलाएं आज भी 1500 मिलने का इंतजार कर रही हैं, जबकि रोजगार के वादे भी अधूरे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से चुनावी घोषणाओं पर जनता के सामने जवाब देने की मांग की।



◆ **28 लाख महिलाएं आज भी 1500 का कर रही इंतजार**

बलदेव तोमर ने शिमला से जारी बयान में दावा किया कि हाल ही में हुए पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक जनसमर्थन मिला है। उनके अनुसार जिला परिषद, बीडीसी और अधिकांश पंचायतों में प्रधान व उपप्रधान पदों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयासों के बावजूद जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया, जो प्रदेश में भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

# सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों के अस्थायी पुनर्नियोजन के लिए 15 तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्य अरण्यपाल, शिमला वन वृत्त द्वारा सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों (नायब तहसीलदार, कानूनगो व पटवारी) से एक वर्ष की अवधि के लिए अस्थायी पुनर्नियोजन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। वन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि 8 रिक्त पदों के तहत शिमला वन वृत्त में सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार का एक पद, शिमला वन मंडल (ग्रामीण) में सेवानिवृत्त पटवारी का एक पद, ठियोग वन मंडल में सेवानिवृत्त कानूनगो और पटवारी के एक-एक पद, रोहड़ू वन मंडल में सेवानिवृत्त कानूनगो का एक पद व सेवानिवृत्त पटवारी के दो पद तथा चौपाल वन मंडल में सेवानिवृत्त पटवारी के एक रिक्त पद को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों की सेवाएं शिमला वन वृत्त के अंतर्गत वन भूमि की पैमाइश, अतिक्रमण प्रकरणों से संबंधित राजस्व एवं विधिक कार्यों के निष्पादन के लिए ली जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र, विस्तृत नियम व शर्तें मुख्य अरण्यपाल, शिमला के कार्यालय से 15 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं और निर्धारित तिथि (15 जुलाई) तक आवेदन को पूर्ण रूप से भरकर मुख्य अरण्यपाल, शिमला के कार्यालय जमा करवा सकते हैं। 15 जुलाई के उपरांत प्राप्त और अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# बीएड परीक्षा तिथियों में हो बदलाव : एसएफआई

## सीएसआईआर-नेट से टकरा रही परीक्षाएं, छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई ने बीएड परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन की मांग उठाई है। इस संबंध में एसएफआई प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संगठन का कहना है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की 17 और 18 जुलाई 2026 को निर्धारित परीक्षाएं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली सीएसआईआर-नेट परीक्षा की तिथियों से टकरा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में ऐसे छात्र प्रभावित होंगे, जिन्होंने उच्च शिक्षा और शोध के उद्देश्य से सीएसआईआर-नेट के लिए भी आवेदन किया है। एसएफआई ने कहा कि दोनों परीक्षाएं छात्रों के भविष्य के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। कई अभ्यर्थियों के नेट परीक्षा केंद्र शिमला से बाहर आवंटित किए गए हैं, जिससे दोनों परीक्षाओं में एक साथ शामिल होना संभव नहीं होगा। संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया है कि या तो बीएड परीक्षाओं की शुरुआत आगे बढ़ाई जाए अथवा 17 और 18 जुलाई को होने वाले संबंधित प्रश्नपत्रों की तिथि बदलकर बाद में आयोजित की जाए। एसएफआई इकाई सचिव मुकेश कुमार ने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेगा, ताकि विद्यार्थी बिना किसी मानसिक तनाव के अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें।



एचपीयू में परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते एसएफआई के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

# एसएफआई ने नीट पेपर लीक मामले में शिमला में किया प्रदर्शन

## उपायुक्त कार्यालय तक निकाली रैली, शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई ने नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक के विरोध में उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित धरने को संबोधित करते हुए एसएफआई राज्य सचिव सन्नी सेकटा ने कहा कि देशभर में छात्र परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि लगातार सामने आ रहे परीक्षा विवादों ने लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित किया है। संगठन ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने तथा परीक्षा प्रक्रिया में व्यापक सुधार लागू करने की भी मांग उठाई। एसएफआई ने आरोप लगाया कि री-नीट परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की संख्या और उपस्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। संगठन ने 21 जून को आयोजित री-नीट परीक्षा की उपस्थिति सूची सार्वजनिक करने, परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने तथा कथित पेपर लीक से प्रभावित छात्रों और परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही संगठन ने परीक्षा से जुड़े विवादों के कारण जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को पांच करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग भी उठाई। एसएफआई ने कहा कि जब तक पूरे मामले में जवाबदेही तय नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।



◆ **एनटीए को भंग करने और प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने की मांग**

# यूनिवर्सल कार्टन लागू कर छोटे व सीमांत बागवानों को शोषण से दिलाई राहत : नेगी

## कहा- टेलीस्कोपिक कार्टन व्यवस्था खत्म होने से व्यापार में आएगी पारदर्शिता

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** किन्नौर के रिकांगपिओ में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश सरकार ने एक बार फिर जनजातीय क्षेत्रों में विकास, जवाबदेह प्रशासन व जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय उनके गांव में ही योजनाओं का लाभ और समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पारदर्शी, संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव के द्वार अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन सीधे लोगों तक पहुंच रहा है, उनकी शिकायतें सुन रहा है और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। जगत सिंह नेगी ने बागवानी क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने टेलीस्कोपिक कार्टन व्यवस्था समाप्त कर यूनिवर्सल कार्टन लागू कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का यह फैसला छोटे और सीमांत बागवानों के हित में है, क्योंकि पहले टेलीस्कोपिक कार्टन व्यवस्था का आर्थिक लाभ मुख्य रूप से सेब व्यापारियों को मिलता था और छोटे बागवान शोषण का शिकार होते थे। यूनिवर्सल कार्टन व्यवस्था लागू होने से व्यापार में पारदर्शिता आएगी और बागवानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने का रास्ता मजबूत होगा।



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में फलों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

**बागवानी** मंडी में गुणवत्ता के अनुसार 2500 से 3000 रुपए तक बिक रही सेब की पेटी

# शिमला की भट्टाकुफर मंडी में गाला सेब की दस्तक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला की प्रमुख फल मंडी भट्टाकुफर में सेब सीजन ने अब रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। सीजन के शुरुआती दौर में डार्क बेरन गाला किस्म के सेब ने दस्तक दी है और इसके अच्छे दाम मिलने से बागवानों में उत्साह है। मंडी में गुणवत्ता के अनुसार इस किस्म का फुल बॉक्स 2500 से 3000 रुपए तक बिक रहा है। अभी इसकी आवक सीमित है, लेकिन शुरुआती कीमतों ने आने वाले सीजन को लेकर उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

फल मंडी भट्टाकुफर आढ़ती एसोसिएशन के सचिव बिट्टू कुमार ने बताया कि इस समय मंडी में डार्क बेरन गाला की गुणवत्ता अच्छी है, इसलिए खरीदार भी बेहतर कीमत दे रहे हैं। उनका कहना है कि जैसे-जैसे अगले कुछ दिनों में गाला सेब की आवक बढ़ेगी, मंडी में कारोबार भी तेज होने की संभावना है। मंडी में टाइडमैन किस्म का सेब भी पहुंच रहा है। यह सेब गुणवत्ता और आकार के अनुसार 1500 से 3000 रुपये प्रति फुल बॉक्स तक बिक रहा है। पिछले तीन दिनों में इसके दामों में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला है। शुक्रवार को टाइडमैन 1500 से 2400 रुपये प्रति बॉक्स तक बिका। इससे एक दिन पहले गुरुवार को इसकी कीमत 2000 से 2600 रुपये प्रति बॉक्स रही थी। बुधवार को यह 1600 से 2650 रुपये प्रति बॉक्स तक बिका था। आढ़तियों का कहना है कि अच्छी गुणवत्ता वाले फलों को लगातार ऊंचे दाम मिल रहे हैं।



नाशपाती की कीमतों में भी इन दिनों काफी अंतर देखने को मिल रहा है। मोटी डंडी किस्म की नाशपाती 1500 से 3500 रुपये तक बिकी। अलग-अलग आकार और गुणवत्ता के कारण इसके दामों में बड़ा अंतर रहा। इससे पहले नाशपाती का हाफ बॉक्स 1600 से 2000 रुपये तक बिक चुका है। डार्क बेरन गाला की बाजार में आमद के बाद फिलहाल कीमत के मामले में नाशपाती पीछे दिखाई दे रही है। भट्टाकुफर मंडी में इन दिनों रोजाना करीब 400 से 500 पेटियां सेब पहुंच रही हैं। इसके साथ 10 से 12 हजार बॉक्स स्टोन फ्रूट की भी आवक हो रही है। आढ़तियों का कहना है कि अभी फलों की आमद सीमित है, लेकिन जुलाई के दूसरे सप्ताह से इसमें तेजी आने की उम्मीद है।

इस बार मौसम के असर से सेब और दूसरे फलों के उत्पादन पर प्रभाव पड़ा है। ऐसे में कारोबारियों का मानना है कि पूरे सीजन के दौरान अच्छी गुणवत्ता वाले फलों को बेहतर दाम मिल सकते हैं। आढ़ती एसोसिएशन ने बागवानों से आग्रह किया है कि वे पूरी तरह तैयार होने के बाद ही फल मंडी में लाएं। समय से पहले तोड़े गए फलों की गुणवत्ता कम हो जाती है, जिससे उनकी कीमत भी घट जाती है। अच्छी गुणवत्ता का फल मंडी पहुंचेगा तो बागवानों को बेहतर मूल्य मिलने के साथ हिमाचल के फलों की पहचान भी मजबूत बनी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु मां भीमा ने टेका बैजनाथ मंदिर में माथा



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कांगड़ा जिले की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान पूजनीय गुरुमां भीमा (डॉ. मीना महाजन) ने चामुंडा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वाला देवी, चिंतपूर्णी देवी, बगलामुखी देवी तथा बैजनाथ शिव मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि सनातन परंपराएं समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करती हैं। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता रविंद्र बिट्टू, शशि राणा, रविंद्र राव और मंदिर ट्रस्टी मनीष शर्मा ने उनका आशीर्वाद लिया तथा समृद्धि चिन्ह भेंट किया। यात्रा में उनके परम शिष्य असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर मनोज सहगल भी उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री ने मघलोटा की काव्या को किया सम्मानित




**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पपरोला मघलोटा की काव्या शर्मा को शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सम्मानित किया। हिमाचल स्कूल स्पोर्ट्स अकादमी अवॉर्ड सेरेमनी में काव्या शर्मा का यह सामान पूरे हिमाचल का मान बढ़ाया है। इस मौके पर काव्या शर्मा के कोच राकेश ठाकुर भी उपस्थित थे। काव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कोच राकेश ठाकुर शिक्षकों और परिवार को दिया। गौर रहे कि काव्या शर्मा का चयन इंडिया बास्केटबॉल टीम के लिए हुआ है।

### ड्राइविंग टेस्ट के लिए ऑनलाइन स्लॉट करें बुक

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आयोजित होने वाले ड्राइविंग टेस्ट हेतु अब आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन स्लॉट बुक करना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पहले यह प्रक्रिया ऑफलाइन होती थी। आवेदनकर्ता www.parivahan.gov.in पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। एसडीएम पालमपुर ओपी यादव ने बताया कि ऑनलाइन सर्विसेज सेक्शन में जाकर आवेदक घर बैठे ही स्लॉट बुक कर सकते हैं, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि को ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। टेस्ट के दिन लर्नर लाइसेंस, स्लॉट बुकिंग का एक्नॉलेजमेंट और फॉर्म नंबर 2 साथ लाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई 2026 को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

### कोतवाली बाजार में बाइक में लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के कोतवाली बाजार में एक रॉयल एनफील्ड बाइक में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि काफी प्रयासों के बावजूद बाइक को बचाया नहीं जा सका और वह पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

### गगल में शराब ठेके से 74 हजार की चोरी

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल बाजार में बीती मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने शराब के ठेके को निशाना बनाकर 74 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। सेल्समैन ने बताया कि रात 12 बजे दुकान बंद कर वह कमरे में चला गया था। सुबह आने पर शटर थोड़ा खुला मिला और गल्ले का लॉक टूटा हुआ था। जांच करने पर नकदी गायब पाई गई। सूचना मिलते ही पुलिस थाना गगल की टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने शनिवार को जल शक्ति विभाग पालमपुर मंडल के तहत चल रहे विभिन्न विकास एवं पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने तथा जनता को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने अधिशासी अभियंता और उपमंडल कार्यालय का भी दौरा किया और कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वकीलों की हड़ताल से 2200 केस प्रभावित

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में एडवोकेट ज्योतिपाल भीम के खिलाफ दर्ज मामले को लेकर जिला बार एसोसिएशन उग्र हो गई है। वकीलों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है और लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी अदालतों में 'नो वर्क डे' रहा। एसोसिएशन ने सोमवार को भी कामकाज बंद रखने का ऐलान किया है, जिससे जिला एवं सेशन डिवीजन की 14 अदालतों का काम पूरी तरह ठप रहा। इस हड़ताल के कारण अब तक लगभग 2200 मामलों की सुनवाई प्रभावित हुई है और कई मामलों में नई तारीखें दी गई हैं। वकीलों का आरोप है कि एडवोकेट पर दर्ज एफआईआर बिना ठोस जांच के की गई है, जो गलत है। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि मांगें न माने जाने पर राज्यस्तरीय आंदोलन किया जाएगा। वहीं, एडवोकेट ज्योतिपाल भीम ने कहा कि यह कार्रवाई अनुचित है और निष्पक्ष जांच के बिना उन पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने एफआईआर वापस लेने की मांग की है। बार एसोसिएशन ने नियम तोड़ने वाले वकीलों पर जुर्माना और कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

### नहर के गेट के नट तोड़ने की साजिश नाकाम

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के गांव डिबकू में नहर के पानी को नियंत्रित करने वाले गेट के नट-बोल्ट तोड़ने की साजिश समय रहते नाकाम कर दी गई। यदि यह गेट टूट जाता तो कलानौर, डेरा बाबा नानक और रामदास क्षेत्र के सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते थे। जानकारी के अनुसार नहर विभाग के फील्ड स्टाफ ने गेट पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दी, जिसके बाद कार्यकारी अभियंता के पत्र के आधार पर थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज किया। आरोपी की पहचान माहीचक्क निवासी आरिफ हुसैन उर्फ कालू गुज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### गगल में जर्जर दिशा सूचक बोर्ड बना खतरा



**अनंत ज्ञान, गगल।** धर्मशाला रोड स्थित गग्गल चौक पर लगा दिशा सूचक बोर्ड जंग लगने के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। बोर्ड को सहारा देने वाली लोहे की पाइपें भी काफी हद तक गल चुकी हैं, जिससे हल्की हवा चलने पर भी यह तेजी से हिलने लगता है। गगल चौक कांगड़ा-धर्मशाला मार्ग का प्रमुख चौराहा है, जहां से प्रतिदिन हजारों स्थानीय वाहन, पर्यटक और गग्गल एयरपोर्ट जाने वाला यातायात गुजरता है। ऐसे में यदि यह भारी-भरकम बोर्ड गिरता है तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय दुकानदारों राजेश कुमार, अतुल तुली, अंकु, सोनू, हरनेक, जगत राम और अनिल सहित अन्य लोगों ने बताया कि बारिश और तेज़ हवाओं के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि किसी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय इस जर्जर बोर्ड को तत्काल हटाकर नया दिशासूचक बोर्ड लगाया जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिप्पर** विकास खंड बिझड़ी जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

ग्राम पंचायत के विकास कार्य हेतु वितीय वर्ष जुलाई 2026-31 मार्च 2027 तक के लिए क्रैशर बजरी, क्रैशर रेता, धुला रेता, बोल्डर (क्यूबिक मीटर), सिमेंट बैंच, टाईल पेवर 40,60,80 mm, सरिया 8,10,12,16 mm,सैंटरिंग लकडी व सैंटरिंग लोहा पलेट , ईट न01 प्रति पीस, सी0एस0सी0 बड़सर से सीमेंट ढुलाई किराया ट्राले सहित, JCB मशीन प्रति घण्टा, पाईप आदि की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निर्माण सामग्री क्रय इच्छुक फर्म का GST नम्बर होना अनिवार्य हैं। ग्राम सभा बैठक व ग्राम पंचायत की बैठक में चाय प्रति कप, समोसा प्रति पीस, बेसन प्रति पीस, बर्फी प्रति पीस, पकौड़े प्रति किलो, चना प्लेट आदि के लिए भी निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं मोहर बन्द लिफाफे में दिनांक 09/07 /2026 तक सायं 5 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा पंचायत कार्यालय टिप्पर में पंहुच जानी चहिये। सभी निविदाएं दिनांक 10/07/2026 को प्रात: 11 बजे के बाद पंचायत बैठक के दौरान खोली जायेंगी।बिल अदायगी हेतु M फ़ार्म देना अनिवार्य होगा। फर्म द्वारा समय पर सामग्री न पहुँचाने पर निविदा रद करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा।

प्रधान /सचिव
ग्राम पंचायत टिप्पर

त्रियुंड की बढ़ती लोकप्रियता, पर्यावरण संरक्षण पर वन विभाग का खास फोकस

# पहली पसंद बना त्रियुंड ट्रैक, तीन महीने में पहुंचे 26 हजार पर्यटक

◆ 86 लाख में हुआ टिकट वसूली का ठेका



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी धर्मशाला का विश्व प्रसिद्ध त्रियुंड ट्रैक इस वर्ष भी देश-विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। हर दिन बड़ी संख्या में पर्यटक हिमालय की खूबसूरती और रोमांचक ट्रैकिंग का अनुभव लेने के लिए त्रियुंड पहुंच रहे हैं। बढ़ती पर्यटक संख्या के बीच वन विभाग ने ट्रैक के बेहतर प्रबंधन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि त्रियुंड प्रदेश का सबसे लोकप्रिय ट्रैकिंग रूट है। जहां भारतीयों के साथ बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी पहुंचते हैं। ट्रैक के संचालन के लिए चार चेक पोस्ट स्थापित की गई हैं, जिनमें गल्लू मुख्य प्रवेश बिंदु है। इस वर्ष पहली बार टिकट वसूली का कार्य टेंडर के माध्यम से 86 लाख रुपए में आउटसोर्स किया गया है। पिछले वर्ष वन विभाग ने ट्रैकिंग शुल्क और टेंट से करीब 74 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया था। उन्होंने बताया कि 10 जून तक के आंकड़ों के अनुसार केवल अप्रैल, मई और जून के तीन महीनों में लगभग 26 हजार पर्यटक त्रियुंड ट्रैक पर पहुंच चुके हैं और ट्रैकिंग व कैंपिंग का आनंद ले चुके हैं। अमित शर्मा ने कहा कि अधिकांश पर्यटक जिम्मेदारी के साथ प्रकृति का आनंद लेते हैं, लेकिन कुछ लोग प्लास्टिक और अन्य कचरा पहाड़ों पर छोड़ जाते हैं। ऐसे कचरे को एकत्र करने की जिम्मेदारी विभाग ने अपने अधिकृत वेंडर को दी है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित अभियान के दौरान भी त्रियुंड ट्रैक से कचरा एकत्र किया गया।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

### प्रकृति का आनंद लें, पर कचरा वापस लेकर जाएं



डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने सभी पर्यटकों से अपील की कि वे प्रकृति की सुंदरता का आनंद लें, लेकिन अपने साथ ले जाए गए प्लास्टिक और अन्य कचरे को वापस भी लेकर आएं। उन्होंने बताया कि इको-टूरिज्म सोसायटी जल्द ही ऐसे पर्यटकों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजना शुरू करेगी, जो ट्रैक से कचरा वापस लाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करेंगे।

## मानसून में नदी-नालों और पहाड़ी ट्रैक से रहें दूर: एएसपी

◆ बोले- जान जोखिम में डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच प्रशासन और पुलिस ने लोगों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। मानसून के दौरान नदी-नालों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे हादसों का खतरा भी बढ़ गया है।

ऐसे में पर्यटकों और स्थानीय लोगों से जोखिम भरे स्थानों से दूर रहने तथा ट्रैकिंग के दौरान सभी सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मीडिया से बातचीत के दौरान दी। एएसपी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में लगातार भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी-नाले उफान पर हैं। इसके बावजूद कई पर्यटक और स्थानीय लोग नदी-नालों में उतरकर नहाने और मौज-मस्ती करते दिखाई दे रहे हैं, जो बेहद खतरनाक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मानसून के दौरान नदी-नालों और खड्डों के आसपास जाने से पूरी तरह परहेज करें, ताकि किसी भी प्रकार के जानी या माली नुकसान से बचा जा सके।

**बिना सूचना और गाइड के न करें ट्रैकिंग:** उन्होंने कहा कि त्रियुंड, आदि हिमानी चामुंडा सहित अन्य पहाड़ी ट्रैक पर जाने वाले लोग बिना जानकारी या स्थानीय गाइड के सफर न करें।

**खड्डों किनारे अनधिकृत कैफे पर कड़ा रुख:** खनियारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में खड्डों के भीतर या किनारे संचालित किए जा रहे अनधिकृत कैफे पर भी कड़ा रुख अपनाने की बात कही। एएसपी ने कहा कि सभी थाना प्रभारियों को ऐसे कैफे पर रेड करने और संचालकों को तत्काल चेतावनी देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल के प्राचार्य 'नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड' से नवाजे




अनंत ज्ञान

**जवाली।** पार्क प्लाजा चंडीगढ़-जीरकपुर में 'एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव' के तहत नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और मनीष सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में चुनिंदा विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को भी यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए दिया गया। उनके प्रयासों से पाठ्यक्रम क्रियान्वयन, परीक्षा परिणाम, अनुशासन, खेल गतिविधियों और समग्र छात्र विकास में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जवाली क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। कार्यक्रम में डॉ. निरयाल को ट्रॉफी और प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

## जिले में कूरियर केंद्रों पर सघन जांच, नशा तस्करी पर पुलिस सख्त



कूरियर केंद्र में जांच करती पुलिस टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नशे के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को कांगड़ा जिले में पुलिस ने कूरियर सेवा केंद्रों पर व्यापक जांच अभियान चलाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कहीं इन सेवाओं का इस्तेमाल मादक पदार्थों की तस्करी के लिए तो नहीं हो रहा है।

एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि जिले के धर्मशाला, मैक्लोडगंज, शाहपुर, कांगड़ा, नगरोटा, पालमपुर और बैजनाथ सहित विभिन्न क्षेत्रों में कूरियर कंपनियों के कार्यालयों की जांच की गई। इस दौरान कर्मचारियों और संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि अधिकांश केंद्रों में पहले से जारी निर्देशों का पालन पाया गया। डिलीवरी कर्मियों को कहा गया है कि किसी भी संदिग्ध पार्सल या गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। इसके साथ ही कूरियर कंपनियों को अपने सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए हैं। एएसपी ने कहा कि कांगड़ा पुलिस नशे के खिलाफ अभियान को लगातार सख्ती से आगे बढ़ा रही है और हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है।

## न्यूगल खड्ड में फंसे सात पर्यटकों का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मानसून के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर के बीच पालमपुर की न्यूगल खड्ड में फंसे सात पर्यटकों को समय रहते सुरक्षित बचा लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी पर्यटकों को सकुशल बाहर निकाला। इस दौरान पुलिस ने लोगों से बरसात के मौसम में नदी-नालों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस थाना पालमपुर के अंतर्गत न्यूगल खड्ड में कुछ पर्यटकों के फंसे होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिनमें तीन पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। सभी पर्यटक पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी खड्डों और नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में पर्यटक और स्थानीय लोग अनावश्यक रूप से नदी-नालों के पास न जाएं और विशेष रूप से पानी में उतरकर नहाने या अठखेलियां करने से बचें। एएसपी वीर बहादुर ने लोगों से प्रशासन की ओर से जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### सरकार ने किया हिमकेयर योजना को खोखला: बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा नेता बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तीखा



हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल की सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 'हिमकेयर' को पूरी तरह कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज में लागू नई अधिसूचना से स्पष्ट है कि सरकार गरीब, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाएं छीन रही है। बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया कि हिमकेयर कार्ड होने के बावजूद अब मरीजों को दवाइयों, एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे और अन्य जांचों का खर्च स्वयं उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने दवाइयों की रिइम्बर्समेंट बंद कर दी है और कई मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं भी समाप्त कर दी गई हैं। उनहोंने मुख्यमंत्री से मांग की कि सभी जनविरोधी फैसले तुरंत वापस लिए जाएं और पुरानी व्यवस्था बहाल की जाए।

## 38 युवाओं के सपनों को मिली नई उड़ान, संजय पराशर ने दी मर्चेंट नेवी में नौकरी की स्पांसरशिप



संजय पराशर ने मुंबई स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्पांसरशिप पत्र सौंपे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए कैप्टन संजय पराशर ने एक बार फिर 38 युवाओं को मर्चेंट नेवी में करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। मुंबई स्थित अपनी कंपनी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आईएमयू-सीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले चयनित युवाओं को स्पांसरशिप पत्र सौंपे।

इस बार चयनित युवाओं में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली युवा शामिल हैं। स्पांसरशिप मिलने के बाद अब ये युवा मर्चेंट नेवी के क्षेत्र में आगे की प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी कर अपने सपनों को नई उड़ान दे सकेंगे। युवाओं और उनके अभिभावकों के लिए यह पल बेहद भावुक और गर्व से भरा रहा, क्योंकि यह अवसर उनके भविष्य की नई दिशा तय करने वाला साबित होगा।

इस अवसर पर कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि प्रतिभा किसी क्षेत्र या संसाधन की मोहताज नहीं होती है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और योग्य युवाओं को मर्चेंट नेवी सहित अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाते रहेंगे। स्पांसरशिप प्राप्त करने वाले युवाओं में आयुष कुमार, वरुण शर्मा, सचिन राणा, लक्ष्य शर्मा, अभिनव चौहान, अक्षित कुठियाला, तुषार सिंह, साहिल राणा, जानवी ठाकुर, अक्षज ठाकुर, मयंक राणा, वंश अग्निहोत्री, अक्षित भारद्वाज, अमन कपूर, पुनीत बख्शी, जरमनजीत सिंह, निशांत कुमार, चरणप्रीत सिंह, विश्वजीत सिंह जादौन, आदित्य शर्मा, शौर्य पंडित, मयंक राणा, अक्षय ठाकुर, अमरिंदर सिंह, इशांत ठाकुर और पार्विक पराशर युवा शामिल हैं। वहीं, इस अभियान में जसवां-परागपुर क्षेत्र से परागपुर के छड़ोल गांव से लक्ष्य, शांतला के निहारी से आयुष कुमार, पपलोथर से वरूण और नारी गांव से सचिन राणा को भी नौकरी का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।

## लॉरिएट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू




संस्थान के प्रबंधक डॉ. रण सिंह ने किया अतिथियों का स्वागत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ज्वालामुखी।** लॉरिएट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ज्वालामुखी में शनिवार को 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 4 जुलाई से 9 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षण प्रणाली को रटने की पद्धति से हटाकर अनुभवात्मक और छात्र-केंद्रित शिक्षाशास्त्र की ओर ले जाना है।

कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया, सोसाइटी ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च तथा लॉरिएट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। इसमें फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर का भी सहयोग है। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार तथा विशेष अतिथि डॉ. राजेंद्र गुलेरिया रहे। संस्थान के प्रबंधक डॉ. रण सिंह और प्राचार्य प्रो. डॉ. एमएस आशावत ने अतिथियों का स्वागत किया। पहले दिन डॉ. केतन ने नई शिक्षा नीति और फार्मेसी शिक्षा में नवाचार पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में करीब 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान डिजिटल शिक्षण, एआई आधारित शिक्षा और अनुसंधान जैसे विषयों पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## ईच्छी-गैंगभैरो सड़क की बदहाली पर ग्रामीणों में रोष



जल्द सड़क की मरम्मत करवाने की उठाई मांग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजकुमार चौधरी, गगल।** कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ईच्छी-गैंगभैरो सड़क की जर्जर हालत से स्थानीय लोगों में भारी रोष है। बरसात के मौसम में यह सड़क पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है। स्थानीय निवासियों विकास लिहान, कबीश मोंगरा, कपिल मोंगरा, जोगिंदर सिंह, कमल कपूर, नवीन मोंगरा, केशव मोंगरा सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) इस सड़क की लगातार अनदेखी कर रहा है। उनका कहना है कि कई बार विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद हर बार केवल थोड़ी-सी मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है, जो बारिश में कीचड़ बन जाती है।

ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि अस्थायी मरम्मत और लीपापोती बंद कर इस सड़क का शीघ्र पक्कीकरण और स्थायी सुधार कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### टीजीटी कला संघ बोला- 26 वर्षों से नहीं बढ़ा प्रतिपूरक भत्ता, 3 गुना बढ़ाया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से कठिन एवं जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलने वाले प्रतिपूरक भत्ते में तत्काल संशोधन कर इसे तीन गुना बढ़ाने की मांग की है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने इस संबंध में वित्त सचिव को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने बताया कि प्रतिपूरक भत्ते की वर्तमान दरें वर्ष 1999 में निर्धारित की गई थीं और पिछले 26 वर्षों से इनमें कोई संशोधन नहीं हुआ है। इस दौरान महंगाई, परिवहन खर्च और जीवन-यापन की लागत में कई गुना वृद्धि हो चुकी है, जबकि कर्मचारियों को अब भी नाममात्र का भत्ता मिल रहा है।

विजय हीर ने कहा कि पांगी, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, भरमौर, डोडरा-क्वार, आउटर सिराज, चुराह और अन्य दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को कठिन परिस्थितियों में सेवाएं देनी पड़ती हैं। ऐसे में वर्तमान भत्ता वास्तविक खर्च की भरपाई करने में पूरी तरह अपर्याप्त है। संघ ने मांग की है कि महंगाई सूचकांक और वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रतिपूरक भत्ते की नई दरें शीघ्र अधिसूचित की जाएं, ताकि कठिन एवं जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को उचित आर्थिक राहत मिल सके।

## सर्पदंश से मौतों को शून्य करने का लक्ष्य

### जोनल अस्पताल धर्मशाला में बनी रणनीति, जागरुकता और समय पर उपचार पर जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में सर्पदंश (स्नेकबाइट) से होने वाली मौतों को शून्य तक लाने के उद्देश्य से शनिवार को जोनल अस्पताल धर्मशाला के सभागार में राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्वास्थ्य, वन, शिक्षा, सिंचाई, पशुपालन, स्थानीय निकाय सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सर्पदंश की रोकथाम, लोगों में जागरुकता बढ़ाना और समय पर प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार करना रहा। बैठक में अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, कोच्चि के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जयदीप सी. मेनन ने बताया कि यह परियोजना आईसीएमआर के सहयोग से देश के सात राज्यों हिमाचल प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड और असम में संचालित की जा रही है। इसका लक्ष्य सामुदायिक जागरुकता, स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और स्कूलों के माध्यम से लोगों को शिक्षित कर सर्पदंश से होने वाली मौतों को शून्य तक पहुंचाना है।



धर्मशाला में राज्यस्तरीय बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

### ज्वालामुखी और नूरपुर ब्लॉक से शुरुआत

**डॉ.** मेनन ने कहा कि इस परियोजना की शुरुआत कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी और नूरपुर ब्लॉकों से की गई है, जिसे आगे पूरे कांगड़ा और फिर पूरे प्रदेश में लागू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के बाद झाड़-फूंक या पारंपरिक उपचार में समय गंवाने के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना चाहिए, क्योंकि एंटी स्नेक वेनम ही इसका प्रभावी इलाज है। यदि तीन घंटे के भीतर जरूरतमंद मरीज को एंटी स्नेक वेनम ही इसका प्रभावी इलाज है। यदि तीन घंटे मिल जाए तो मृत्यु की संभावना काफी कम हो जाती है।

**हिमाचल का दुर्गम पर्वतीय भूभाग सबसे बड़ी चुनौती :** डॉ. मेनन ने कहा कि हिमाचल का दुर्गम पर्वतीय भूभाग सबसे बड़ी चुनौती है। दूरदराज क्षेत्रों से मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में कई घंटे लग जाते हैं, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। एंबुलेंस में ही एंटी स्नेक वेनम ही इसका प्रभावी इलाज है। यदि तीन घंटे उपलब्ध कराकर उपचार की शुरुआत की जाए, जिससे कई जानें बचाई जा सकती हैं।

**विशेष एंटी स्नेक वेनम की करनी होगी पहल:** उन्होंने यह भी बताया कि हिमाचल में पाए जाने वाले कुछ विषैले सांप, जैसे ग्रीन माउंटेन पिट वाइपर, वर्तमान एंटी स्नेक वेनम के दायरे में पूरी तरह शामिल नहीं हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव साझा किए।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण तथा दिव्यांगजनों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करके उनके लिए समाज में अनुकूल माहौल विकसित करने में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों, संस्थानों, संस्थाओं, संगठनों और प्रशिक्षणों को इस वर्ष भी 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए पात्र व्यक्ति, संस्थाएं और संस्थान 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड्स.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कारों से संबंधित विस्तृत जानकारी इसी पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की वेबसाइट डीईपीडब्ल्यूडी.जीओवी.इन पर भी राष्ट्रीय पुरस्कारों संबंधी दिशा-निर्देश अपलोड किए गए हैं। एडीसी ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सराहनीय कार्य करने वाले पात्र लोगों, संस्थाओं, संस्थानों एवं संगठनों से राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

### पैरा लीगल वॉलंटियरों के लिए 28 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिले में संचालित किए पांच ग्राम विधिक सेवा केंद्रों में पैरा लीगल वॉलंटियरों की इम्पैनेलमेंट की जाएगी। इसके लिए इच्छुक एवं पात्र लोगों से 28 जुलाई तक पक्का भरो स्थित जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के एडीआर सेंटर में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि जिला हमीरपुर में गांव बोहनी, पटलांदर, भोरंज, नादौन और बड़सर में ग्राम विधिक सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं और जिला के विभिन्न विकास खंडों की ग्राम पंचायतों को इन केंद्रों के अंतर्गत लाया गया है। इनमें पैरा लीगल वॉलंटियर तैनात किए जाएंगे जोकि आम लोगों को कानूनी मदद एवं इससे संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) की मुफ्त कानूनी सहायता योजना और अन्य योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने तथा सभी के लिए न्याय सुलभ बनाने में पैरा लीगल वॉलंटियर्स बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। कुलदीप शर्मा ने बताया कि पैरा लीगल वॉलंटियर्स के लिए किसी भी तरह के मानदेय का प्रावधान नहीं है। यह एक स्वैच्छिक सेवा है। इसके लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए। ये आवेदन 28 जुलाई तक पक्का भरो स्थित जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के एडीआर सेंटर में पहुंच जाने चाहिए। अधि

### सुजानपुर कॉलेज में प्रवेश तिथि 10 तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में कला, वाणिज्य ,विज्ञान और बीबीए संकायों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए अभी भी सीटें रिक्त हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई 2026 कर दी गई है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आग्रह किया है कि जो विद्यार्थी किसी कारणवश अभी तक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पाए हैं, वे बिना विलंब महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नियमित कक्षाएं 3 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो चुकी हैं। अतः विद्यार्थियों के हित में समय रहते प्रवेश लेकर नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होना आवश्यक है।

### अमरोह और चंबोह में बताईं कल्याणकारी योजनाएं



**अनंत ज्ञान भोरंज।** अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने विशेष अभियान आरंभ किया है। इस अभियान के तहत विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दलों के लोक कलाकार नुक्कड़ नाटक और लोक गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इसी कड़ी में विभाग से संबद्ध साहिल म्यूजिकल ग्रुप के लोक कलाकारों ने शनिवार को भोरंज की ग्राम पंचायत अमरोह और चंबोह में जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ, नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक 7 जुलाई को प्रातः 10 बजे खण्ड प्रधान जगदीश चन्द शर्मा (कारगू) की अध्यक्षता में लक्ष्मी नारायण चिन्तामुक्ति धाम मंदिर, लहड़ा, गलोड़ में आयोजित होगी जिसमें जिला व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक के एजैन्डा में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा जिसमें जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त श्रेणी 1 से 3 के संशोधित पेंशन बकाया, लंबित ग्रेच्युटी व लीव-एनकैशमेंट की बकाया राशि के भुगतान से वंचित पेंशनरों को शीघ्र भुगतान वारे मंथन किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में पेंशनरों के व्यक्तिगत मुद्दों पर मंथन के साथ-2 पदाधिकारी खण्ड में चलाई जा रही गतिविधियों व अन्य विभिन्न विषयों वारे महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध करवाएंगे। बैठक के बाद पेंशनरों के अवधि 30.6.2027 के लिए डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र भी ऑनलाइन भेजने का कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसके लिए पेंशनरों के पास अपना आधार नंबर, बैंक खाता संख्या, पीपीओ. नंबर, पैन नम्बर उपलब्ध होना जरूरी है।

### किसानों को वित्तीय योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान गलोड़।** पंचायत सरेड़ी में शनिवार को कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से सरेड़ी पंचायत में सहकारिता सप्ताह के तहत किसानों की चौपाल एवं वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों एवं ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल वित्तीय लेनदेन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत प्रधान ताराचंद ने किया। उन्होंने जोनल ऑफिस गलोड़ से पहुंचे वरिष्ठ प्रबंधक सुरेंद्र सिंह एवं बैंक की टीम का स्वागत करते हुए पंचायत में इस तरह का जनहितकारी शिविर आयोजित करने के लिए बैंक का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने किसानों एवं ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, बचत की आदत तथा विभिन्न बैंकिंग सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी।

# सरकार और खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के तुगलकी फरमान नहीं मानेंगे डिपो संचालक

## संचालक समिति ने किया विरोध, कहा– सीकर वापस नहीं लिए तो कर सकते हैं बड़ा आंदोलन

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सूबे में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा डिपो संचालकों के लिए जारी नए आदेशों का संचालक समिति ने जोरदार विरोध किया है। उन्होंने विभाग और सरकार के ऐसे तुगलकी फरमानों पर पलटवार करते हुए कहा है कि ऐसे नियम किसी भी सूरत में मान्य नहीं हो सकते। इन्हें अमलीजामा नहीं पहनाया जा सकता। जब 'जी' में जैसे आ रहा, विभाग और सरकार डिपो संचालकों को बेवजह के बोझ तले दबाने का प्रयास कर रही है।

डिपो धारकों को फेस ऑथेंटिकेशन ऐप डाउनलोड करने के जारी आदेश बेवजह के हैं। संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा है कि मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा के बिना इन आदेशों को अमली जामा पहनाना संभव नहीं है, सरकार को इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। समिति का कहना है कि आंगनवाड़ी और आशा वर्कर की भांति डिपो धारकों को भी मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा दी जाए। अशोक कवि का कहना है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने प्रदेश के डिपो धारकों को फेस ऑथेंटिकेशन ऐप डाउनलोड करने के तुगलकी फरमान जारी कर दिए हैं, जबकि संबंधित विभाग ने डिपो धारकों को न तो मोबाइल की सुविधा दी है और न ही इंटरनेट की। अशोक कवि ने कहा कि विभाग तुगलकी फरमान जारी करने से पहले आंगनवाड़ी व आशा वर्करों की तर्ज पर डिपो धारकों को मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा प्रदान करे। कवि ने कहा कि सरकार व विभाग डिपो धारकों के आर्थिक हितों की अनदेखी करके डिपो धारकों को आर्थिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का प्रयास कर कर रहे हैं जो कि असहनीय है। राज्य अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एनएफएसए के राशन पर 2015 व 2022 में कमीशन बढ़ौतरी और पॉश मशीनों के माध्यम से राशन वितरित करने के एवज में प्रति क्विंटल 26 रुपए प्रोत्साहन राशि देने की अधिसूचना जारी की गई है, लेकिन प्रदेश सरकार ने आज तक डिपो धारकों को फूटी कौड़ी भी नहीं दी। डिपो धारकों को अपना हक पाने के लिए माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अशोक ने कहा कि विभाग द्वारा डिपुओं पर स्थापित की गई पॉश मशीनों में डाली गई सिमें पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ी हैं।



अनंत ज्ञान
मुलाकात जो बदले हालात

बावजूद इसके डिपो धारकों ने प्रति माह 470 रुपए इंटरनेट पर खर्च करके उपभोक्ताओं को राशन वितरण का कार्य जारी रखा ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न झेलनी पड़े, लेकिन अब प्रदेश के डिपो धारक बिना मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा के विभाग द्वारा दिए गए तुगलकी फरमानों की कड़ी निंदा करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विभाग या तो डिपो धारकों को मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा प्रदान करे या फिर तुगलकी फरमान वापिस ले अन्यथा सरकार व विभाग इसका खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहे।

### हमीरपुर में 10 को होंगे आईटीआई डिप्लोमा धारकों और अकाउंटेंट के साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अणु स्थित मैसर्स विमांशु एलिवेटर एंड एस्केलेटर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सर्विस एंड इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन के 8 पदों तथा अकाउंटेंट के 1 पद को भरने के लिए 10 जुलाई को सुबह 10 बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय, हमीरपुर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्विस एंड इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन पदों के लिए उम्मीदवार का शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं पास या किसी भी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा होना आवश्यक है। इन पदों के लिए 30 वर्ष या उससे अधिक आयु के फ्रेशर पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 15,000 से 18,000 रुपए तक मासिक वेतन दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अकाउंटेंट के एक पद के लिए स्नातक योग्यता के साथ कंप्यूटर एवं अकाउंटेंसी का पर्याप्त ज्ञान होना अनिवार्य है। इसके साथ ही उम्मीदवार के पास संबंधित क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इस पद के लिए 25 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुष एवं महिला दोनों उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवार को 15,000 से 20,000 रुपये तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी, जिनका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, वे अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि और समय पर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### बडैहर पंचायत में पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त, 80 हजार रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधानसभा क्षेत्र भोरंज के तहत बडैहर पंचायत में शनिवार को तेज हवाओं के बीच एक आम का पेड़ गिरने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मकान को काफी क्षति पहुंची है। जानकारी के अनुसार, बडैहर निवासी पवन कुमार पुत्र किशन सिंह मिस्त्री के मकान के ऊपर अचानक आम का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से मकान का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और भवन रहने योग्य नहीं रह गया। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान मीरा देवी तथा पंचायत सदस्य मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

प्रधान मीरा देवी ने बताया कि पेड़ गिरने से मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और इसकी हालत काफी जर्जर हो चुकी है। वहीं, पटवारी हल्का भौर द्वारा मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, मकान को लगभग 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को उचित राहत और मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप ने सांसद पर साधा निशाना, बोले–

# झूठी वाहवाही और भ्रम फैलाने का काम कर रहे अनुराग

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ने सांसद अनुराग ठाकुर पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि अनुराग मेडिकल कॉलेज की बड़ी–बड़ी बातें करके झूठी वाहवाही और भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। पिछले 20 साल में हमीरपुर के लिए उन्होंने किया क्या है, इस पर कभी भी जवाब नहीं देते। वे सिर्फ राजनीति करते हैं, लोगों के विकास की उन्हें जरा भर भी फिक्र नहीं है।



कुलदीप पठानिया प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पठानिया ने कहा कि अनुराग की करनी और कथनी सब जानते हैं। अब उनकी बातों पर जरा भी कोई विश्वास करने की जहमत नहीं उठाने वाला। पठानिया ने कहा कि हमीरपुर का मेडिकल कॉलेज किसकी देन है, यहां अभी भी बताने की जरूरत है। अनुराग जिस झूठ को लेकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं उससे उनका भला होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने बस स्टैंड की नींव रखी थी, इसका निर्माण तो भाजपा की सरकारों में नहीं हुआ, लेकिन हमीरपुर के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसका निर्माण करवाया है, जो अब अंतिम चरण में है। उन्होंने अनुराग से कहा कि वे झूठ के साथ न चलें, सच्चाई के साथ चलें। यदि उन्होंने कोई काम करवाए हैं, तो उसका श्वेत पत्र जारी करें। हमीरपुर सैनिकों का जिला है और यहां पर केंद्रीय विद्यालय खोले जाना चाहिए, ताकि उनके परिवारों को फायदा हो, यह केंद्र में बैठे हैं, इसलिए इसका फायदा हमीरपुर की जनता को मिलना चाहिए। लेकिन उन्हें तो सिर्फ राजनीतिक करनी है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि उनके समय में भाजपाई कहते थे कि काम नहीं हो रहे लेकिन जब कांग्रेस की सरकार आई तो रुके हुए सारे काम शुरू हुए। फिर भी अनुराग ठाकुर और अन्य नेताओं को कुछ भी सूझता नहीं है।

#### 20 साल में भी नहीं पहुंची रेलवे लाइन

**पठानिया** ने तंज करते हुए कहा कि 20 साल में यदि 5 किलोमीटर भी हर साल इसका निर्माण होता तो आज तक रेलवे लाइन हमीरपुर तक निकल चुकी होती। लेकिन ड्रीम प्रोजेक्ट के नाम पर लोगों को गुमराह किया था। ड्रीम वैसे भी रात को देखे जाते हैं। यही हाल अनुराग ठाकुर का है। जिन सपनों को ड्रीम बनाया, वे ड्रीम ही रहे, हकीकत में नहीं बदले।

### डिडवीं में पत्नी से झगड़े के बाद फंदे से लटका मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत डिडवीं में एक किराये के कमरे में एक व्यक्ति फंदे से लटका मिला है। मृतक की पहचान चरणजीत निवासी लगहेड़, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी के रूप में हुई है। चरणजीत पिछले कुछ महीनों से अपनी पत्नी के साथ डिडवीं में किराये के कमरे में रह रहा था। गत रात किसी बात को लेकर पति–पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पत्नी कमरे से बाहर चली गई। कुछ समय बाद जब वह वापस कमरे में लौटी तो उसने अपने पति को फंदे से लटका पाया। इसके बाद उसने तुरंत मकान मालिक को घटना की सूचना दी। पुलिस को भी जानकारी दी। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। एसपी बलवीर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है।

# नादौन में जलभराव पर बड़ा फैसला, नालियों पर डाले कंक्रीट के स्लैब हटेंगे

## पानी निकासी सुधार के लिए एक्शन प्लान तैयार, एसडीएम निशांत शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया फैसला

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** नादौन शहर में बारिश के पानी की सही निकासी न होने के कारण हो रही परेशानी को लेकर शनिवार को एसडीएम निशांत शर्मा की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दुकानों के आगे पानी की निकासी की नाली को साफ करने के लिए दुकानदारों ने जो नाली पर सलैब डाले हैं उन्हें उखाड़ा जाए, ताकि पानी की निकासी हो सके।

बैठक में नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेंद्र जुबलानी, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन कुमार शर्मा,लोक निमार्ण विभाग के एसडीओ पंकज कौशल, भरमोटी पंचातय के प्रधान प्रियतोष सिंह , व्यापार मण्डल के प्रधान त्रिभुवन सिंह, कमल कम्मी, संतोष संधू, महिंद्री जैन, अनिल गुलेरिया, विजय धीमान, राजेश जैन, पिंटा सहित कई दुकानदारों ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि जब बरसात के दिनों में बारिश होती है तो बस अड्डा के निकट कुमार मार्केट की दुकानों में पानी घुस जाता है हाल ही में भी हुई बारिश के कारण नेशनल हाईवे के किनारे बनी नालियों तथा पुराने ब्यास पुल पर पानी व मलबा आ गया जिस वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ समय के लिए यातायात भी वाधित रहा। जिसकी मुख्य वजह यह है कि नालियों की काफी अर्सा से साफ सफाई नहीं हो पाई है। नालियों पर दुकानों के आगे स्लैब होने के कारण साफ सफाई करने में वाधा आती है जिसके चलते नालियां गाद आदि से अवरूद्ध हो गई हैं और पानी सड़क में आकर लोगों के घरों व दुकानों में घुस गया था। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रशासन को इस समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते प्रशासन ने स्थानीय दुकानदारों से बैठक करके नाली की शीघ्र सफाई करके बारिश के पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए और बरसात के बाद इन नालियों नियमानुसार निमार्ण किया जाएगा और टिल्लू की ओर से आने वाले पानी को बाघनाला की ओर डायर्वट किए जाने पर भी विचार विमर्श किया गया ताकि पुल की तरफ जाने वाले पानी का बंटवारा हो सके और नालियों से पानी ओवर फलो न हो।



बरसात के पानी की निकासी के लिए आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी व दुकानदार। अनंत ज्ञान

एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया बैठक में दुकानदारों की सहमती से निणर्य लिया गया कि केंद्रीय विद्यालय नादौन से ब्यास पुल तक जहां भी नालियों व कंक्रीट के स्लैब दुकानदारों ने डाले हैं उन्हें तोड़कर नालियों की सफाई की जाएगी और इन स्लैब की जगह दुकानदारों को एक स्टैंडर्ड की लोहे की जाली लगवानी होगी ताकि नालियों की सफाई में किसी प्रकार की कोई बाधा न आए।

### पंचायत बड़ा में 15 को होगी ग्राम सभा की बैठक

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** प्रदेश में हाल ही में हुए पंचायती चुनावों के बाद नदौन की ग्राम पंचायत बड़ा की पहली ग्राम सभा की बैठक 15 जुलाई को होगी। पंचयात के प्रधान कुलवंत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत में होने वाली इस ग्राम सभा की बैठक में योजनामद 15वां वित्त आयोग, पंचायत में पिछले तीन महीनों के आय व्यय पर चर्चा, 2026–27 के पंचायत में किये जाने वाले विकास कार्यों पर अनुमानित बजट पर चर्चा अनुमोदन, स्वच्छ भारत मिशन, नशा निवारण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, पर्यावरण सुरक्षा, खुला शौच मुक्त पर चर्चा, पानी के स्त्रोतों की सफाई एवम उन्हें कैसे सुरक्षित रखना हैं आदि इन मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। पंचायत प्रधान ने पंचायत के लोगों से पंचायत में होने बाली इस ग्राम सभा की बैठक में विशेष रूप से आने का आग्रह किया हैं ताकि पंचायत का कोरम पूरा हो सके। एवम पंचायत में किये जाने बाले विकासात्मक कार्यों को प्रगति मिल सके।

◆ बैठक में की जाएगी पंचायत में विकास के मुद्दों पर अहम चर्चा

# नादौन स्कूल गेट के पास स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

◆ चौराहा होने के कारण हमेशा बना रहता दुर्घटना का अंदेशा

अनंत ज्ञान

**बड़ा।** उपमंडल नादौन में एक स्थानीय विद्यालय के गेट के पास स्थित चौराहा लगातार सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील बना हुआ है। स्कूल का मुख्य गेट सड़क के बिल्कुल किनारे होने के कारण छुट्टी के समय बच्चों का आवागमन अत्यधिक तेज और असावधानीपूर्ण हो जाता है, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। बड़ा सुजानपुर मार्ग पर वाहनों की भारी आवाजाही और तेज रफ्तार इस खतरे को और अधिक बढ़ा देती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सबसे बड़ी समस्या यह है कि इस महत्वपूर्ण स्थान पर अब तक किसी भी प्रकार के गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) नहीं लगाए गए हैं। इसके कारण तेज गति से गुजरने वाले वाहन बिना किसी नियंत्रण के चलते हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा हर समय खतरे में रहती है। स्कूल छुट्टी के समय बच्चे अक्सर सड़क पर अचानक दौड़ पड़ते हैं, जिससे हादसे की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस समस्या को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन से स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग उठाई है, लेकिन आज तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि उनकी लगातार की गई मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि इस गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत प्रभाव से स्कूल गेट के पास स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं और आवश्यक सड़क सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**कार्यशाला** ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित

# महिला उद्यमियों ने सीखे फंडिंग एंड नेटवर्किंग के गुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** महिला उद्यमियों को बैंकों के माध्यम से वित्त पोषण और उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग की प्रक्रियाओं से अवगत करवाने के लिए जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) ने डीआरडीए के हॉल में उद्योग विभाग के रैंप (रेजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) प्रोजेक्ट के तहत फंडिंग एंड नेटवर्किंग मीट आयोजित की।

डीआईसी के महाप्रबंधक ठाकुर भगत नेगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में महिला उद्यमियों को फंडिंग एंड नेटवर्किंग के बारे में जानकारी प्रदान की गई। ठाकुर भगत नेगी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता, बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं, विपणन अवसरों एवं व्यवसाय विकास से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाना है। यह कार्यक्रम रैंप परियोजना के सोशल इन्क्लूजन घटक के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमियों की वित्तीय पहुंच को सुदृढ़ करना, उन्हें सरकारी सहायता योजनाओं से जोड़ना तथा सतत आजीविका एवं बाजार संपर्क के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। बैंकों की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपने उद्यम स्थापित कर सकती हैं। सरकार भी उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी प्रदान करती है। अपना उद्यम स्थापित करने की इच्छुक महिलाओं को इन ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।




उत्पादों की डिजिटल मार्केटिंग के बारे में दी जानकारी। अनंत ज्ञान

जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल, पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक सचिन कुार, इसी बैंक के मार्केटिंग अधिकारी मनीष कुमार, पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के निदेशक अजय कुमार कतना, डीआईसी के आर्थिक अन्वेषक प्रवेश कुमार, विस्तार अधिकारी मनदीप, विकास खंड हमीरपुर की एलवीडीसी वंदना कुमारी, मुख्यमंत्री स्टार्टअप कार्यक्रम की सफल महिला उद्यमी अनीता कुमारी ने प्रतिभागी महिला उद्यमियों को कई जानकारियां प्रदान कीं तथा अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बैंकिंग सेवाओं, ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, सरकारी सब्सिडी एवं प्रोत्साहन योजनाओं, बीमा सुविधाओं, उद्यम पंजीकरण, डिजिटल एवं ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) तथा ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) जैसे विपणन प्लेटफॉर्म की जानकारी देकर महिलाओं को अपने उत्पादों एवं सेवाओं के लिए व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के अवसरों से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान महिला उद्यमियों को विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने तथा विभिन्न संस्थानों से नेटवर्किंग स्थापित करने का अवसर मिला।

# चकमोह–एबीसी चौक सड़क के लिए 5 .18 करोड़ की डीपीआर तैयार

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत चकमोह से एबीसी चौक वाया चकड़ाला, चलसाई सड़क मार्ग के विस्तारीकरण के लिए विधायक प्राथमिकता के तहत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया जा रहा है। इस परियोजना पर लगभग 5.18 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का अनुमान है। यह सड़क क्षेत्र के निवासियों के लिए बेहतर यातायात, विकास और मूलभूत सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार यह सड़क मार्ग एबीसी चौक के पास हल्की बारिश में भी फिसलन और खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों के लिए चुनौतीपूर्ण बन जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इसके विस्तारीकरण और सुधार कार्य को विधायक प्राथमिकता में शामिल किया गया है। प्रस्तावित कार्य में सड़क का शोलिंग, टारिंग, पेयरिंग, ड्रेनेज सिस्टम, पैरापिट निर्माण तथा छोटी पुलियों का निर्माण शामिल रहेगा। विधायक लखनपाल ने इस अवसर पर कहा कि जनप्रतिनिधि केवल घोषणाएं नहीं करते, बल्कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि इस सड़क के सुधारीकरण से स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी। इस संबंध में सहायक अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि एबीसी चौक से चकमोह वाया चकड़ाला चलसाई लगभग 3 किलोमीटर सड़क का विस्तारीकरण किया जाएगा। इसमें आवश्यक निर्माण कार्य जैसे शोलिंग, टारिंग, ड्रेनेज, पैरापिट और छोटी पुलियों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य विधायक प्राथमिकता विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के तहत लगभग 5.18 करोड़ की लागत से किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की सड़क सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### निहरी कॉलेज से कॉमर्स हटाने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला सुंदरनगर की निहरी महाविद्यालय इकाई प्रदेश सरकार द्वारा कॉमर्स संकाय को बंद करने की कठोर निंदा की है। महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष निहरी आकृति ने कहा कि महाविद्यालय में अभी तक दो कोर्स चल रहे थे जिसमें एक बीकॉम एवं बी ए कोर्स है एवं अब प्रदेश सरकार ने महाविद्यालय से बीकॉम विषय को हटाने का निर्णय लिया है निहरी महाविद्यालय में अधिकतर छात्राएं पढ़ती है। निहरी महाविद्यालय स्थानीय महाविद्यालय है जो कि स्थानीय लोगों को शिक्षा देने हेतु बनाया गया था लेकिन निहरी महाविद्यालय से बीकॉम विषय को हटा कर सरकार स्थानीय लोगों के साथ अन्याय कर रही है। निहरी महाविद्यालय से यदि बीकॉम कोर्स को हटाया जाता है तो स्थानीय छात्राओं को शिक्षा के लिए अन्य महाविद्यालय एवं प्राइवेट महाविद्यालय की ओर जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं के परिवार उन बच्चों को अन्य महाविद्यालय एवं प्राइवेट महाविद्यालय में पढ़ने नहीं भेज सकते है। सरकार द्वारा महाविद्यालय को बंद करने के लिए फैकल्टी एवं फैसिलिटी का हवाला दिया जा रहा है। लेकिन ये दोनों ही कार्य सरकार के है जिन्हें वो करवाने में असमर्थ साबित होती दिख रही है जिस कारण वे बीकॉम कोर्स को ही हटाने का फैसला ले रही है। यदि सरकार जल्द से जल्द अपना फैसला वापिस नहीं लेती है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र से उग्र आंदोलन करेगी जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर देयोरी में आज करेंगे स्कूल भवनों के शिलान्यास और लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। इस दौरान वे विभिन्न राजकीय पाठशालाओं के भवनों के शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। संशोधित प्रवास कार्यक्रम के अनुसार रोहित ठाकुर 4 जुलाई को सायंकाल सुंदरनगर पहुंचेंगे, जहां उनका रात्रि ठहराव होगा। शिक्षा मंत्री 5 जुलाई को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देयोरी के नवनिर्मित भवन तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला देयोरी के नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण करेंगे। इसके अतिरिक्त वे राजकीय प्राथमिक पाठशाला तनबाग व राजकीय उच्च पाठशाला तरस्वाण का लोकार्पण तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथेरी, ग्राम पंचायत सेगली की राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोटाधार व राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुहड़ा के भवनों की आधारशिला भी रखेंगे। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री लोगों की समस्याएं सुनेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मिलेंगे। इसी दिन दोपहर बाद वे देयोरी से शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### खलैहल में बताए साइबर ठगी से बचाव के तरीके




**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** हिमाचल राज्य सहकारी बैंक की बरोट शाखा द्वारा शनिवार को चौहार घाटी की ग्राम पंचायत खलैहल में शाखा प्रबंधक अमन शर्मा की अध्यक्षता में ग्रामीण स्तरीय एक दिवसीय वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, महिला मंडलों, युवाओं तथा स्थानीय ग्रामीणों सहित लगभग 40 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान शाखा प्रबंधक अमन शर्मा ने उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, सशक्त महिला ऋण योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल लेन-देन, केवाईसी एवं सीकेवाईसी प्रक्रिया तथा बढ़ते वित्तीय एवं साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल बैंकिंग का उपयोग करते समय सावधानी बरतना बेहद आवश्यक है तथा किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता या एटीएम संबंधी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।अमन शर्मा ने बताया कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं उनके माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई, ताकि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के साथ सुरक्षित निवेश एवं डिजिटल बैंकिंग के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ।


# चंडीगढ़–मनाली फोरलेन पर सफर अधूरा

## नेरचौक-टकोली तक का हिस्सा सबसे जोखिमभरा, पंडोह बाईपास से औट तक काम अटका

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** चंडीगढ़–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग देश के सबसे महत्वपूर्ण सड़क मार्गों में से एक है। केंद्र सरकार ने इस मार्ग को फोरलेन में विकसित करने का निर्णय न केवल इसे अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए लिया था, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देने तथा हिमाचल प्रदेश के कृषि और वानिकी उत्पादों को देश के विभिन्न राज्यों तक आसानी से पहुंचाकर किसानों और बागवानों की आर्थिकी मजबूत करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य था।

परियोजना के शुरुआती चरण में निर्माण कार्य तेज गति से हुआ और चंडीगढ़ से नेरचौक तक फोरलेन बनने से लोगों को काफी राहत मिली। हालांकि, नेरचौक से टकोली तक का हिस्सा आज भी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लिए चुनौती बना हुआ है। विशेष रूप से पंडोह बाईपास से औट तक का भाग अभी अधूरा है। वहीं, जो हिस्सा तैयार हो चुका था, वह वर्ष 2023 की बारिश




और आपदा में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। ऐसे में यह मार्ग, खासकर बरसात के मौसम में, सबसे अधिक जोखिम भरा बना हुआ है। पर्यावरणविद् गुमान ठाकुर ने आरोप लगाया कि एनएचएआई ने पुराने सड़क मार्ग को भी नुकसान पहुंचाया और नया फोरलेन भी लोगों के जान–माल के लिए खतरा बन गया है।

### बजट के बावजूद एनएचएआई कर रहा देरी

**पर्यावरणविद्** गुमान ठाकुर ने आरोप लगाया कि पर्याप्त बजट उपलब्ध होने के बावजूद एनएचएआई इस मार्ग के निर्माण और मरम्मत को लेकर गंभीर नहीं है। उनका कहना है कि वर्ष 2023 से अब तक मंडी से ओट तक केवल ब्लैक प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षित बनाने की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि मंडी से चार मील स्थित नगर निगम की डंपिंग साइट, छह मील में पहाड़ी से गिरते पत्थर, नौ मील की लगातार खिसकती पहाड़ी, पंडोह डैम के कैंची मोड़ के पास भूस्खलन क्षेत्र, डयोड टनल और जोगणी माता के समीप गिरते पत्थर, हणोगी-दवाड़ा टनल के पास टूटा फ्लाईओवर तथा रेस नाला और शाला नाला से झलोगी टनल तक का क्षतिग्रस्त हिस्सा प्रमुख ब्लैक प्वाइंट हैं। इनके चिन्हित होने के बावजूद अब तक इन्हें सुरक्षित नहीं बनाया जा सका है।

### हणोगी-झलोगी टनल की मरम्मत 2 वर्ष बाद भी अधूरी

उनका कहना है कि नौ मील और शाला नाला क्षेत्र में भूस्खलन रोकने के लिए चाहे कितनी भी तकनीक अपनाई जाए, इन पहाड़ियों का खिसकना पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं है। इसका सीधा असर क्षेत्र की नकदी फसलों, पर्यटन और अन्य व्यवसायों पर पड़ेगा। उन्होंने लोगों से विशेषकर बरसात के मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरतने और जहां संभव हो, वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि डयोड से हणोगी टनल तक का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसके चालू होने से जोगणी मोड़ जैसे खतरनाक ब्लैक प्वाइंट से लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, दवाड़ा के पास टूटा फ्लाईओवर एनएचएआई की निर्माण गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

### पंडोह के कैंची मोड़ पर लगा लंबा जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश में मानसून के आगमन के बावजूद वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। शनिवार सुबह चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर मंडी जिले के पंडोह क्षेत्र में वाहनों का दबाव अचानक बढ़ने से कई स्थानों पर लंबा जाम लग गया। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब कैंची मोड़ पर एक ओवरसाइज ट्राला मोड़ काटते समय सड़क किनारे नाली में फंस गया। इसके चलते कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने एक तरफ से वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई, जिससे धीरे-धीरे ट्रैफिक सामान्य किया गया। जाम के दौरान वाहन काफी देर तक रेंगते हुए आगे बढ़ते रहे। वीकेंड होने के कारण मनाली, शिमला, कुफरी और नारकंडा जैसे पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले वाहनों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रही। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पर्यटन सीजन को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित लेन में चलने, अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून सक्रिय है। फिलहाल हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है।

# सरकाघाट–रिस्सा सड़क में पड़े गड्ढों में भरा पानी, मकानों के धंसने का खतरा

## लोगों की नालियां बनाने व संवेदनशील स्थानों पर डंगे लगाने की मांग

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट–रिस्सा सड़क मार्ग की जर्जर हालत स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क पर जगह–जगह बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भरने से यातायात प्रभावित हो रहा है, वहीं सड़क किनारे बने मकानों के धंसने का खतरा भी बढ़ गया है।

ग्रामीण बसंत सिंह, हरिचंद, रोड़ू राम और चमन लाल ने बताया कि पिछले वर्ष हुई भारी बारिश और भूस्खलन से सड़क तथा कई मकानों को नुकसान पहुंचा था, लेकिन अब तक सड़क की स्थायी मरम्मत और पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि उनके घरों के सामने बने गड्ढों में बारिश का पानी जमा हो जाता है। जब वाहन गुजरते हैं तो पानी की तेज




सरकाघाट–रिस्सा सड़क पर बने गड्ढों में भरा बारिश का पानी।

बौछारें घरों की दीवारों, दरवाजों और खिड़कियों पर पड़ती हैं, जिससे मकानों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत, नालियों के निर्माण और संवेदनशील स्थानों पर डंगे लगाने की मांग की है।

लोक निर्माण विभाग के ऑफिसिएटिंग अधिशाषी अभियंता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क पर सीसी कार्य जारी है और दो–तीन दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां संभव है, वहां नालियां बनाई और खोली जा रही हैं तथा डंगे भी लगाए जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर सड़क किनारे हुए निर्माण के कारण नालियां बनाना संभव नहीं है। विभाग ने कहा कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य तेजी से किया जा रहा है।

### डाकघर में आधार अपडेट को हिमाचली प्रमाण पत्र अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, पधर।** डाकघर पधर में आधार कार्ड से संबंधित सेवाओं के लिए अब राजस्व विभाग द्वारा जारी हिमाचली प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। आधार सेवा केंद्र के प्रभारी टेक चंद ने बताया कि आधार कार्ड में पता एवं अन्य विवरण अपडेट करते समय डाकघर का पिन कोड ऑनलाइन सत्यापित किया जाता है। ऐसे में राजस्व विभाग द्वारा जारी हिमाचली प्रमाण पत्र में संबंधित डाकघर का पिन कोड दर्ज होने के कारण इसे आवश्यक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए डाकघर पहुंच रहे हैं। कई बार आवश्यक दस्तावेज साथ न होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और उन्हें वापस लौटना पड़ता है। आधार सेवा केंद्र प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का अपडेट करवाने के लिए वे अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेज, विशेष रूप से राजस्व विभाग द्वारा जारी हिमाचली प्रमाण पत्र, साथ लेकर ही कार्यालय आएं, ताकि उनका कार्य बिना किसी असुविधा के समय पर पूरा हो सके।

# मजबूत बूथ ही भाजपा की जीत की गारंटी : जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने जिला मंडी के प्रशिक्षण वर्ग में 'बूथ प्रबंधन' विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का रास्ता बूथ से होकर गुजरता है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को सबसे मजबूत बनाने का संकल्प ले। राकेश जमवाल ने कहा कि भाजपा केवल नारों के बल पर नहीं, बल्कि मजबूत संगठन, सूक्ष्म योजना और बूथ स्तर पर निरंतर कार्य के दम पर चुनाव जीतती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक परिवार और मतदाता तक पहुंच बनाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को घर–घर पहुंचाने का आह्वान किया।



### विधानसभा चुनाव में बूथ प्रबंधन को बताया सबसे अहम

राकेश जम्वाल ने कहा कि बूथ प्रबंधन केवल मतदान दिवस तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे वर्ष जनता के सुख–दुख में सहभागी बनना, लाभार्थियों से संवाद बनाए रखना, नए मतदाताओं को जोड़ना और संगठन के कार्यक्रमों को गांव–गांव तक पहुंचाना इसकी मूल भावना है।

उन्होंने प्रत्येक बूथ को 'विजय बूथ' बनाने, नियमित बैठकें आयोजित करने, मतदाता सूची का अध्ययन करने तथा युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# सरकाघाट से लदरौर वाया चंदैश दुर्गापुर व सरकाघाट–मंडप वाया चंदैश बस सेवा बंद

## क्षेत्रवासियों ने सरकाघाट के एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, रूटों को बहाल करने की मांग

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के इलाका भद्रोता में सैकड़ों लोगों को बस से जोड़ने वाले रूट सरकाघाट पथ परिवहन के बहुत अर्से से सरकाघाट से लदरौर बाया चंदैश, झीड जमणी, दुर्गापुर होते रिवालसर पटडीघाट, ढलवान भांबला, जाहू होकर सैकड़ों लोगों की सुविधा उपलब्ध थी, परंतु लगभग एक साल से रूट बंद है। इसके चलते स्कूलों के बच्चों, मजदूरों, दुकानदारों, बीमारों तथा विवाह–शादी में जाने वाले सैकड़ों लोग प्रभावित है। वहीं, सरकाघाट डिपो का ही दूसरा रूट जो सरकाघाट से मंडप बाया फतेहपुर, चंदैश, पट्टा समाहल, रखोटा भद्रवाड,पिगला होकर मंडप जाता था, वो भी डेढ साल से बंद है। इस रूट में सुबह स्कूल, आईटीआई, अस्पताल व अन्य कर्मचारी जाते थे वो भी प्रभावित है इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ग्राम पंचायत गाहर के पूर्व प्रधान कुलदीप शर्मा, बीडीसी मेंबर फागनू राम, सुरेंद्र, अजय,कमला देवी, वीना देवी, अनिल कुमार, संतोष कुमारी, बिमला देवी, मनोज कुमार ने मिलकर सरकाघाट एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम को ज्ञापन देकर बस रूटों की बहाली के लिए लोगों की परेशानी को दूर करने के लिए ज्ञापन दिया। वहीं, हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन सरकाघाट के आरएम राजकुमार धीमान ने बताया कि सरकाघाट में एक तो बसों की कमी स्टाफ की कमी और मुख्य 20 बसे बिना टायरों के खडी है इसी लिए रूट बंद है।




एसडीएम को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी।

# देवभूमि इंटरनेशनल फिल्म फेस्ट में दिखी लोकल संस्कृति की झलक

अनंत ज्ञान

**मंडी।** देवभूमि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल–2026 के तहत शनिवार को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां जारी रहीं, जबकि फेस्टिवल के दौरान मंडी पहुंचे कई फिल्म एवं टीवी कलाकारों ने स्थानीय विरासत और संस्कृति में भी विशेष रुचि दिखाई। इसी क्रम में कलाकारों ने प्रसिद्ध हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का अवलोकन कर प्रदेश के इतिहास, लोकजीवन, धार्मिक परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरों को देखा।

गैलरी के भ्रमण के बाद कलाकारों ने हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के संग्रह प्रदेश की पहचान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### मंडी की सांस्कृतिक विरासत भी बनी आकर्षण का केंद्र

उन्होंने गैलरी में वर्षों से संजोए गए दुर्लभ दस्तावेजों और तस्वीरों को प्रदेश की अमूल्य धरोहर बताया। गौरतलब है कि वरिष्ठ छायाकार बीरबल शर्मा द्वारा स्थापित यह गैलरी पिछले करीब तीन दशकों से हिमाचल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत का दस्तावेजी संग्रह संजोए हुए है। देश–विदेश से आने वाले पर्यटक, शोधार्थी और संस्कृति प्रेमी यहां पहुंचकर हिमाचल की विविधता को करीब से जानने का प्रयास करते हैं। रविवार को फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं फिल्मी गतिविधियों का समापन होगा।

# छात्राओं को पढ़ाया महिला सुरक्षा का पाठ

## 54 स्टूडेंट्स ने पुलिस चौकी धर्मपुर व एसबीआई शाखा का किया भ्रमण

अनंत ज्ञान टीम

**सरकाघाट/धर्मपुर।** महिला एवं बाल विकास निदेशालय, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत संचालित 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत बाल विकास परियोजना धर्मपुर द्वारा शनिवार को किशोरियों के लिए एक्सपोज़र विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, लैंगिक समानता और बालिका सशक्तिकरण के प्रति जागरूक बनाना था। इस कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धर्मपुर की 54 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को पुलिस चौकी धर्मपुर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की धर्मपुर शाखा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। पुलिस चौकी में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, कानूनी



अधिकार, आत्मरक्षा तथा पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं से किसी भी आपात स्थिति में निडर होकर पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया। एसबीआई धर्मपुर शाखा में वरिष्ठ सहयोगी रोशनल लाल चंदेल ने बैंकिंग सेवाओं, बचत की आदत, डिजिटल बैंकिंग, साइबर धोखाधड़ी से बचाव तथा वित्तीय साक्षरता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। बाल विकास परियोजना धर्मपुर के पर्यवेक्षक विनोद कुमार ने 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' अभियान के उद्देश्यों, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं प्रतिभागी छात्राओं का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# खटारा बसों में जिंदगी से हो रहा खिलवाड़ : दिलीप

## भाजपा विधायक ने सरकाघाट में परिवहन व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और एचआरटीसी प्रबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकाघाट डिपो की परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा वे पहले भी कई बार सरकार और निगम प्रबंधन के समक्ष उठा चुके हैं, लेकिन सरकार ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। परिणामस्वरूप सरकाघाट डिपो की लगभग 20 बसें टायरों और आवश्यक मशीनरी की कमी के कारण डिपो में खड़ी हैं, जबकि जो बसें सड़कों पर चल रही हैं, वे भी इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि आए दिन बीच रास्ते में खराब होकर खड़ी हो जाती हैं।



दिलीप ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण एचआरटीसी की बसें यात्रियों के लिए सुविधा नहीं बल्कि परेशानी का कारण बन गई हैं। रोजाना किसी न किसी सड़क पर बस खराब होकर खड़ी मिल जाती है, जिससे यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते, विद्यार्थी स्कूल और कॉलेजों में देरी से पहुंचते हैं तथा कर्मचारी अपने कार्यालयों तक समय पर नहीं पहुंच पाते। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की परेशानियां सबसे अधिक बढ़ गई हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार परिवहन व्यवस्था सुधारने के बड़े–बड़े दावे कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि बसों के लिए टायर तक उपलब्ध नहीं हैं। रखरखाव के अभाव में बसें लगातार खराब हो रही हैं और अनेक महत्वपूर्ण रूट प्रभावित हो चुके हैं। जनता से टैक्स वसूलने वाली सरकार जनता को सुरक्षित और सुचारु परिवहन सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार का पूरा ध्यान केवल प्रचार तक सीमित है, जबकि धरातल पर एचआरटीसी की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। बसें सड़कों पर बीच रास्ते में जवाब दे रही हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि लाखों यात्रियों की सुरक्षा के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है।

विधायक दिलीप ठाकुर ने मांग की कि सरकाघाट डिपो में खड़ी सभी बसों के लिए तत्काल टायर और आवश्यक मशीनरी उपलब्ध करवाई जाए, जर्जर बसों की मरम्मत कर उन्हें सुरक्षित बनाया जाए तथा प्रभावित सभी रूटों पर नियमित बस सेवाएं बहाल की जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया तो भाजपा जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और एचआरटीसी प्रबंधन की होगी।

**स्वास्थ्य** प्रदेश सरकार ने अस्पताल में गायनी डॉक्टर नियुक्त करने के दिए आदेश

# संधोल अस्पताल को जल्द मिलेगा गायनी डॉक्टर

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन शनिवार को सातवें दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। लगातार बढ़ते जनसमर्थन के बीच आंदोलन अब क्षेत्रव्यापी स्वरूप ले चुका है। सातवें दिन मुकेश बिष्ट, सुमित बिष्ट और मुकेश भरमौरिया क्रमिक अनशन पर बैठे। धरना स्थल पर दिनभर विभिन्न पंचायतों से लोगों का आना–जाना लगा रहा। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति बैरी के सदस्यों ने बड़ी संख्या में धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इसके साथ ही क्षेत्र के



### लोग बोले- सभी डॉक्टर्स की तैनाती तक जारी रहेगा कार्मिक अनशन

दर्जनों महिला मंडलों की महिलाओं ने भी धरने में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और आंदोलनकारियों के संघर्ष को जनहित की लड़ाई बताते हुए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। इसके अलावा सन्धोल विकास एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष मान सिंह ने भी समिति के साथ धरना स्थल पर पहुंच कर अपना समर्थन दिया।

इसी बीच सरकार की ओर से नागरिक अस्पताल संधोल के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया। डॉ. शशि कांत (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), जिनकी पूर्व में पीजीआईएमसी चंबा में तैनाती के आदेश जारी हुए थे, उन्हें संशोधित आदेशों के तहत अब सिविल अस्पताल संधोल, जिला मंडी में समायोजित किया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। हालांकि, इस निर्णय का स्वागत करते हुए भी आंदोलनकारी अपने रुख पर कायम हैं। युवाशक्ति के अध्यक्ष अविनाश भनवाल ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक चिकित्सक की नियुक्ति के लिए नहीं, बल्कि संधोल क्षेत्र की समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एक विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती का आदेश सकारात्मक कदम है, लेकिन जब तक अस्पताल में सभी आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं होती, अन्य रिक्त पद नहीं भरे जाते और नियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सक वास्तविक रूप से कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

### धर्मपुर को दिए 8 डाक्टर : चंद्रशेखर

**स्थानीय** विधायक चंद्रशेखर ने पुष्टि करते हुए बताया कि उन्होंने डरवाड़, मढ़ी, मंडप इत्यादि समूचे धर्मपुर में कुल 8 डाक्टर उपलब्ध करवाए है जिनमें दो अकेले सन्धोल नागरिक चिकित्सालय के लिए है। उन्होंने सभी संघर्षरत युवाओं से आंदोलन को छोड़ने का आग्रह किया है।

**काम** से ज्यादा काम के पीछे निहित भावना का महत्व होता है।
-डॉ. राजेंद्र प्रसाद

## संपादकीय

# स्मार्ट पार्किंग से यातायात प्रबंधन

हिमाचल प्रदेश में विकास की सबसे बड़ी चुनौती सीमित भू-भाग है। यहां समतल भूमि का अभाव है, पहाड़ों को काटकर सड़कें बनाना आसान नहीं और वन क्षेत्र भी व्यापक हैं। ऐसे में बढ़ती आबादी के साथ-साथ वाहनों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि ने पार्किंग और यातायात प्रबंधन को गंभीर समस्या बना दिया है। विशेष रूप से पर्यटन स्थलों पर यह चुनौती कई गुना बढ़ जाती है। गर्मियों और छुट्टियों के मौसम में हजारों पर्यटक अपने निजी वाहनों से हिमाचल पहुंचते हैं। परिणामस्वरूप सड़कें जाम हो जाती हैं और पार्किंग की तलाश में लोगों का कीमती समय व्यर्थ होता है। यह स्थिति न केवल पर्यटकों के अनुभव को प्रभावित करती है, बल्कि स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को भी कठिन बना देती है।

हिमाचल की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा पर्यटन से आता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि पर्यटकों को केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, बल्कि आधुनिक और सुगम सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। कोई भी पर्यटक पहाड़ों पर घूमने आता है तो उसकी सबसे बड़ी अपेक्षा यही होती है कि उसे सुरक्षित पार्किंग, सुगम यातायात और व्यवस्थित व्यवस्था मिले। यदि यात्रा की शुरुआत ही पार्किंग की परेशानी और ट्रैफिक जाम से हो, तो पर्यटन का आनंद काफी हद तक फीका पड़ जाता है।

इस मामले में नगर निगम शिमला की ओर से स्मार्ट पार्किंग प्रणाली शुरू करने की पहल एक दूरदर्शी और स्वागतयोग्य कदम है। पर्यटक घर बैठे ही मोबाइल ऐप, नगर निगम की वेबसाइट अथवा राज्य सरकार के पोर्टल के माध्यम से पार्किंग स्लॉट अग्रिम रूप से बुक कर सकेंगे। जिस प्रकार आज होटल और टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग सामान्य बात हो गई है, उसी प्रकार पार्किंग की ऑनलाइन बुकिंग भी पर्यटन प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण बदलाव साबित हो सकती है।

स्मार्ट पार्किंग प्रणाली का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि पर्यटक शहर में प्रवेश करने से पहले ही जान सकेंगे कि किस पार्किंगस्थल पर कितनी जगह उपलब्ध है। इससे उन्हें अनावश्यक रूप से सड़कों पर चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पार्किंग की तलाश में भटकने वाले वाहनों की संख्या घटेगी, जिससे ट्रैफिक जाम कम होगा, ईंधन की बचत होगी और पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पर्वतीय शहरों में जहां हर अतिरिक्त वाहन सड़क पर दबाव बढ़ाता है, वहां इस प्रकार की तकनीकी व्यवस्था अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

नगर निगम शिमला के पास लगभग सात हजार वाहनों की पार्किंग क्षमता है। पहली नजर में यह संख्या पर्याप्त प्रतीत होती है, लेकिन समस्या क्षमता की नहीं, बल्कि उसके प्रभावी प्रबंधन की रही है। वर्तमान में नगर निगम की अधिकांश पार्किंगों में प्रतिदिन लगभग ढाई से तीन हजार स्थानीय लोगों के वाहन खड़े रहते हैं। परिणामस्वरूप जब पर्यटन सीजन में बाहरी राज्यों से आने वाले वाहन शहर पहुंचते हैं तो उन्हें पार्किंग नहीं मिलती और घंटों तक इधर-उधर भटकना पड़ता है। इससे शहर की यातायात व्यवस्था भी चरमरा जाती है।

नई स्मार्ट पार्किंग प्रणाली इस समस्या का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। यदि पार्किंग का डिजिटल प्रबंधन किया जाए, स्थानीय और पर्यटक वाहनों के लिए अलग व्यवस्था बनाई जाए तथा रियल टाइम डेटा उपलब्ध कराया जाए, तो उपलब्ध संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग संभव होगा। तकनीक के माध्यम से वही पार्किंग क्षमता कहीं अधिक उपयोगी साबित हो सकती है।

हालांकि केवल ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर देना ही पर्याप्त नहीं होगा। इस व्यवस्था की सफलता इसके सुचारु संचालन पर निर्भर करेगी। मोबाइल ऐप सरल और उपयोगकर्ता-अनुकूल हो, भुगतान प्रणाली सुरक्षित हो, पार्किंग स्थलों पर डिजिटल डिस्प्ले उपलब्ध हों तथा कर्मचारियों को भी नई तकनीक के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि तकनीकी खराबी की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध रहे, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू स्थानीय लोगों की सुविधा का भी है। नगर निगम को ऐसी नीति बनानी होगी जिसमें स्थानीय निवासियों और पर्यटकों दोनों के हितों का संतुलन बना रहे। यदि सभी पार्किंगों पर्यटकों के लिए आरक्षित कर दी जाएं तो स्थानीय लोगों को कठिनाई होगी, जबकि पूरी पार्किंग स्थानीय वाहनों से भरी रहेगी तो पर्यटन प्रभावित होगा। इसलिए संतुलित और वैज्ञानिक पार्किंग नीति समय की आवश्यकता है।

यदि शिमला में यह प्रयोग सफल होता है तो इसे हिमाचल प्रदेश के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे मनाली, धर्मशाला, मैकलोडगंज, कसौली, डलहौजी, नारकंडा और खज्जियार में भी लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि इन सभी स्थानों पर पर्यटन सीजन में पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या लगभग समान रूप से देखने को मिलती है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी

**पुसरला वेंकट सिंधु** (जन्म 5 जुलाई 1995, हैदराबाद) भारत की प्रमुख बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले वे रियो ओलंपिक 2016 में रजत पदक जीत चुकी हैं, जबकि टोक्यो ओलंपिक 2020 में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। सिंधु ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2013 में विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में पदक जीतकर इतिहास रचा।



पुसरला वेंकट सिंधु
जन्म : 5 जुलाई, 1995

सिंधु का जन्म एक खेल-प्रेमी परिवार में हुआ। उनके माता-पिता वॉलीबॉल खिलाड़ी थे, और उनके पिता पीवी रमण को अर्जुन पुरस्कार मिला है। उन्होंने आठ वर्ष की उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू किया और महबूब अली तथा बाद में पुलेला गोपीचंद से प्रशिक्षण प्राप्त किया। रियो ओलंपिक 2016 में सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें स्पेन की कैरोलिना मारिन से हारकर रजत पदक मिला। टोक्यो ओलंपिक 2020 में उन्होंने कांस्य पदक जीतकर लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने का गौरव हासिल किया।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में उन्होंने कनाडा की मिशेल ली को हराकर स्वर्ण पदक जीता और पिछली हार का बदला पूरा किया। इस जीत के साथ उन्होंने भारत के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। सिंधु ने कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जैसे इंडिया ओपन, चाइना ओपन और कोरिया ओपन में भी खिताब जीते हैं। उन्हें 2016 में राजीव गांधी खेल रत्न, 2015 में पद्मश्री और 2013 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



कविता

### नशीली जहरीली सफेद मौत

भीम बसेडू राजपूत
महादेव, जिला मंडी

**नामी** नशा जुबां पर एक ही चढ़ा, चिट्टा-चिट्टा-चिट्टा
चिट्टा खाता पीता बंदा; न देख रहा शाम न भोर,
चिट्टा अपने लिए तैयार कर रहा नशाखोर,
नशीले का स्वाद लगा-लगाकर वह है खाता-पीता,
नशा अमली है तड़प तड़प कर जीता,
सेहत गिरती; जिंदगी नापता सेंटीमीटर में फीता,
सफेद चादर ओढ़े जालिम; मौत की नींद सुला रहा चिटटा,
ऐसा करें जतन कि न हावी हो चिट्टा,
उस मां से पूछो खोया जिसने नशेड़ी लाल,
राम जाने; अब अकेलेपन का पल-पल कैसे बीता,
आओ मिलकर करें नशा भंडारण पर करारी चोट,
नशा भगाएं जिंदगी बचाएं; यहां वहां न मिले यह खोट।।

# ...जब बीज बने गहने और जंगल बने जौहरी

कल्पना कीजिए एक ऐसे समय की, जब किसी आभूषण की चमक सोने-चांदी से नहीं, बल्कि जंगलों की हरियाली से आती थी। जब किसी हार की कीमत उसकी धातु नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपी प्रकृति, आस्था और लोकज्ञान तय करते थे।



डॉ. तारा देवी सेन
सहायक प्रोफेसर, वनस्पति शास्त्र
वल्लभ महाविद्यालय, मंडी
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जब फूलों की महक, बीजों की चमक और पत्तों की सादगी ही मनुष्य का सबसे सुंदर शृंगार हुआ करती थी। एक समय था जब पहाड़ों के बच्चे जंगलों और खेतों से रंग-बिरंगे बीज, जंगली फूल और पत्तियां चुनकर स्वयं अपने हार, कंगन और मुकुट बनाया करते थे। यह केवल एक खेल नहीं था, बल्कि प्रकृति को समझने, उससे जुड़ने और उसका सम्मान करना सीखने का सहज माध्यम भी था। आज मोबाइल और कृत्रिम खिलौनों के दौर में यह परंपरा लगभग विलुप्त हो चुकी है। आज पूरी दुनिया टिकाऊ फैशन और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली की बात कर रही है लेकिन हिमालय के गांवों ने यह जीवन-दर्शन सदियों पहले ही अपना लिया था। प्रकृति उनके लिए केवल भोजन, औषधि और ईंधन का स्रोत नहीं थी; वही उनकी जौहरी भी थी।

हमारे प्रदेश के लोग बीजों, फूलों, घास, बांस, रेशों और वन उपज से ऐसे सुंदर आभूषण बनाते थे, जो देखने में आकर्षक होने के साथ-साथ प्रकृति के प्रति सम्मान का भी प्रतीक थे। आज जिसे दुनिया ईको-फ्रेंडली ज्वेलरी कहकर अपना रही है, वह कभी पहाड़ों की सहज जीवनशैली का हिस्सा थी। मंडी जिले में किए गए मेरे हालिया नृवंश-वनस्पति अध्ययन के दौरान ऐसे 33 पौधों का दस्तावेजीकरण किया गया, जो बताते हैं कि हिमालय के जंगल केवल औषधियों और भोजन के भंडार ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक आभूषणों के भी अनमोल खजाने हैं। इनका उपयोग परंपरागत रूप से आभूषण बनाने में किया जाता रहा है। यह केवल पौधों की सूची नहीं, बल्कि उस लोकज्ञान की कहानी है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी बिना किसी पुस्तक के जीवित रहा।

'छोटी काशी' के नाम से प्रसिद्ध मंडी सदियों से धर्म, संस्कृति और व्यापार का संगम रही है। इसके मंदिरों, प्राचीन व्यापारिक मार्गों और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिवरात्रि मेले ने अनेक संस्कृतियों को जोड़ा। इन्हीं रास्तों से ऊन, औषधीय पौधों और हस्तशिल्प के साथ-साथ पवित्र मालाएं और प्राकृतिक आभूषण भी यहां पहुंचते रहे। इस आदान-प्रदान ने स्थानीय शिल्पकला को नई पहचान दी। वनस्पति स्रोतों से प्राप्त आभूषण सामग्री में सबसे अद्भुत है वजयंतीमाला (जॉब्स टीयर्स) के बीज। वजयंतीमाला के कठोर और चमकदार बीजों में प्रकृति स्वयं छेद बना देती है। न इन्हें तराशने की आवश्यकता होती है, न ही छेद करने की। मानो प्रकृति ने स्वयं इन्हें माला बनने के लिए तैयार किया हो। लगभग दो हजार वर्ष पुराने पुरातात्विक प्रमाण बताते हैं कि इन बीजों से बने हार प्राचीन सभ्यताओं की शोभा बढ़ाते थे। आज भी धार्मिक आस्था और पर्यावरण-अनुकूल आभूषणों की बढ़ती मांग के कारण इनकी लोकप्रियता फिर बढ़ रही है।



इसी प्रकार के चमकदार काले बीज प्राकृतिक मोतियों जैसे दिखाई देते हैं, जबकि गुंजा के लाल-काले बीजों ने सदियों तक भारतीय आभूषणों को रंग दिया। इन्हीं बीजों के आधार पर विकसित हुई 'रत्ती' कभी सोने और रत्नों को तौलने की मानक इकाई थी। प्रकृति की कल्पनाशीलता यहीं समाप्त नहीं होती।

बांस से बने हल्के पेंडेंट, जंगली खजूर के रेशों से तैयार आभूषण एवं सजावटी वस्तुएं और कभी जंगलों में आग का कारण मानी जाने वाली चीड़ की सूइयों से बनाए जा रहे आधुनिक आभूषण इस बात के उदाहरण हैं कि यदि दृष्टि बदल जाए तो समस्या भी अवसर बन सकती है। आज कई स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण महिलाएं इन्हीं चीड़ की सूइयों से आकर्षक आभूषण बनाकर आजीविका अर्जित कर रही हैं। इसी तरह फूल भी केवल पूजा की थाली या बगीचे की शोभा नहीं थे। चमेली, गेंदा, गुलाब, कमल और अनेक जंगली फूलों से बने शृंगार विवाहों, मेलों और पर्वों की पहचान हुआ करते थे। प्रकृति कभी केवल देखने की वस्तु नहीं थी, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा थी। वनस्पति-आधारित आभूषणों का आध्यात्मिक महत्व भी गहरा है। रुद्राक्ष, तुलसी, कमल के बीज, वजयंतीमाला, चंदन और अरलू (ओरोक्साइलम इंडिकम) के बीज आस्था, संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान के प्रतीक हैं। आज जब दुनिया प्लास्टिक आधारित फैशन के विकल्प खोज रही है, तब हिमालय की यह विरासत नए अवसर प्रदान करती है। आधुनिक डिजाइन, ब्रांडिंग और डिजिटल विपणन के माध्यम से प्राकृतिक आभूषण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई पहचान दे सकते हैं।

मंडी के 500 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस विरासत को पुनर्जीवित करने की दिशा में रोटरी क्लब मंडी द्वारा संतोष सचदेवा के मार्गदर्शन में महिलाओं और विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों से पर्यावरण-अनुकूल आभूषण बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल स्वरोजगार, जैव विविधता संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण को बढ़ावा दे रही है। यदि इन आभूषणों को 'मेड इन मंडी' की पहचान के साथ देश-विदेश तक पहुंचाया जाए, तो यह जिले की नई सांस्कृतिक पहचान बन सकती है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# रैफरल अस्पताल का रोग : मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं को तरसता संधोल

मंडी जिले के धर्मपुर उपमंडल में स्थित संधोल क्षेत्र अपनी समृद्ध खेल, शिक्षा और सैन्य परंपरा के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता है। 'वॉलीबॉल नर्सरी' के नाम से प्रसिद्ध इस क्षेत्र ने देश को राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं और आज भी प्रदेश स्तरीय तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी कर अपनी क्षमता का परिचय देता है लेकिन विडंबना यह है कि जिस क्षेत्र ने खेल, शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई, वही क्षेत्र आज बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर है।



ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, मंडी (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लगभग 30 हजार की आबादी की स्वास्थ्य सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाला 100 बिस्तरों का नागरिक अस्पताल आज स्वयं सरकारी उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है। संधोल अस्पताल को नागरिक अस्पताल का दर्जा तो वर्षों पहले मिल गया, नया बहुमंजिला भवन भी तैयार हो गया, लेकिन सुविधाओं के नाम पर तस्वीर आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी ही है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट और मेडिसिन विशेषज्ञ जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। परिणामस्वरूप अधिकांश मरीजों को प्राथमिक उपचार देकर सीधे हमीरपुर मेडिकल कॉलेज या टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। क्षेत्र के लोगों की पीड़ा यही है कि अस्पताल में इलाज कम और रेफरल ज्यादा होता है। इसलिए लोगों ने इसे 'रेफरल अस्पताल' कहना शुरू कर दिया है। स्थिति सबसे अधिक गंभीर तब हो जाती है जब किसी गर्भवती महिला को सामान्य जांच के लिए भी कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है या किसी दुर्घटना, हृदयाघात, लकवा अथवा सर्पदंश जैसी आपातकालीन स्थिति में मरीज को समय पर उपचार मिलने के बजाय रेफरल पर्ची थमा दी जाती है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीजों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जब जीवन और मृत्यु के बीच हर मिनट महत्वपूर्ण होता है, तब स्वास्थ्य व्यवस्था की यह कमजोरी किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है।



वर्ष 2023 में क्षेत्र की मातृशक्ति ने कड़ाके की ठंड में 26 दिनों तक क्रमिक भूख हड़ताल कर अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई थी। उस समय सरकार की ओर से 90 दिनों के भीतर आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्षों बाद भी हालात नहीं बदले।

अब एक बार फिर क्षेत्र के युवा, महिलाएं, सामाजिक संगठन और पंचायतें सड़क पर उतरने को मजबूर हैं। 28 जून से शुरू हुआ आंदोलन और अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल केवल अस्पताल की मांग नहीं, बल्कि वर्षों की उपेक्षा के खिलाफ जनता का आक्रोश है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अस्पताल की इमारत मौजूद है, 100 बिस्तरों की क्षमता है और नागरिक अस्पताल का दर्जा भी प्राप्त है, तो फिर विशेषज्ञ चिकित्सकों और आधुनिक जांच सुविधाओं की व्यवस्था क्यों नहीं हो पा रही? केवल भवन बनाकर अस्पताल का उद्घाटन कर देना पर्याप्त नहीं होता।

अस्पताल भवन से नहीं, बल्कि विशेषज्ञ डॉक्टरों, आधुनिक जांच सुविधाओं, पर्याप्त स्टाफ और आवश्यक दवाइयों से सार्थक बनता है। यदि हर गंभीर मरीज को रेफर ही करना पड़े, तो 100 बिस्तरों वाले अस्पताल का उद्देश्य ही अधूरा रह जाता है। संधोल की जनता का आंदोलन किसी राजनीतिक मुद्दे का नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा का संघर्ष है। अब सरकार और स्वास्थ्य विभाग को आश्वासनों से आगे बढ़कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, अल्ट्रासाउंड सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी, ताकि संधोल का नागरिक अस्पताल वास्तव में इलाज का केंद्र बने, सिर्फ रेफरल का नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पंजाब में 'आप' की गिरती पकड़ और भाजपा का बढ़ता प्रभाव : क्या बंगाल की पुनरावृत्ति?

पंजाब ने 2022 में ऐतिहासिक बदलाव देखा। आम आदमी पार्टी (आप) ने 117 में से 92 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया। 'बदलाव' का नारा, भगवंत मान का चेहरा और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वादा -सबने मिलकर कांग्रेस-अकाली दल के दशकों पुराने गढ़ ढहा दिए पर दो साल बाद तस्वीर बदल रही है।



डॉ. कौमार्या मनोज
शिक्षा विशेषज्ञ
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

2024 लोकसभा में 'आप' सिर्फ 3 सीटों पर सिमटी, जबकि भाजपा का वोट शेयर 7.5% से बढ़कर 18.5% हो गया। शहरी इलाकों में भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है -क्या पंजाब में भी 'पश्चिम बंगाल 2021' जैसी पटकथा लिखी जा रही है?

'आप' की सबसे बड़ी पूंजी 'साफ छवि' और 'मुफ्त बिजली-स्वास्थ्य' मॉडल था। 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिली, पर उद्योगों को महंगी बिजली और पावर कट ने नाराज किया। कागजों पर मोहल्ला क्लीनिक खुले इसलिए डॉक्टरों-अस्पतालों की कमी दूर नहीं हुई। कानून-व्यवस्था सबसे बड़ा सिरदर्द बनी। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड, खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल की घटना और आए दिन गैंगवार ने 'रंगला पंजाब' के दावे को कमजोर किया। किसानों को एमएसपी गारंटी का वादा था, पर केंद्र से टकराव में किसान फिर सड़क पर हैं। रेत-बजरी माफिया, नशा तस्करी पर 'जीरो टॉलरेंस' का वादा कागजों तक सीमित रहा। नतीजा-शहरी मध्यवर्ग और व्यापारी वर्ग आप से दूर हो रहा है। पंजाब में भाजपा कभी 23 सीटों से ज्यादा नहीं जीत पाई। अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद उसे 'शहरी हिंदू पार्टी' कहा गया पर 2024 के बाद समीकरण बदले हैं। प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा, राम मंदिर, अनुच्छेद 370 और 'सर्जिकल स्ट्राइक' का नैरेटिव पंजाब के युवाओं में असर डाल रहा है। आज का युवा समझदार है टैलेंटेड है, तकनीकी समझदारी भी है, इसलिए अब युवा खोखले वादों में नहीं आने वाला। उस पर ये केंद्र की योजनाएं-किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत-सीधे लाभार्थी तक पहुंचीं और बिचौलिए का काम खतम। 'विकसित भारत' और 'मजबूत नेता' की छवि ने भाजपा को 'विकल्प' बनाया। कैप्टन अमरिंदर सिंह, सुनील जाखड़, रवनीत बिट्टू जैसे कद्दावर नेताओं के आने से पार्टी को ग्रामीण-सिख चेहरा भी मिला। लुधियाना, जालंधर, अमृतसर में भाजपा का वोट 25% पार कर गया -यह खतरे की घंटी है आप के लिए। पश्चिम बंगाल में 2019 लोकसभा में भाजपा 2 से 18 सीटों पर पहुंची। 'जय श्री राम' बनाम 'खेला होबे' की लड़ाई में टीएमसी को लग रहा था कि मुकाबला नहीं है पर भाजपा ने 77 सीटें जीत लीं। पंजाब में भी आप 2024 तक यही सोच रही थी कि 'पंजाब में मोदी नहीं चलता' पर जमीनी हकीकत बदल गई। बंगाल की तरह पंजाब में भी भाजपा 'राष्ट्रवाद + भ्रष्टाचार' के मुद्दे पर आक्रामक है।



हिंदू-सिख ध्रुवीकरण की कोशिशें हो रही हैं। केंद्र-राज्य टकराव को भाजपा 'विकास में बाधा' बताकर भुना रही है। 'आप' के कई विधायक-नेता असंतुष्ट हैं, दल-बदल की सुगबुगाहट है। कइयों ने पार्टी चेंज भी कर लिया, पहले हीं 7 संसद पार्टी छोड़कर बीजेपी की शरण में जा चुके हैं। भगवंत मान की निजी लोकप्रियता पहले की तुलना में गिरी है। पार्टी का जनाधार तेजी से घटा है, परंतु गौर करने वाली बात है कि पंजाब, बंगाल नहीं है। समानता के बावजूद फर्क भी हैं। बंगाल में भाजपा का संगठन 10 साल से जमीन पर था।

एक तो पंजाब में अभी बूथ लेवल कमजोर है। दूसरा, पंजाब में 'पंथक वोट' निर्णायक है, जो अभी भी आप या कांग्रेस-अकाली के साथ है। 2027 के विधानसभा चुनाव 'आप' के लिए 'करो या मरो' होंगे। अगर कानून-व्यवस्था नहीं सुधरी, नशा और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगी, तो भाजपा 'बंगाल मॉडल' दोहरा सकती है यानी 3 से 30-40 सीटों तक की छलांग। पंजाब का मतदाता प्रयोगधर्मी है। 2017 से पहले अकाली दल, फिर 2017 में कांग्रेस, 2022 में आम आदमी पार्टी - उसने बदलाव किया। अगर आम आदमी पार्टी 'डिलीवरी' नहीं दे पाई, तो 2027 में वह 'कमल' भी खिला सकता है। राजनीति में स्थायी कुछ नहीं होता- न करिश्मा, न पतन। फैसला जमीन पर होगा, नारों से नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# वृक्षारोपण को हर उत्सव और परिवार की संस्कृति का हिस्सा बनाएं

'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ' केवल एक नारा नहीं, बल्कि आज के दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ता प्रदूषण, अंधाधुंध कटते जंगल, जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ता तापमान मानव अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। यदि समय रहते प्रकृति के संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और संतुलित पर्यावरण के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। ऐसे समय में वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि जीवन बचाने का सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी माध्यम है। इसलिए अब वृक्षारोपण को केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित रखने के बजाय समाज के प्रत्येक उत्सव और प्रत्येक परिवार की संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा।



अजय पटियाल
प्रवक्ता रसायन विज्ञान
रावमापा गढ़ जमूला
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विद्यार्थी किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और भविष्य के निर्माता होते हैं। यदि बचपन से ही उनमें प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव विकसित किया जाए, तो वे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के सच्चे प्रहरी बन सकते हैं। आज बच्चे मोबाइल, इंटरनेट और डिजिटल दुनिया में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं, जिससे उनका प्रकृति से जुड़ाव कम होता जा रहा है। विद्यालयों और परिवारों का दायित्व है कि वे बच्चों को पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने और उन्हें वृक्ष बनते देखने का अवसर दें। जब कोई बच्चा अपने हाथों से लगाया पौधा बड़ा होते देखता है, तो उसके भीतर प्रकृति के प्रति आत्मीयता और संरक्षण की भावना स्वत: विकसित होती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, गृह प्रवेश, परीक्षा में सफलता, नौकरी लगने या किसी भी शुभ अवसर पर एक पौधा लगाने की परंपरा शुरू की जाए। जिस प्रकार हम मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा करते हैं, उसी प्रकार पौधे भेंट कर भी उत्सव को यादगार बनाया जा सकता है। यदि प्रत्येक परिवार हर वर्ष केवल दो या तीन पौधे भी लगाए और उनका संरक्षण करे, तो कुछ ही वर्षों में देश के पर्यावरण में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई देगा। वृक्षारोपण का वास्तविक उद्देश्य केवल पौधा लगाना नहीं, बल्कि उसे जीवित रखना और वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करना भी है।



भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भी युवाओं से अधिकाधिक वृक्ष लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया था। उनका विश्वास था कि हर नागरिक यदि अपने जीवन में कुछ वृक्ष लगाए, तो भारत को हरित, स्वच्छ और समृद्ध बनाया जा सकता है। भारतीय संस्कृति में भी वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पीपल, वट, नीम और तुलसी जैसे वृक्ष केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण की हमारी प्राचीन जीवनशैली के प्रमाण हैं।

वृक्ष हमें शुद्ध ऑक्सीजन, फल, छाया, औषधियां और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर प्रदूषण कम करते हैं, वर्षा च, को संतुलित रखते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं तथा जैव विविधता को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वास्तव में वृक्ष पृथ्वी की सांस हैं और इनके बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना संभव नहीं। आइए, हम संकल्प लें कि जीवन के हर उत्सव को वृक्षारोपण से जोड़ेंगे, क्योंकि एक पौधा केवल धरती को हराभरा नहीं बनाता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण, सुरक्षित भविष्य और स्वस्थ जीवन का अमूल्य उपहार भी देता है। यही प्रकृति के प्रति हमारी सच्ची जिम्मेदारी और सबसे सुंदर श्रद्धांजलि होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## फुटबॉल की हॉट क्वीन 'अलीशा'

फुटबॉल की दुनिया की सबसे हॉट स्टार अलीशा लेहमन, अब फिर से इंग्लैंड में जर्सी पहनने आ गई हैं। 27 साल की स्विट्जरलैंड की यह स्टार, जिन्हें अक्सर दुनिया की सबसे सेक्सी फुटबॉलर कहा जाता है, ने लेस्टर सिटी विमेन के साथ दो साल छह महीने का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है।



# जर्मनी-नीदरलैंड को हराकर गरजा भारत प्रो लीग ने बढ़ाया विश्व कप का भरोसा

## एफआईएच प्रो लीग में भारत का दमदार अंत, विश्व कप से पहले दिखाई चैंपियन वाली लय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एफआईएच प्रो लीग 2025–26 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह संकेत दिया कि वह विश्व कप और एशियाई खेलों जैसे बड़े टूर्नामेंटों से पहले सही समय पर अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में पहुंच रही है। यूरोपीय चरण में भारत ने मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड को हराया, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ दोनों मुकाबलों में कड़ी टक्कर दी।

भारत का अभियान तीन चरणों में आगे बढ़ा। राउरकेला में घरेलू चरण के दौरान टीम को बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इसके बाद होबार्ट में भारतीय टीम ने अपने खेल में उल्लेखनीय सुधार दिखाया। स्पेन के खिलाफ शुरुआती हार के बाद ऑस्ट्रेलिया और स्पेन के खिलाफ ड्रॉ खेला, हालांकि दोनों शूटआउट हार गई। अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शूटआउट जीतकर टीम ने आत्मविश्वास हासिल किया। इस चरण में भारतीय रक्षा पंक्ति प्रभावी रही और चार मैचों में केवल छह गोल खाए। यूरोपीय दौरे में भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन को नई ऊंचाई दी।



रॉटरडैम में जर्मनी को 3–1 और नीदरलैंड को 3–2 से हराकर भारत ने यादगार जीत दर्ज की। मजबूत रक्षात्मक टीमों के खिलाफ चार मैचों में नौ गोल करना इस बात का प्रमाण रहा कि भारत अब केवल पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भर नहीं है, बल्कि खुले खेल में भी लगातार गोल करने में सक्षम है।

लंदन चरण में भी भारत निर्धारित समय में अपराजित रहा। पाकिस्तान के खिलाफ दोनों मुकाबले जीतने के साथ एक मैच में 7–1 की बड़ी जीत दर्ज की। इंग्लैंड के खिलाफ दोनों मैच ड्रॉ रहे, जिनमें एक शूटआउट भारत ने अपने नाम किया। इस चरण में टीम ने चार मैचों में 13 गोल किए, जबकि विपक्षी टीमों को केवल छह गोल करने दिए।

यूरोपीय चरण में दिलप्रीत सिंह और जुगराज सिंह ने चार-चार गोल किए, जबकि अभिषेक, सुखजीत सिंह और नीलकांत शर्मा ने तीन-तीन गोल दागे। कई खिलाड़ियों का योगदान भारतीय आक्रमण की बढ़ती मजबूती और संतुलन का संकेत रहा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि जर्मनी और नीदरलैंड जैसी टीमों पर जीत से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और टीम ने साबित किया है कि सही रणनीति के साथ वह किसी भी प्रतिद्वंद्वी को चुनौती दे सकती है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी कहा कि मजबूत रक्षा, नियंत्रित मिडफील्ड और प्रभावी फॉरवर्ड लाइन ने टीम को संतुलित बनाया है, हालांकि अभी भी सुधार की गुंजाइश बनी हुई है।

अंकतालिका भले ही पूरे अभियान की तस्वीर न दिखाए, लेकिन भारतीय टीम का लगातार बेहतर होता प्रदर्शन स्पष्ट करता है कि वह बड़े टूर्नामेंटों के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

# विश्व कप में मेस्सी का 20वां गोल गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे

**एजेंसी, मियामी गार्डन्स**



अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी ने फीफा विश्व कप में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। केप वर्दे के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गोल दागकर उन्होंने विश्व कप करियर के 20 गोल पूरे कर लिए। इसके साथ ही अर्जेंटीना ने अतिरिक्त समय में 3–2 से जीत दर्ज कर अंतिम–16 में जगह पक्की कर ली। मेस्सी इस विश्व कप में अब तक सात गोल कर चुके हैं और गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं।

मेस्सी ने मैच के 29वें मिनट में शानदार फिनिश के साथ गोल किया। हालांकि मुकाबले के दौरान उन्हें सिर पर चोट भी लगी, लेकिन मैच के बाद उन्होंने कहा कि दर्द जरूर है, लेकिन वह पूरी तरह ठीक हैं। पिछले आठ विश्व कप मुकाबलों में मेस्सी 12 गोल कर चुके हैं और उनका शानदार फॉर्म 2022 विश्व कप से लगातार जारी है। गोल्डन बूट की दौड़ में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे छह गोल के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि इंग्लैंड के हैरी केन और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड ने पांच-पांच गोल किए हैं। फ्रांस के उस्मान डेम्बेले, स्पेन के मिकेल ओयारजाबाल और ब्राजील के विनिसियस जूनियर चार-चार गोल के साथ पीछे चल रहे हैं।

मेस्सी ने अब तक अपने करियर में कभी विश्व कप का गोल्डन बूट नहीं जीता है। 2022 विश्व कप में वह सात गोल के साथ एमबाप्पे से एक गोल पीछे रह गए थे। यदि इस बार गोलों की संख्या बराबर रहती है तो फीफा पहले गोल असिस्ट और फिर मैदान पर बिताए गए कम समय के आधार पर विजेता तय करेगा। फिलहाल असिस्ट के मामले में एमबाप्पे को बढ़त हासिल है, लेकिन गोलों की दौड़ में मेस्सी सबसे आगे बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### दीक्षा खिताब की दौड़ में चारों भारतीयों ने किया कट में प्रवेश

**एजेंसी, हुलेनकोर्ट (बेल्जियम)।** दीक्षा डागर खिताब की दौड़ में बनी हुई है और भारत की चारों गोल्फर ने हुलेनकोर्ट महिला ओपन के कट में प्रवेश कर लिया। दीक्षा कल रात बढ़त पर थी लेकिन इवन पार 72 का स्कोर करके संयुक्त तीसरे स्थान पर खिसक गई। उन्होंने तीन बर्डी लगाये लेकिन तीन बोगी भी किये। भारत की अदिति अशोक ने भी लेडीज यूरोपीय टूर पर प्रभावी वापसी करके संयुक्त आठवां स्थान हासिल कर लिया। अवनि प्रशांत संयुक्त 18वें स्थान पर है जबकि प्रणवी उर्स संयुक्त 56वें स्थान पर है। स्पेन की कैरोलिना चाकारा ने सात अंडर 65 और कुल नौ अंडर स्कोर करके बढत बना ली है।

### हैरी केन रहे विश्व कप के सबसे प्रभावी खिलाड़ी: बाईचुंग भूटिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व फुटबॉल कप्तान बाईचुंग भूटिया ने इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन को मौजूदा फीफा विश्व कप का अब तक का सबसे प्रभावी खिलाड़ी बताया है। उनका मानना है कि केन ने अपनी टीम की सफलता में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे से भी अधिक योगदान दिया है।



इंग्लैंड ने ग्रुप चरण में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अंतिम-16 में जगह बनाई। केन ने टीम के आठ में से पांच गोल किए हैं और गोल करने वालों की सूची में मेस्सी (आठ) और एमबाप्पे (सात) के बाद तीसरे स्थान पर हैं। भूटिया ने कहा कि केन ने कठिन मुकाबलों में टीम की जिम्मेदारी उठाई और निर्णायक मौकों पर गोल किए। उनके अनुसार यदि इंग्लैंड फाइनल तक पहुंचता है तो केन गोल्डन बॉल और गोल्डन बूट दोनों पुरस्कारों के प्रबल दावेदार होंगे। उन्होंने फ्रांस, स्पेन, अर्जेंटीना और इंग्लैंड को अब तक की चार सबसे प्रभावशाली टीमें बताया तथा फ्रांस को खिताब का सबसे मजबूत दावेदार माना। सर्वकालिक महान खिलाड़ी की बहस पर भूटिया ने कहा कि उनके लिए ब्राजील के महान स्ट्राइकर रोनाल्डो, मेस्सी, रोनाल्डो, माराडोना और पेले से भी आगे हैं। (अनंत ज्ञान)

### धोखाधड़ी के आरोपों पर ब्लादीमिर क्रामनिक एक साल के लिए निलंबित

**एजेंसी, बिलिंग्स।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने पूर्व विश्व चैंपियन ब्लादीमिर क्रामनिक को कम से कम एक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया है। फिडे का कहना है कि क्रामनिक ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की सहित कुछ खिलाड़ियों



पर बिना पर्याप्त सबूत के सार्वजनिक रूप से धोखाधड़ी के आरोप लगाए, जो महासंघ के साइबर बुलिंग संबंधी नियमों का उल्लंघन है। महासंघ ने स्पष्ट किया कि शतरंज में धोखाधड़ी रोकना उसकी प्राथमिकता है, लेकिन किसी भी शिकायत की जांच तय प्रक्रिया और ठोस साक्ष्यों के आधार पर ही की जानी चाहिए। क्रामनिक ने इस फैसले को अवैध बताते हुए कहा है कि वह इसके खिलाफ कानूनी चुनौती देंगे। उनका दावा है कि वह अपनी प्रतिष्ठा बहाल करने के लिए सभी उपलब्ध कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेंगे। दूसरी ओर, नारोदित्स्की पहले ही इन आरोपों को खारिज कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# एरियास के गोल की बदौलत घाना को 1–0 से हराकर कोलंबिया अंतिम 16 मे

**एजेंसी, कंसास सिटी**

जोन एरियास ने शुरूआती मिनटों में लुई सुआरेस के क्रॉस पर गोल किया और इसी एक गोल के दम पर कोलंबिया ने भीषण गर्मी के बीच घाना को हराकर विश्व कप के अंतिम 16 में जगह बना ली। कोलंबिया का सामना अब मंगलवार को वैंकूवर में स्विटजरलैंड से होगा। मैच शुरू होने के कुछ मिनट के भीतर ही कोलंबिया के फॉरवर्ड जोन कोरडोबा को जांघ के पीछे की मांसपेशी में चोट लग गई जिसके बाद कोच नेस्टर लोरेंजो को सुआरेज को बुलाना पड़ा। यह इंटर मियामी के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी सुआरेज नहीं बल्कि स्पोर्टिंग सीपी के लिये खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने आते ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी और 14वें मिनट में डेनियल मुनोज से गेंद लेकर एरियास को जबर्दस्त क्रॉस दिया जिन्होंने घाना के गोलकीपर लारेंस एटि जिगि को छकाकर गोल कर दिया।



करीब 32 डिग्री सेल्सियस तापमान में खेले गए इस मैच की शुरूआत स्थानीय समयानुसार 8.30 पर हुई। कई मैचों में विवादित रहे 'हाइड्रेशन ब्रेक' इस मैच में खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हुई क्योंकि पानी की कमी व थकान हो रही थी। कोलंबिया ने ग्रुप चरण में सिर्फ एक गोल गंवाया था जिसमें उसने उजबेकिस्तान और कांगो को हराने के अलावा पुर्तगाल से ड्रॉ खेला था। दो दशक में पहली बार पिछले साल अफ्रीका नेशंस कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही घाना की टीम ने इंग्लैंड और क्रोएशिया जैसे दिग्गजों से भरे ग्रुप में रहने के बावजूद नॉकआउट में जगह बनाकर अपने आलोचकों को गलत साबित कर दिया था। कोलंबिया के खिलाफ घाना ने 8 शॉट लिए, लेकिन एक भी गोल पर नहीं था। (अनंत ज्ञान)

# फीफा विश्व कप से बाहर होकर भी हीरो बना केप वर्डे

## अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय तक दी कड़ी टक्कर, संघर्ष और साहस की लिखी अविस्मरणीय गाथा

**एजेंसी, मियामी**

फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 16 में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में हार के बावजूद केप वर्डे ने दुनिया को यह संदेश दिया कि जज्बा और आत्मविश्वास के दम पर छोटे देश भी फुटबॉल की सबसे बड़ी ताकतों को चुनौती दे सकते हैं।

महज पांच लाख से कुछ अधिक आबादी वाले अफ्रीका के पश्चिमी तट के छोटे द्वीपीय देश केप वर्डे ने विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय तक कड़ी टक्कर दी। आखिरकार 111वें मिनट में डिने बोर्गेस के आत्मघाती गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने 3–2 से जीत दर्ज की।

मैच के बाद केप वर्डे के डिफेंडर पिको लोप्स ने कहा कि उनकी टीम ने दुनिया को दिखा दिया है कि छोटे देशों के लिए भी कुछ असंभव नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'हम यह दिखाना चाहते थे कि छोटे देश भी बड़े सपने देख सकते हैं। अगर दिल बड़ा हो और विश्वास मजबूत हो, तो कुछ भी संभव है।



### अब वर्डे को जानती है दुनिया

**आयरलैंड** के क्लब शैमरॉक रोवर्स से खेलने वाले पिको लोप्स ने कहा कि इस विश्व कप ने केप वर्डे को वैश्विक पहचान दिलाई है। अब किसी को यह पूछने की जरूरत नहीं पड़ेगी कि केप वर्डे कहां है। दुनिया अब हमारे देश और हमारी टीम को जानती है। हमने आने वाली पीढ़ी के लिए रास्ता दिखाया है।

### वोजिन्हा बने विश्व कप के स्टार

40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा विश्व कप के सबसे चर्चित खिलाड़ियों में शामिल रहे। स्पेन के खिलाफ पहले मैच में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स की संख्या करीब 50 हजार से बढ़कर 1.9 करोड़ से अधिक हो गई। उन्होंने कहा, 'विश्व कप में खेलना हमारे पूरे देश का सपना था। हम अगले दौर में पहुंचना चाहते थे, लेकिन हमें अपने प्रदर्शन पर गर्व है। हमने विश्व चैंपियन के खिलाफ पूरी ताकत से मुकाबला किया और सिर ऊंचा रखकर मैदान से लौट रहे हैं।

### दो बार की बराबरी, अंत तक लड़ाई

**लियोनेल** मेसी के शानदार गोल से पिछड़ने के बाद भी केप वर्डे ने हार नहीं मानी। डेरॉय डुआर्टे ने दूसरे हाफ में बराबरी का गोल कर मैच को अतिरिक्त समय तक पहुंचाया। इसके बाद अर्जेंटीना के लिए लिसांद्रो मार्टिनेज ने फिर बढ़त दिलाई, लेकिन सिडनी लोप्स कैब्रल के शानदार गोल ने एक बार फिर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। आखिरकार डिने बोर्गेस का आत्मघाती गोल केप वर्डे के सपनों को तोड़ गया।

# ममता को एक और झटका, बंगाल टीएमसी अध्यक्ष चंद्रिमा ने सभी पदों से दिया इस्तीफा



**एजेंसी, कोलकाता।** अब तृणमूल कांग्रेस की दिग्गज नेता और ममता बनर्जी की बेहद करीबी मानी जाने वालीं चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी शनिवार को पार्टी के राज्य अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। तीन जून को ही उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन मात्र एक महीने के भीतर ही उन्होंने पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को पत्र लिखकर इस पद के साथ–साथ सभी सांगठनिक जिम्मेदारियों से खुद को मुक्त कर लिया है। चंद्रिमा ने न केवल अध्यक्ष पद छोड़ा है, बल्कि पार्टी के बैंक खातों से जुड़े अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की भूमिका और चुनाव आयोग के समक्ष पार्टी का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी से भी अपना नाम वापस ले लिया है।

इस इस्तीफे के पीछे की मुख्य वजह उनके पुत्र सौरव बसु का हाल ही में ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले 'बागी' गुट में शामिल होना माना जा रहा है। इस्तीफे के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंद्रिमा ने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी से कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं है, लेकिन जिस तरह से उनके कार्यों और निष्ठा पर सवाल उठाए गए, उसके बाद उनका बने रहना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि जब विश्वसनीयता ही सवालों के घेरे में हो, तो उस स्थिति में वापसी का कोई प्रश्न नहीं उठता। वहीं, ऋतब्रत बनर्जी ने इस घटनाक्रम पर कटाक्ष करते हुए तृणमूल को 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' करार दिया है। ममता खेमे के लिए यह इस्तीफा एक बड़े संकट के रूप में देखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली दंगा मामला: खालिद व शरजील की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद और शरजील इमाम की नई जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत आज ही इस पर आदेश सुना सकती है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व आदेशों और हाल के फैसलों का हवाला देते हुए अपने–अपने तर्क रखे। उमर खालिद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिदीप पेस ने कहा कि हालिया सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले ने पहले की जमानत अस्वीकृति पर सवाल उठाए हैं और अब एक वर्ष बाद नई जमानत याचिका दाखिल करने की शर्त लागू नहीं होती। वहीं शरजील इमाम के वकील तालिब मुस्तफा ने दलील दी कि समान मामलों में कई सह–आरोपितों को जमानत मिल चुकी है, जबकि मुकदमे की सुनवाई में भी कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस ने अदालत से कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट की बड़ी पीठ कोई नया निर्देश नहीं देती, तब तक पूर्व आदेश प्रभावी रहेगा और ट्रायल कोर्ट उसमें बदलाव नहीं कर सकती। मामले में यूएपीए के तहत 18 आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत गलू विकासखंड चौन्तडा, जिला मंडी (हि.प्र)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत गलू मे वित्त वर्ष 2026 27 के विकासकार्यों हेतु सामग्री ली जानी हैं, सामग्री खरीदने व ढुलाई निविदा ग्राम पंचायत गलू मोहर बंद लिफाफे में आमंत्रित करती हैं। निविदाएं 13 जुलाई 2026 को 5:00 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 14 जुलाई 2026 को सुबह 11:00 बजे खोली जाएगी।
सामग्री सप्लाई जहां तक सड़क सुविधा होगी पहुंचानी होगी, दर वहीं तक मान्य होगी
सामग्री का विवरण :1. क्रेशर 10, 20, 40 mm, 2. गटका बोल्डर , 3. पत्थर,साइन बोर्ड , 4. JCB शटरिंग, 5. रेता समुधा, 6. सरिया एंगल, पाइप, लोहा व प्लास्टिक चादर, तार इत्यादि
नियम और शर्तें 1. निविदादात्ता पंजीकृत होना चाहिए , 2. सामग्री व ढुलान प्राप्त निविदादाता के पास TIN और जीएसटी नंबर होना अनिवार्य हैं, 3. निविदा बंद लिफाफे में मोहर बंद होनी चाहिए, 4. निविदा फॉर्म शुल्क ₹1000 देना होगा, 5. निविदादाता को मूल्य 20,000/- रुपए की बंधित (FD) राशि देनी होगी

प्रधान
ग्राम पंचायत गलू

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनाह-धिन्नी**
**विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनाह-धिनी विकास खण्ड पच्छाद जिला सिरमौर हि.प्र. द्वारा वितीय वर्ष 2026-2027 में विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री पूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
**सामग्री का विवरण** - रेत, बजरी, ईंट, फायर ब्रिकस गटका, मिक्सचर, शटरिंग, जेसीबी मशीन, ब्रेकर, सरिया, सीमेंट, कैरिज, दरबाजे, खिड़कियां, सेनिटेशन सामग्री व फिटिंग बिजली सामग्री व फिटिंग पाईप एंगल इत्यादि इच्छुक व्यक्ति अपनी कोटेशन दिनांक 10.07.26 सायं 4.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बनाह धिन्नी में जमा करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। सामान व अन्य किसी विवाद के लिए प्रधान व सचिव को पूर्ण अधिकार होगा। सबसे कम दर बाले विक्रेता को सप्लाई ऑर्डर दिया जाएगा। अन्य शर्तों की अधिक जानकारी के लिए पंचायत से संपर्क करें।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत बनाह-धिन्नी
विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौन्तडा विकासखंड चौन्तडा, जिला मंडी (हि.प्र)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत चौन्तडा द्वारा विकास कार्य शुरु किए जाने हैं इन कार्यों के लिए सामग्री खरीदी जानी हैं सामग्री हेतु वित्त वर्ष 2026-27 की निविदा आमंत्रित की जाती हैं
सामग्री का विवरण: रेता क्रेशर, खड्ड का रेता, क्रेशर 10mm, क्रेशर 20mm, क्रेशर 40mm, बोल्डर, सरिया 8 mm, सरिया 10 mm, सरिया 16 mm, एंगल 1 1/2 mm, पेवर ब्लॉक, चादरें 45 mm, चादरें 60mm, पाइप इत्यादि के खरीदे जाने हैं।
सप्लायर दिनांक 11 जुलाई 5:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत चौन्तडा में अपनी निविदाएं जमा करवा सकते हैं। निविदाएं दिनांक 13 जुलाई 2026 को सुबह 11:00 बजे खोली जाएगी। निविदा बंद लिफाफे में होनी चाहिए। निविदा फार्म शुल्क ₹1000 लिया जाएगा। वंधित राशि मूल्य ₹20000 एफडी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम पर जमा करवानी होगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत चौन्तडा

# उपराष्ट्रपति ने जमा किया मतदाता सूची पुनरीक्षण का गणना फॉर्म

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को उपराष्ट्रपति भवन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन–एसआईआर) अभियान के तहत विधिवत भरा हुआ गणना फॉर्म जमा किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करते हुए चुनाव आयोग का सहयोग करने की अपील की।

उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) तथा बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की टीम ने उपराष्ट्रपति भवन पहुंचकर गणना प्रक्रिया पूरी कराई। यह अभियान दिल्ली में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का हिस्सा है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी वीडियो संदेश में कहा कि चुनाव आयोग की यह पहल लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य लोकतंत्र को कमजोर करना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वास्तविक और पात्र मतदाता का मतदाता सूची में पंजीकरण होना चाहिए। साथ ही, एक ही व्यक्ति के नाम का एक से अधिक स्थानों पर दर्ज होना (डबल एंट्री) समाप्त किया जाना आवश्यक है। जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है, उनके नाम भी मतदाता सूची से हटाए जाने चाहिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खद्दर विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत खद्दर, विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में होने वाले विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक **13-07-2026** को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक **13-07-2026** को समय दोपहर 12:15 बजे पंचायत के समक्ष निविदाकर्ताओं/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।
**सामग्री का विवरण** : 1. रेत- प्रति घनमीटर 2. बजरी 10 एम एम 20 एम एम 40 एम एम प्रति घनमीटर 3. पत्थर (Cut Stone ) 4. पक्की ईंट ए0बी0सी0 ग्रेड प्रति 1000 न0 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घनमीटर6. जे0 सी0 बी0 मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा 7. शटरिंग लकड़ी की सकेयर मीटर 8. सामग्री ढुलान, सीमेंट लोडिंग अनलोडिंग प्रति किलोमीटर, 9. सामग्री ढुलान म्यूल कैरिज- प्रति किलोमीटर 10. पेंटिंग और कैरिज विद बोर्ड 11. साइन बोर्ड (32") (4'3") 12. एरपोर्ट 3 सीटर वेटिंग चेयर स्टील न0 13. लकड़ी चोखट व पल्ले प्रति सकेयर फुट 14. शटरिंग लोहे कि प्लेट 15. Dustbins blue green CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering Technology) 16. Incinator no.17. Sand water bound18. Cooler 19. Open gym / park equipment 20. Steel / concrete benches 21. Wooden office Table, Chairs, & office furniture items. 22 Tiles (टाइल) Kajaria, Oriental, Cera, Bajaj Emser, Simpolo, Vermor
**नियम व शर्तें** : A. निविदाकर्ता के पास अपनी पंजीकरण पैन नं., GST No. टिन न0 तथा गाड़ी का होना आवश्यक है।
B.पात्र निविदाकर्ता को मूल्य 35,000/- रुपये अग्रिम सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवानी होगी व साथ में 2,000/- रुपये की राशि (अप्रतिदेय) आवेदन शुल्क पंचायत में जमा करवाना होगा।
C. निविदाकर्ता को पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुसार समय पर सामग्री M Form सहित उपलब्ध करवानी होगी। (M फार्म निविदाकर्ता के नाम से जारी हुआ हो मान्य होगा)
D. सामग्री की देय राशी की अदायगी कार्य पूर्ति के बाद ग्राम पंचायत के तकनिकी सहायक/कनिष्ठ अभियंता द्वारा माप पुस्तिका मेंइन्द्राज के उपरांत की जाएगी।
E. सप्लायर को सामग्री A ग्रेड की देनी होगी।
F. सप्लायर द्वारा सामग्री समय पर न देने व कम सामग्री देने पर उस निविदाकर्ता की निविदा रद्द की जाएगी और पारित निविदाकर्ता की 35,000/- रुपये की अग्रिम सुरक्षा राशि वापिस नहीं की जाएगी।
G. ग्राम पंचायत के सक्षम क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकार सामग्री की आदायगी देय नहीं होगा। नोट: वर्तमान में ग्राम पंचायत खद्दर के किसी भी पंचायत पदाधिकारी की निविदाएं मान्य नहीं होंगी।

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊटपुर विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत ऊटपुर, विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में होने वाले विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 09-07-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 09-07-2026 को समय दोपहर 12:15 बजे पंचायत के समक्ष निविदाकर्ताओं/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।
**सामग्री का विवरण** : 1. रेत- प्रति घनमीटर 2. बजरी 10 एम एम 20 एम एम 40 एम एम प्रति घनमीटर 3. पत्थर (Cut Stone ) 4. पक्की ईंट ए0बी0सी0 ग्रेड प्रति 1000 न0 5. सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घनमीटर 6. जे0 सी0 बी0 मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा 7. शटरिंग लकड़ी की सकेयर मीटर 8. सामग्री ढुलान, सीमेंट लोडिंग अनलोडिंग प्रति किलोमीटर, 9. सामग्री ढुलान म्यूल कैरिज प्रति किलोमीटर 10. पेंटिंग और कैरिज विद बोर्ड 11. साइन बोर्ड (32") (4'3") 12. एरपोर्ट 3 सीटर वेटिंग चेयर स्टील न0 13. लकड़ी चौखट व पल्ले प्रति सकेयर फुट 14. शटरिंग लोहे कि प्लेट 15. Dustbins blue green CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering Technology) 16. Incinator no. 17. Sand water bound 18. Cooler 19. Open gym/ park equipment 20. Steel/concrete benches 21. Wooden office Table, Chairs, & office furniture items. 22 Tiles (टाइल) Kajaria, Oriental, Cera, Bajaj Emmser, Simpolo, Vermor.
**नियम व शर्तें** : A. निविदाकर्ता के पास अपनी पंजीकरण पैन नं., GST No. टिन न0 तथा गाड़ी का होना आवश्यक है।
B. पात्र निविदाकर्ता को मूल्य 35,000/- रुपये अग्रिम सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवानी होगी व साथ में 2,000/- रुपये की राशि (अप्रतिदेय) आवेदन शुल्क पंचायत में जमा करवाना होगा।
C. निविदाकर्ता को पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुसार समय पर सामग्री M Form सहित उपलब्ध करवानी होगी। (M फार्म निविदाकर्ता के नाम से जारी हुआ हो मान्य होगा)
D. सामग्री की देय राशी की अदायगी कार्य पूर्ति के बाद ग्राम पंचायत के तकनिकी सहायक/द्वारा माप पुस्तिका में इन्द्राज के उपरांत की जाएगी।
E. सप्लायर को सामग्री A ग्रेड की देनी होगी।
F. सप्लायर द्वारा सामग्री समय पर न देने व कम सामग्री देने पर उस निविदाकर्ता की निविदा रद्द की जाएगी और पारित निविदाकर्ता की 35,000/- रुपये की अग्रिम सुरक्षा राशि वापिस नहीं की जाएगी।
G. ग्राम पंचायत के सक्षम क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकार सामग्री की आदायगी देय नहीं होगा। नोट: वर्तमान में ग्राम पंचायत ऊटपुर के किसी भी पंचायत पदाधिकारी की निविदाएं मान्य नहीं होंगी।

प्रधान/सचिव

**Proclamation Under Order 5 Rule 20 CPC**
**IN THE COURT OF AC 2nd GRADE NAGROTA BAGWAN TEH NAGROTA BAGWAN DISTT KANGRA**
Next Date of Hearing:- 15-07-2026
Suresh Kumar s/o Danu R/O Mohal Ludrate Mouza Jhikli kothi Teh Nagrota Bagwan Distt Kangra ...*Applicant*
**V/s**
Mango Ram s/o Lachman dass R/o Mohal Ludrate Mouza Jhikli kothi The Nagrota Bagwan Distt Kangra etc.
Summon to respondents through Proclamation under Order 5 Rule 20 CPC. Mango Ram, Saroop Chand sons, krishna Devi, Gayatri Devi, Simro Devi, Beena Devi daughters of Lachman dass, Satish Kumar, Jagdish Chand sons and Champa Devi, Nimmo Devi daughter, Lashno Devi widow of Jai Ram, Bhim sain, Uttam Chand sons of and Bimla Devi widow of Mihantu, Sandeep Kumar son of, Kamlesh Devi, Kushma Devi daughters of Danu alias Diwan Chand, Joti saroop, Pawan Kumar sons of and Beena Devi daughter of Punjab Singh, Kali dass son and Kamla devi widow of Sansar chand, Varsa Devi, Ruchita Kumari, Deepika Kumari daughter of and Neeta devi wife of Ravi Kumar, Satya Devi daughter of Buta. All residents of Mohal Ludrate Mouza Jhikli kothi Teh Nagrota Bagwan Distt Kangra ...*Respondents*
**Case type:-** Application under section 123 of HP LAND REVENUE ACT for Partition of Land bearing Khata number 54 khatoni no 66 Khasra number 430,434,435,436 kitta 5 area measuring 0-25-47 hectare situated at Mohal Ustehar Mouza Jhikli kothi Teh Nagrota Bagwan Distt Kangra and Khata number 83 khatoni number 98 khasra number 536/345, 537/375, 539/376, 379, 555/459 kitta 5 area measuring 0-21-98 hectare situated at Mohal Ustehar Mouza Jhikli kothi Teh Nagrota Bagwan Distt Kangra and Khata number 55 khatoni number 117 khasra number 70,75,79,80,81, 83, 84, 85, 93 kitta 9 area measuring 01-18-10 hectare situated at Mohal Ludrate Mouza Jhikli kothi Teh Nagrota Bagwan Distt Kangra and Khata number 56 khatoni number 118 Khasra number 61,71,76,77,82 kitta 5 area measuring 0-65-40 hectare situated at Mohal Ludrate Mouza Jhikli kothi Teh Nagrota Bagwan Distt Kangra. Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents cannot be served in ordinary way. Hence the proclamation Under Order 5 Rule 20 CPC is here issued against him with direction to appear before the court in person or through Advocates on dated 15/07/2026 at 14:00 failing which ex-party shall be initiated against him.
Given under my hand and the seal of this court on this 19/06/2026.
*AC 2nd GRADE*
*Nagrota Bagwan, Teh. Nagrota Bagwan District Kangra(H.P)*

**कार्यालय ग्राम पंचायत व्यंगुल**
**विकास खंड विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत व्युंगल विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निनिदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 13/06/2026 को 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनाँक 15/07/2026 को 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का विवरण-** 1. रेत, खान व केशर-प्रति घनफुट 2. बजरी 10,20,40 एमएम -प्रति घनफुट 3. मारवल-प्रति घनफुट 4. ईंट (2nd Class)-प्रति न0 5. शटरिंग-घनमीटर 6. R.C.C पाईप-प्रति न0 7. G.I. पाईप-प्रति न0 8. PVC पाईप-प्रति न0 9. एल्काथिन पाईप-कि. ग्राम 10. जे0सी0वी0-प्रति घनमीटर 11. सिमैंट टाईल-प्रति न0 12. इंटरलॉक, पेवर, सिमैंट टाईल-प्रति स्केयर मीटर 13. G.I. शीट-प्रति न0 14.फर्नीचर-प्रति न0 15. सिमैंट वलॉक-प्रति न0 16. स्टील 8, 10, 12एमएम- प्रति किग्रा 17. लोहा एंगल व शीटें- प्रति किग्रा 18. CIB बोर्ड-प्रति न0 19. वाल राइटिंग-प्रति अक्षर 20. वागवानी पौधे-प्रति न0 21. जंगली पौधे- प्रति न0 22. इमारती लकडी-घनफुट 23. केटवायर- प्रति वंडल 24. एल्युमिनियम फिटिंग- प्रति घनफुट 25. पत्थर तोडान- प्रति घनफुट 26. पत्थर ढोलान- प्रति घनफुट 27. दिवार तथा फलोर टाईल- प्रति स्केयर मीटर। **नियम व शर्तें:-** 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्वर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्वर जी.एस. टी. सी.एस.टी. नम्वर की छाया प्रति संलग्न करें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवता सही होनी चाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है अथवा अथवा सामग्री की गुणवता सही नही पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सडक है वहां तक पीकप व टीप्पर से पंहुचा देनी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X-Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 8. सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीवी रिशतेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदादाता को 30000/-रू0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13. निविदादाता य समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के स्पलाई आर्डर के अनुरूप ही स्पलाई स्वीकार की जाएगी। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा। 18 निविदादाता अपना मोबाईल न0 लिफाफे के बाहर लिखना सुनिश्चित करें।

प्रधान /सचिव ग्राम पंचायत व्यंगुल विकास खंड विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

# भाजपा ने बंजार की बदहाल सड़कों व ठप पड़े विकास कार्यों के विरोध में किया प्रदर्शन

## जनता के धैर्य की परीक्षा न ले सरकार, बंजार की उपेक्षा अब और बर्दाश्त नहीं होगी : सुरेंद्र शौरी

◆ कहा- जनता की आवाज दबाने नहीं देंगे

अनंत ज्ञान


एसडीएम बंजार के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

**बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र की बदहाल सड़कों और ठप पड़े विकास कार्यों के विरोध में भाजपा मंडल बंजार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन, बंजार में बैठक आयोजित की। बैठक में मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान क्षेत्र के लंबित विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद विधायक सुरेंद्र शौरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंजार की जर्जर सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर रुके टारिंग कार्य, बंजार महाविद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पद, नागरिक अस्पताल बंजार के नए भवन का अधूरा निर्माण, अस्पताल की अव्यवस्थाओं तथा सब्जी मंडी निर्माण कार्य के ठप होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके उपरांत भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) बंजार के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए सभी लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने की मांग की। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है, लेकिन सरकार विकास कार्यों को गति देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-305 की खराब स्थिति से स्थानीय लोगों, किसानों, व्यापारियों और पर्यटकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो भाजपा जनता के सहयोग से आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। बैठक एवं प्रदर्शन में भाजपा के जिला और मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 31 अगस्त से पहले बनेगी नई ईको टूरिज्म सोसायटी

**अनंत ज्ञान, आनी।** रघुपुर फोर्ट को फैले विवाद के बाद रघुपुर फोर्ट क्षेत्र व आसपास पर्यटन एवं स्वरोजगार से जुड़े स्थानीय युवाओं की समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को आनी में मिल्कफेड अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, नौ पंचायतों के प्रतिनिधियों और युवाओं के बीच हुई चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया कि वर्षों से रघुपुरगढ़ में स्वरोजगार कर रहे स्थानीय युवाओं को नहीं हटाया जाएगा। वन विभाग के इको टूरिज्म के तहत लिए जाने वाले दैनिक किराये में यथासंभव राहत दी जाएगी तथा बकाया किराया जमा करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। साथ ही, पक्के ढारों को हटाकर अस्थायी टेंट लगाने पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में रघुपुर फोर्ट पर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र की सभी नौ पंचायतों के सहयोग से 31 अगस्त 2026 से पहले नई ईको टूरिज्म सोसाइटी के गठन पर भी सहमति बनी। बैठक का संचालन डीएफओ आनी डॉ. चमन राव ने किया। इसमें एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेत, डीएसपी राजीव मेहता, आईपीएच के एक्सईएन किशोर शर्मा, पंचायत समिति अध्यक्ष सतपाल आदि मौजूद रहे।

# एनएचपीसी पार्बती परियोजना ने किया जिला आयुर्वेदिक अस्पताल कुल्लू के साथ एमओयू

◆ उपकरण प्रदान करने के लिए दिए 3 लाख रुपए

अनंत ज्ञान



एमओयू साइन करने के बाद गणमान्य लोग अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-॥ ने कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और सतत विकास (एसडी) पहल के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। परियोजना प्रबंधन ने जिला आयुर्वेदिक अस्पताल कुल्लू में आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के तहत अस्पताल को 3 लाख रुपए मूल्य के आवश्यक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए जाएंगे। कंपनी अधिनियम 2013 के तहत अपनी विकासात्मक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एनएचपीसी के प्रतिनिधि के रूप में समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) आनंद कुमार सिंह और जिला आयुर्वेदिक अस्पताल की प्रभारी डॉ. मनुबाला गौतम ने इस समझौते पर सहमति जताई। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अरविंद कौशिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अस्पताल में इन नए उपकरणों के आने से न केवल कुल्लू जिला, बल्कि पड़ोसी क्षेत्रों जैसे लाहौल-स्पीति, पांगी और मंडी के मरीजों को भी बेहतर और आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। एनएचपीसी प्रबंधन ने दोहराया कि वे परियोजना के आसपास के क्षेत्रों के सतत विकास और जन कल्याण के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

# बालिका संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की दी जानकारी


बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बंजार।** बीडीओ कार्यालय बंजार के सम्मेलन कक्ष में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बालिका संरक्षण, भ्रूण लिंग परीक्षण पर रोक, महिला सशक्तिकरण तथा लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से श्यामा देवी ने पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण पर प्रतिबंध, कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम तथा बालिका के संरक्षण एवं सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिनियम के उल्लंघन की स्थिति में लागू कानूनी प्रावधानों एवं दंडात्मक कार्रवाई के बारे में भी प्रतिभागियों को जागरूक किया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक, मिशन शक्ति, कुल्लू पल्लवी ठाकुर ने मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन-181, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़ी सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए महिलाओं को इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बाल विकास परियोजना अधिकारी, बंजार चंपा देवी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे एकीकृत बाल विकास सेवा, पोषण अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, आंगनवाड़ी सेवाओं तथा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रतिभागियों के साथ साझा की।

# श्रीखंड यात्रा मार्ग से हटाए सभी टेंट

## धारा 163 लागू, प्रशासन ने की श्रद्धालुओं से यात्रा मार्ग पर न जाने की अपील

अनंत ज्ञान


श्रीखंड यात्रा मार्ग से टेंट को हटाते हुए। अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस वर्ष रद्द की गई श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा के मार्ग और विभिन्न पड़ावों से प्रशासन ने सभी टेंट हटवा दिए हैं।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) लागू होने के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई अमल में लाई है। श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमंड जगदीप सिंह राठौर ने शनिवार को बताया कि प्रतिकूल मौसम, भूस्खलन और अन्य संभावित खतरों को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि धारा 163(1) लागू होने के बाद किसी भी व्यक्ति को यात्रा मार्ग पर जाने की अनुमति नहीं है। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीमों ने यात्रा मार्ग के सभी पड़ावों एवं ठहराव स्थलों पर लगाए गए टेंट हटवा दिए हैं। साथ ही यात्रा मार्ग पर मौजूद यात्रियों और गाइडों को भी सुरक्षित वापस भेज दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षा के मद्देनजर जारी आदेशों का पालन करें और यात्रा मार्ग की ओर जाने का प्रयास न करें। गौरतलब है कि श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा हिमाचल प्रदेश की सबसे प्रसिद्ध धार्मिक यात्राओं में शामिल है और इसे उत्तर भारत की सबसे कठिन तीर्थ यात्राओं में से एक माना जाता है।

हर वर्ष हजारों शिवभक्त समुद्र तल से लगभग 5,155 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र शिवलिंग के दर्शन के लिए दुर्गम पहाड़ों, खतरनाक पगडंडियों और ग्लेशियरों को पार कर करीब 35 किलोमीटर की कठिन यात्रा पूरी करते हैं।

यात्रा रद्द होने से स्थानीय गाइड, घोड़ा संचालकों, टेंट संचालकों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। हालांकि प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और परिस्थितियां सामान्य होने के बाद ही यात्रा को लेकर आगे कोई निर्णय लिया जाएगा।

# किशन लाल ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर समाजसेवा का चुना मार्ग

अनंत ज्ञान



◆ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का बढ़ाया गौरव

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में लगभग तीन वर्षों तक जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी के रूप में उल्लेखनीय सेवाएँ देने के बाद किशन लाल राणा ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ग्रहण कर ली है। अपने कार्यकाल के दौरान वे कार्यकुशलता, अनुशासन, नवाचार और खेलों के प्रति गहरे समर्पण के कारण हिमाचल प्रदेश के सबसे सक्रिय और तेज-तर्रार अधिकारियों में गिने जाते रहे। उनके कार्यकाल में जिला कुल्लू में खेलों का स्तर नई ऊँचाइयों तक पहुँचा और अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल किए।

किशन लाल राणा का योगदान केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित नहीं रहा। वे शारीरिक शिक्षा विषय पर कई पुस्तकों के लेखक भी हैं, जो विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं और शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई हैं। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उनका यह योगदान लंबे समय तक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता रहेगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने भारत का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2019 में इटली में आयोजित यूरोपियन मास्टर्स गेम्स में जेवलिन थ्रो में रजत पदक जीतकर उन्होंने देश का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2023 में एशियन मास्टर्स गेम्स में उन्होंने जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो और ट्रिपल जंप में तीन स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं वर्ष 2025 में ताइवान में आयोजित वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स में ट्रिपल जंप में रजत और जेवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने भारत, हिमाचल प्रदेश, कुल्लू और लाहौल-स्पीति का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2023 में राज्य शिक्षक पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपने पैतृक गांव दंदक तथा मूरिंग पंचायत क्षेत्र लाहौल में समाज सेवा के लिए अधिक समय देने की इच्छा जताई है। उनके भविष्य के कदम को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है, हालांकि उन्होंने अभी किसी राजनीतिक या अन्य मंच को लेकर कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है।

# विपाशा मार्केट क्षेत्र में आज 6 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू की विपाशा मार्केट और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

सहायक अधिशासी अभियंता, कुल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि 100 केवी विपाशा मार्केट ट्रांसफार्मर के अंतर्गत आने वाली विद्युत लाइनों की मरम्मत और आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाना है। इस कारण विपाशा मार्केट तथा इससे जुड़े आसपास के क्षेत्रों में रविवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक या कार्य पूर्ण होने तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग ने बताया कि यह कार्य उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विद्युत विभाग ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय के दौरान आवश्यक व्यवस्था पहले से कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही लोगों से सहयोग की अपील की गई है, ताकि रखरखाव कार्य समय पर और सुरक्षित रूप से पूरा किया जा सके। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि कार्य पूरा होते ही विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# 27वें बलिदान दिवस पर नित्थर में कारगिल शहीद डोला राम को नमन


शहीद डोलाराम के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के नित्थर में कारगिल युद्ध के वीर शहीद हवलदार डोला राम का 27वां बलिदान दिवस पूरे सम्मान और गौरव के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर शहीद डोला राम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया, जहां विद्यार्थियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में 11 महार रेजिमेंट, आवेरी द्वारा शहीद को सैन्य सलामी दी गई और श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। विद्यार्थियों ने 'ऐ वतन मेरे प्यारे वतन' और 'संदेशे आते हैं' जैसे देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, वहीं छात्रा वेरोनिका मेहता के ओजस्वी भाषण ने उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया।

इस अवसर पर शहीद की पत्नी प्रेमा देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों ने शहीद को श्रद्धांजलि दी। एसजेवीएन लुहरी परियोजना की जीएम अल्का जायसवाल, सहायक अभियंता प्रेम तथा विद्यालय प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि शहीद डोला राम का बलिदान क्षेत्र और देश के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

# पंचायतीराज को मिले सरकार का पूरा सहयोग : सत्य प्रकाश

अनंत ज्ञान


बैठक में जनता की ज्वलंत समस्याओं तथा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए की चर्चा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पंचायतीराज व्यवस्था देशभर में स्वाभाविक विकास और प्रगति के लिए सरकार, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा ग्रामीण जनता से सर्वोत्तम देखभाल और सहयोग की हकदार हैं। यह बात सत्य प्रकाश ठाकुर, पूर्व मंत्री (हिमाचल प्रदेश) एवं अध्यक्ष, बलवंत राय मेहता पंचायती राज फाउंडेशन (ट्रस्ट) ने यहां एक बैठक के दौरान कही। इस बैठक में जुगल किशोर गुप्ता, उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया पंचायत परिषद एवं उत्तर क्षेत्र प्रभारी भी उपस्थित थे। इसके अलावा प्रेम लता ठाकुर, उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया पंचायत परिषद भी बैठक में मौजूद रहीं।

बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, ग्रामीण जनता की ज्वलंत समस्याओं तथा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार से उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि देश के स्वाभाविक विकास और प्रगति के लिए पंचायती राज व्यवस्था को सरकार, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनता से पूरा सहयोग और संरक्षण मिलना चाहिए। बैठक के दौरान पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनता की ज्वलंत समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। नेताओं ने इस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार से अपनी वास्तविक अपेक्षाओं को विस्तार से साझा किया। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष बल दिया कि जब तक स्थानीय निकायों को पर्याप्त अधिकार और वित्तीय स्वायत्तता नहीं मिलेगी, तब तक ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है।

### जम्मू-कश्मीर में शीघ्र चुनाव कराने की मांग

**ग्रामीण** क्षेत्रों में विकास, शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए नियमित तथा समय पर पंचायत चुनाव कराने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। बैठक में नेताओं ने सरकार से पुरज़ोर आग्रह किया कि जम्मू और कश्मीर में स्थानीय ग्रामीण निकायों और शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव बिना किसी विलंब के जल्द से जल्द कराए जाएं। ऑल इंडिया पंचायत परिषद ने इस उद्देश्य के लिए जम्मू-कश्मीर राज्य पंचायत परिषद द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया और आवश्यकता पड़ने पर उसमें प्रत्यक्ष रूप से भाग लेने का भी संकल्प जताया। उन्होंने दोहराया कि ऑल इंडिया पंचायत परिषद पूरे देश में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने वाली एक मार्गदर्शक और अग्रणी संस्था रही है।

कार्यक्रम 'हमारी बोली एवं संस्कृति' विषय पर बच्चों के लिए भाषण स्पर्धा आयोजित

# बच्चों ने दिया कुल्लवी बोली संरक्षण का संदेश

◆ मन्यासी स्कूल के आयुष्मान ने झटका पहला स्थान

अनंत ज्ञान


प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि व अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश जिला कुल्लू की ओर से देव सदन सभागार में 'हमारी बोली एवं संस्कृति' नामक विषय पर पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें की जिला कुल्लू की 25 पाठशालाओं के 51 बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय मन्यासी, सैंज के आयुष्मान ने प्रथम स्थान, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पनिहार, बंजार की समायरा ने द्वितीय स्थान, राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुरन, मणिकर्ण की आरवी ने तृतीय स्थान, तथा राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर की स्मृति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में सहायक लोक संपर्क अधिकारी जयप्रकाश शर्मा, कुल्लवी बोली विशेषज्ञ पल्लवी ठाकुर तथा राज सरगम रहे। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन मानवी शर्मा द्वारा सुंदर व बच्चों के लिए प्रेरणादायक शब्दों से किया गया। कार्यक्रम में जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया द्वारा विजेता बच्चों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि स्थानीय बोलियों को लुप्त होने से बचाने के लिए तथा भावी पीढ़ी को कुल्लवी बोली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्साह से प्रयास और अभ्यास करते रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता को करवाने का विभाग का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अच्छे संस्कार और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता व सम्मान की भावना जागृत करना रहा। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों और अभिभावकों को भी बच्चों को अपनी बोली, संस्कारों और संस्कृति के बारे में जागरूक करने के लिए निवेदन किया। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ विभिन्न पाठशालाओं के अध्यापक और अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

# कुल्लू में दिव्यांगता पुनर्वास शिविरों की शृंखला 13 से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी और जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के सौजन्य से जिले की विभिन्न पंचायतों में दिव्यांगता पुनर्वास मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त एवं नोडल अधिकारी डॉ. जयबंती ठाकुर ने बताया कि यह विशेष शिविर आगामी 13 जुलाई से 16 जुलाई 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। शिविरों की शुरुआत 13 जुलाई को ग्राम पंचायत भुइन के पंचायत घर से होगी। 14 जुलाई को नगर परिषद भुंतर के नगर परिषद भवन, 15 जुलाई को ग्राम पंचायत खोखण एवं परगाणु के पंचायत घर खोखण तथा 16 जुलाई को ग्राम पंचायत जिया के पंचायत घर जिया में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सभी स्थानों पर शिविरों का समय सुबह 10:00 बजे से निर्धारित किया गया है। शिविरों में पीएंडओ टेक्नीशियन, स्पीच एंड हियरिंग तकनीशियन, विशेष शिक्षक, एमआर डब्लू और मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर सहित विशेषज्ञों की टीम मौजूद रहेगी।

# कंफर्ट जोन से बाहर निकलने का संदेश प्राध्यापकों ने सीखे लाइफ स्किल्स

## जीसी पनारसा में शिक्षकों के लिए जीवन कौशल पर संवादात्मक कार्यशाला आयोजित

अनंत ज्ञान


कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

**भुंतर।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा के मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श प्रकोष्ठ की ओर से शनिवार को महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के लिए जीवन कौशल (लाइफ स्किल्स) विषय पर एक गतिविधि-आधारित संवादात्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया तथा विभिन्न गतिविधियों एवं चर्चाओं में सक्रिय सहभागिता निभाई।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सत्यव्रत वैद्य, नोडल हेड, एटीएफ, भुंतर रहे।

उन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों की विविध आवश्यकताओं को समझने तथा उन्हें बेहतर शिक्षण अनुभव प्रदान करने में जीवन कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को धीमी गति से सीखने वाले तथा मेधावी दोनों प्रकार के विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझते हुए उनकी सीखने की क्षमता के अनुरूप शिक्षण पद्धतियां अपनानी चाहिए। डॉ. वैद्य ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को परंपरागत सोच से आगे बढ़कर नए दृष्टिकोण अपनाने तथा अपने सुविधा-क्षेत्र (कंफर्ट जोन) से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि शिक्षक विद्यार्थियों को भी अपनी झिझक दूर करने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा जीवन कौशल अर्जित करने के लिए प्रेरित करें, ताकि शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया अधिक सकारात्मक, प्रभावी, रचनात्मक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बन सके। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उर्सेम लता ने डॉ. सत्यव्रत वैद्य का इस प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों ने भी इस संवादात्मक एवं गतिविधि-आधारित सत्र की सराहना की।

## मानवता की मिसाल : राजगढ़ की बेटी को नया जीवन देने की मुहिम

# ज्योति तोमर के इलाज के लिए सोलन से राजगढ़ तक दौड़ेंगे पैरा धावक वीरेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान

**सोलन।** इंटरनेशनल पैरा धावक वीरेंद्र सिंह ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सिरमौर जिले के राजगढ़ उपमंडल के खालटू गांव की 20 वर्षीय ज्योति तोमर के

◆ **चैरिटी रन से जुटेगी ज्योति के ऑपरेशन को 20 लाख की मदद**

इलाज के लिए चैरिटी रन शुरू की है। गले के गंभीर ऑपरेशन के लिए करीब 20 लाख रुपए की जरूरत होने पर उन्होंने जनसहयोग जुटाने का बीड़ा उठाया है। इस अभियान में सिरमौर कल्याण मंच, सोलन भी उनके साथ जुड़ा है।




### अभी तक मिल चुका है पांच लाख रुपए का सहयोग

**ऑपरेशन** पर लगभग 20 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण माता-पिता ने प्रदेशवासियों से मदद की अपील की है। अब तक करीब 5 लाख रुपए का सहयोग मिल चुका है, जबकि उपचार को लगभग 15 लाख की और आवश्यकता है।

**यह है पूरा मामला**

*ज्योति तोमर सोलन के संस्कृत कॉलेज में शास्त्री अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। कुछ समय पहले उन्होंने गलती से बैटरी में इस्तेमाल होने वाला तरल पदार्थ पी लिया, जिससे उनके गले में गंभीर संक्रमण हो गया। वर्तमान में वह न तो बोल पा रही हैं और न ही सामान्य रूप से कुछ खा-पी सकती हैं।*

शनिवार सुबह वीरेंद्र सिंह और सिरमौर कल्याण मंच के पदाधिकारी सोलन स्थित अधिष्ठात्री देवी शूलिनी माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने माता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वीरेंद्र सिंह को चैरिटी अभियान के लिए रवाना किया गया। पूरे दिन उन्होंने सोलन शहर की विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों में जाकर दानपात्र के माध्यम से लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील की। रविवार प्रातः वह सोलन से राजगढ़ तक दौड़ लगाकर लोगों से ज्योति के उपचार के लिए सहायता राशि एकत्र करेंगे।

## स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** उच्चतर शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी है। राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में बीए एवं बीकॉम प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जो विद्यार्थी किसी कारणवश अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं, वे 10 जुलाई तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रवेश रिक्त सीटों के आधार पर दिए जाएंगे। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने विद्यार्थियों व अभिभावकों से विस्तारित प्रवेश अवधि का लाभ उठाने का आग्रह किया। महाविद्यालय में अनुभवी एवं योग्य प्राध्यापकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक शैक्षणिक वातावरण, समृद्ध पुस्तकालय, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# बरोटीवाला में 530 पेटी अवैध देसी शराब बरामद, ट्रक चालक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**बरोटीवाला।** अवैध नशा कारोबार व तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस जिला बद्दी के तहत पुलिस थाना बरोटीवाला की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध देसी शराब की बड़ी खेप

◆ **गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, नाकाबंदी के दौरान ट्रक पकड़ा गया**

◆ **बिना परमिट ले जाई जा रही थी बड़ी खेप, मामला दर्ज कर जांच शुरू**

बरामद की है। पुलिस ने ट्रक से कुल 530 पेटी शराब कब्जे में लेकर आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



बरोटीवाला पुलिस द्वारा एक ट्रक से बरामद की गई अवैध देसी शराब की खेप। अनंत ज्ञान

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरोटीवाला पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बरोटीवाला-हरिपुर रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक नंबर एचपी 12 एए-6281 से बिना किसी वैध परमिट अथवा लाइसेंस के परिवहन की जा रही 530 पेटी देसी शराब बरामद की गई। बरामद खेप में 4300 पव्वे (86 पेटी), 6552 अध्धे (273 पेटी) तथा 2052 बोतलें (171 पेटी) शामिल हैं।

पुलिस ने मौके पर ही अवैध शराब तथा ट्रक को कब्जे में लेकर चालक सुरजीत कुमार पुत्र रणजीत सिंह निवासी गांव भनयारकड डाकघर एरला, तहसील बडोह, जिला कांगड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उक्त अवैध शराब की खेप कहां से लाई गई थी तथा इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था और इस अवैध शराब तस्करी में अन्य कौन लोग शामिल हैं। बद्दी पुलिस अवैध नशा तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है तथा ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम पच्छाद डॉ प्रियंका चंद्रा ने किया बागथन स्कूल का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सराहां।** अपना विद्यालय' हिमाचल प्रदेश स्कूल गोद लेना स्कीम के तहत बुधवार को उपमंडल अधिकारी (ना.) पच्छाद डॉ प्रियंका चंद्रा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागथन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में नशा मुक्ति पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को नशे की लत से दूर रहने, प्लास्टिक का उपयोग न करने और करियर काउंसलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नशा मुक्ति को लेकर भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन और ड्राइंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, पंचायत प्रधान व तहसील कल्याण अधिकारी पच्छाद के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने नशा मुक्त अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपमंडल अधिकारी पच्छाद ने उपस्थित बच्चों, अभिभावकों व गणमान्यों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई।

### ग्राम पंचायत राणाघाट में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा हाब्बन द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत राणाघाट में जन सुरक्षा योजनाओं को लेकर एक विशेष वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान कली राम ने की। शाखा प्रबंधक हमिंद्र ठाकुर ने शिविर में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य जन सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन तथा ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपायों पर भी लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योजनाओं से संबंधित अपने प्रश्न पूछे। आयोजकों ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना और लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना है।

### डीजल मूल्य वृद्धि का लाभ तुरंत लागू करे सरकार : गोबिंद राम शर्मा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सिविल सप्लाई सीमेंट परिवहन भाड़े में डीजल मूल्य वृद्धि का लाभ तत्काल लागू करने की मांग को लेकर अर्की के पूर्व विधायक गोबिंद राम शर्मा ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में तय 9.06 रुपए प्रति टन प्रति किलोमीटर की दर आज भी लागू है, जबकि बीते 12 वर्षों में डीजल, टायर, बीमा, स्पेयर पार्टस और मजदूरी सहित सभी परिचालन खर्चों में भारी बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में डीजल की कीमत 86.67 रुपए से बढ़कर 93.84 रुपए प्रति लीटर हो गई है। निर्धारित फॉर्मूले के अनुसार यह वृद्धि परिवहन भाड़े में तत्काल जोड़ी जानी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया। उनका आरोप है कि पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा सीमेंट परिवहन के लिए अतिरिक्त 13 पैसे प्रति टन प्रति किलोमीटर दिलाने का आश्वासन भी आज तक लागू नहीं हुआ। गोबिंद राम शर्मा ने कहा कि परिवहन ऑपरेटर अब कोई बड़ा संशोधन नहीं, बल्कि केवल डीजल मूल्य वृद्धि के अनुसार मिलने वाला वैधानिक लाभ मांग रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर कई बार सरकार और अधिकारियों के समक्ष बात उठाने के बावजूद समाधान नहीं निकला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो प्रदेशभर के ट्रांसपोर्टरों को साथ लेकर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और संबंधित विभागों की होगी।

### मेगा री-केवाईसी जागरूकता शिविर का आयोजन, साइबर सुरक्षा पर दिया जोर



कार्यक्रम में पहुंचे बैंक के अधिकारी। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय रिज़र्व बैंक, शिमला द्वारा राज्यव्यापी री-केवाईसी संतृप्ति अभियान के तहत यूको बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय, सोलन के सहयोग से जिला परिषद सभागार, सपरून में मेगा री-केवाईसी जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैंक ग्राहकों को समय पर री-केवाईसी के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करना तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक आर गिरिधरन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि री-केवाईसी केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बढ़ते डिजिटल बैंकिंग उपयोग के साथ साइबर धोखाधड़ी के बदलते तरीकों जैसे फिशिंग, फर्जी कॉल, नकली ऐप और यूपीआई फ्रॉड के प्रति सावधान रहने की अपील की। यूको बैंक के उप महाप्रबंधक कमल शर्मा ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल वित्तीय समावेशन और सुरक्षित बैंकिंग को मजबूत करती है।

### राजगढ़ कॉलेज के 33 एनसीसी कैडेट्स ने उतीर्ण की बीईई व सीईई प्रमाण-पत्र परीक्षा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई के सभी 33 कैडेट्स ने बीईई एवं सीईई प्रमाण-पत्र परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को महाविद्यालय में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. मीनू भास्कर जीवन ने की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मीनू भास्कर जीवन ने सफल कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती है।

# पार्षद राजनीति में व्यस्त, कूड़े के ढेर पर शहर

● **नगर निगम सोलन में सफाई व्यवस्था चरमराई**
● **मेले के बाद भी कई इलाकों में गंदगी बरकरार**
● **ठेकेदारों पर नियमित सफाई न करने के आरोप**

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन में नई सरकार बनने और मेयर-डिप्टी मेयर के शपथ ग्रहण के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट सकी है। मेले के समापन के बाद जहां मुख्य सड़कों की सफाई कर दी गई, वहीं अधिकांश वार्डों और रिहायशी इलाकों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे शहरवासियों में नगर निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

शहर के सपरून, रबोन, हाउसिंग कॉलोनी, क्लीन, रेलवे लाइन, राजगढ़ रोड, खुंडीधार, कोटलानाला, मधुवन कॉलोनी, चौक बाजार, टैंक रोड, जौणाजी रोड, चम्बाघाट, कथेड़, बायपास रोड, बसाल, ब्रूरी, धोबीघाट रोड, सन्नी साइड, आईटीआई रोड और सब्जी मंडी सहित कई क्षेत्रों में कूड़े के ढेर लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं।





शहर के वार्ड क्षेत्रों में लगे कूड़े के ढेर

#### नियमित शुल्क के बावजूद कूड़ा न उठने से लोग नाराज

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि जब घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए नगर निगम नियमित शुल्क वसूल रहा है, तो फिर सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में कूड़ा जमा होने की नौबत क्यों आ रही है। लोगों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और समय पर कूड़ा नहीं उठाया जा रहा।

#### भुगतान में देरी को बताया जा रहा कारण

**नगर** निगम ने आधे से अधिक वार्डों में कूड़ा उठाने का कार्य निजी ठेकेदारों को सौंप रखा है। हालांकि कई क्षेत्रों में ठेकेदार नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ठेकेदारों के भुगतान में देरी भी इसका एक बड़ा कारण मानी जा रही है, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

#### बुनियादी समस्याओं पर ध्यान न देने के आरोप

**शहरवासियों** का यह भी कहना है कि नई नगर निगम टीम के शपथ ग्रहण के बाद उम्मीद थी कि सबसे पहले पेयजल और सफाई जैसी बुनियादी समस्याओं पर प्राथमिकता से काम होगा। लेकिन फिलहाल अधिकांश पार्षद राजनीतिक गतिविधियों में अधिक व्यस्त दिखाई दे रहे हैं, जबकि उनके वार्डों में मूलभूत समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

#### मेयर-डिप्टी मेयर से ठोस कार्ययोजना की मांग, जवाबदेही तय करने पर जोर

**लोगों** का मानना है कि नई मेयर और डिप्टी मेयर को पदभार संभालते ही अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की सफाई और पेयजल व्यवस्था को लेकर ठोस कार्ययोजना बनानी चाहिए थी। साथ ही फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय कर नियमित निगरानी सुनिश्चित करनी चाहिए थी।

#### 'स्वच्छ शहर, सुंदर शहर' अभियान पर सवाल

**लगातार** बढ़ती गंदगी के कारण 'स्वच्छ शहर, सुंदर शहर' का अभियान भी सवालों के घेरे में आ गया है। यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो न केवल लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, बल्कि सोलन की स्वच्छ और सुंदर शहर की पहचान पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

## शीघ्र आरंभ होगा सोलन-सुबाथू मार्ग के सुधारिकरण का कार्य : विक्रमादित्य सिंह

### लोक निर्माण मंत्री ने किया सोलन-सुबाथू मार्ग का निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**सोलन।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सुबाथू में मुख्य जिला सड़क (परवाणू-कसौली-धर्मपुर-सोलन) का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से स्थिति जानी और शीघ्र सुदृढ़ीकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि मौसम व अन्य कारणों से सड़क की स्थिति खराब है तथा इसके सुधार हेतु नाबार्ड के तहत 23 करोड़ की डीपीआर स्वीकृति को भेजी गई है। स्वीकृति मिलने तक 1.35 करोड़ की लागत से मरम्मत कार्य चल रहा है तथा बॉक्स कल्वर्ट लगाए जा रहे हैं, ताकि भारी वर्षा से नुकसान न हो। उन्होंने बताया कि धर्मपुर-सुबाथू मार्ग के सुधार पर 20 करोड़ रुपए का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि सोलन जिले में पिछले साढ़े तीन वर्षों में लगभग 227 करोड़



रुपए सड़क, पुल और भवन निर्माण पर खर्च हुए हैं। इस अवधि में 12 नए पुल बने और 11 निर्माणाधीन हैं, जिन पर लगभग 40 करोड़ रुपए व्यय हो रहे हैं। जिले में 70.51 किलोमीटर नई सड़कें बनीं तथा कुल सड़क लंबाई 3350 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में 278 किलोमीटर सड़कों की मेटलिंग व टारिंग, 135 किलोमीटर नवीनीकरण तथा 450 किलोमीटर नालियों का निर्माण हुआ है। उन्होंने जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि विभागीय अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख अभियंता एनपी सिंह, नगर आयुक्त एकता कापटा सहित अन्य शामिल थे।

## सोलन में बाइक चोरी का पर्दाफाश, पंजाब के दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए पंजाब के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नरजीत सिंह (36) निवासी लुधियाना और कुलविंदर महेश (33) निवासी संगरूर के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर लुधियाना से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। मामला 1 जुलाई, 2026 को सामने आया था, जब सोलन निवासी प्रीतम साधुरवा ने थाना सदर में शिकायत दर्ज करवाई कि 28 जून को बीडीओ कार्यालय के पास पार्क की गई उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात व्यक्ति वाहन चोरी करते दिखाई दिए थे। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया, जिससे आरोपियों की पहचान संभव हुई। दोनों को 2 जुलाई को गिरफ्तार किया गया और अदालत से तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला।

## सोलन भाजपा मंडल अध्यक्ष का कांग्रेस पर पलटवार

# कांग्रेस पहले अपने मंत्री से जवाब मांगे विपक्ष पर आरोप लगाना बंद करे : शैलेंद्र

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन में भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुभाष बरमानी की प्रेस वार्ता पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगना और आवश्यकता पड़ने पर इस्तीफे की मांग करना असभ्य भाषा नहीं बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनहित के मुद्दों पर जवाबदेही तय करने में हमेशा आगे रही है और आगे भी रहेगी।

शलेंद्र गुप्ता ने कांग्रेस नेताओं से कहा कि वे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पर टिप्पणी करने के बजाय अपने मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल से सोलन-सुबाथू मार्ग की प्रगति पर सवाल करें। उन्होंने शांति बाईपास, जौणाजी रोड की बदहाल स्थिति, शहर में पेयजल संकट, पेयजल टैंक को पाइपलाइन से न जोड़ पाने और क्षेत्रीय अस्पताल निर्माण में देरी को सरकार की विफलता बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग दो बीघा एक बिस्वा भूमि से जुड़े मामलों में तेजी दिखाई गई जबकि गरीब पट्टाधारकों के वर्षों से इंतकाल लंबित हैं।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का पहला दायित्व जनता की समस्याओं का समाधान करना है न कि निजी मामलों को प्राथमिकता देना। नगर निगम चुनावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने बार-बार नियमों में बदलाव कर जनादेश को प्रभावित करने का प्रयास किया लेकिन भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया और जनादेश की रक्षा की। उन्होंने कहा जनता को विकास और सुविधाएं चाहिए बयानबाजी नहीं हैं।

## नदी-नालों से रहें दूर, भूस्खलन क्षेत्रों में यात्रा से बचें : उपायुक्त

### सिरमौर में मानसून अलर्ट: आपदा से बचाव की अपील

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर प्रियंका वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून हिमाचल प्रदेश में सक्रिय हो गया है और सिरमौर जिला विभिन्न प्रकार की आपदाओं के लिए अति संवेदनशील है। बरसात के मौसम के दौरान जिला में भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाएं हो सकती हैं।

नदियों में डूबने की अप्रिय घटनाएं रोकने के लिए सभी नागरिकों को चेतावनी दी है कि वह नदियों, खड्डों व नालों के समीप जाने से बचें और इनमें तैरने, नहाने, कपड़े धोने और अन्य गतिविधियों से भी परहेज करें। बरसात के मौसम में नदी-नालों और भूस्खलन वाले इलाकों में अनावश्यक यात्रा करने से बचें और दामिनी ऐप के माध्यम से खराब मौसम की पूर्व जानकारी रखें। उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर ने मानसून सीजन के दौरान जिला का दौरा करने वाले पर्यटकों के लिए परामर्श जारी करते हुए उन्हें भूस्खलन, अचानक बाढ़ और अन्य प्राकृतिक खतरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।

उपायुक्त ने जिला वासियों से आग्रह किया है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उपायुक्त कार्यालय स्थित आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के निशुल्क दूरभाष नंबर 1077, 112 पर तुरंत सूचना दें। उन्होंने सभी जिलावासियों से इस संदर्भ में सहयोग करने की अपील की है और जिला की सभी ग्राम पंचायतों, स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें और सतर्कता बनाए रखें।

## विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर शूलिनी यूनिवर्सिटी में वेस्ट सेग्रीगेशन वर्कशॉप आयोजित

# 65 कर्मियों ने लिया प्रशिक्षण, स्वच्छ कैंपस पर जोर

अनंत ज्ञान

**सोलन।** विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर शूलिनी यूनिवर्सिटी ने अपने हाउसकीपिंग, ऑपरेशन्स और लैंडस्केपिंग स्टाफ के लिए कचरा पृथक्करण (वेस्ट सेग्रीगेशन) विषय पर एक इंटरैक्टिव वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को जिम्मेदार कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभाव और स्वच्छ एवं टिकाऊ परिसर के निर्माण के लिए आवश्यक व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। वर्कशॉप में कुल 65 कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि वर्ष 2009 से हर साल मनाया जाने वाला विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस सिंगल-यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और उससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है। विशेषज्ञों ने



शूलिनी यूनिवर्सिटी में आयोजित वर्कशॉप के दौरान कर्मचारी कचरा पृथक्करण का व्यावहारिक प्रशिक्षण लेते हुए। अनंत ज्ञान

बताया कि प्लास्टिक बैग का उपयोग भले ही कुछ मिनटों के लिए किया जाता हो, लेकिन इसे पूरी तरह नष्ट होने में लगभग 1,000 वर्ष तक लग सकते हैं। इस कारण यह लैंडफिल, नदियों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। वर्कशॉप की शुरुआत एक आइसब्रेकर गतिविधि से हुई, जिसके बाद प्लास्टिक प्रदूषण और टिकाऊ कचरा प्रबंधन पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रतिभागियों को 'मेरा बाबा देश चलाता है' डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई, जिसमें सफाई कर्मचारियों के समाज और पर्यावरण संरक्षण में योगदान को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

इसके बाद आयोजित समूह चर्चा में कर्मचारियों ने कैंपस में कचरा एकत्र करने व उसे अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करने के दौरान आने वाली चुनौतियों को साझा किया। विशेषज्ञों ने इन समस्याओं के व्यावहारिक समाधान सुझाए व बेहतर कचरा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने पर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम का समापन स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण की व्यावहारिक गतिविधि के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के कचरे की पहचान कर उन्हें सही श्रेणी में अलग करने का अभ्यास किया। शूलिनी यूनिवर्सिटी की सस्टेनेबिलिटी डायरेक्टर पूनम नंदा ने कहा कि हाउसकीपिंग और ऑपरेशन्स टीमें स्वच्छ और टिकाऊ कैंपस बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्हें आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना विश्वविद्यालय की पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सहायक अभियंता इंजीनियर राजकुमार सेवानिवृत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के गंगूवाल पावर हाउस स्थित सिविल मेंटेनेंस डिवीजन में सहायक अभियंता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे गांव अंदरोली, तहसील बंगाणा के निवासी इंजीनियर राजकुमार शर्मा सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने वर्ष 2005 से 2009 तक विकास खंड बंगाणा में बतौर कनिष्ठ अभियंता के पद पर अपनी सेवाएं भी दी हैं जो उनकी कार्यशैली को दर्शाता है। उसके उपरांत वर्ष 2009 में उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड में चंबा से अपनी सेवाओं का शुभारंभ किया। इसके बाद वर्ष 2012 से 2015 तक ऊना, 2015 से 2017 तक बड़सर, 2017 से 2020 तक हमीरपुर तथा 2021 से 2025 तक थिरोट-कंसटन डिवीजन ( पंडोह) में अपनी सेवाएं दीं। बाद में प्रतिनियुक्ति के आधार पर उनका चयन भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड में हुआ, जहां जनवरी 2026 तक उन्होंने गंगूवाल पावर हाउस के सिविल मेंटेनेंस डिवीजन में उल्लेखनीय योगदान दिया।

### खड्ड में फूड कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विकास खंड हरोली की ग्राम पंचायत खड्ड में 12 दिवसीय फास्ट फूड कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं जिले के मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक विजय सिंह ने किया। विजय सिंह ने प्रतिभागियों को भविष्य में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर बैंक ऋण उपलब्ध कराने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने आत्मनिर्भरता के महत्व पर बल देते हुए युवाओं से प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कौशल को विकसित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), ऊना के निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फास्ट फूड बनाने का प्रशिक्षण के साथ साथ प्रतिभागियों को स्वरोजगार स्थापित करने, उद्यमिता विकास, बैंकिंग प्रक्रियाओं तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

### भंजाल स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भंजाल में आज एक दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया जिसमें एन एस एस के स्वयंसेवको ने स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यार्थियों को सामान्य स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया तथा बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया गया। विद्यालय प्रिंसिपल सुधीर कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य लेक्चरर राजन शर्मा, सुरेश कुमार, अनु शर्मा, सीमा कुमारी, रामनीक बंसल, अंकुर सूद, संदीप कुमार, सुनीता कुमारी, राजन कुमार, मधु बाला, विनोद कुमार, नरेश कुमार, चंद्रबाती जसवाल, स्मृति चौधरी, नीरज बाला, संतोष कुमारी, रमीका कुमारी, सुशील कुमार, अश्वनी पठानिया, रमेश चंदेल, दिनेश कुमार, शशि कुमार, निर्मला देवी, कंचन कुमारी, सुदेश तथा जय उपस्थित रहे।

### सीता स्वयंवर प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत जसाना में आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य सुनील वशिष्ठ ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण एवं सरल शैली में वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन का संदेश दिया। कथा के पंचम दिवस का मुख्य आकर्षण माता सीता के स्वयंवर का प्रसंग रहा। भगवान श्रीराम द्वारा भगवान शिव के धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष भंग होने और माता सीता द्वारा श्रीराम के गले में जयमाला पहनाने के प्रसंग का वर्णन सुनकर पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए और अनेक श्रद्धालुओं की आंखें भी नम हो गईं।

# अवैध मछली बिक्री पर 5 मामलों में वसूला 8 हजार रुपए जुर्माना

## मत्स्य विभाग ने प्रतिबंधित सीजन में नियम तोड़ने वालों पर की कार्रवाई

अनंत ज्ञान



**ऊना।** जिला ऊना में मत्स्य विभाग ने प्रतिबंधित (क्लोज) सीजन के दौरान अवैध रूप से मछली बेचने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए नियमों के उल्लंघन के पांच मामलों में कुल 8 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक विवेक शर्मा ने बताया कि विभाग के विशेष दस्ते ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाकर मछली विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान अवैध रूप से मछली बिक्री के पांच मामले पाए गए, जिनमें नियमानुसार मौके पर ही कुल 8 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए क्लोज सीजन लागू है। इस अवधि में मत्स्य संसाधनों के संरक्षण तथा प्राकृतिक प्रजनन प्रक्रिया को सुरक्षित बनाए रखने के लिए मछली पकड़ने और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य प्रजनन काल के दौरान मत्स्य संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। ऐसे में नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। विवेक शर्मा ने कहा कि मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सभी नागरिकों, व्यापारियों तथा मछली विक्रेताओं का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से क्लोज सीजन के दौरान निर्धारित नियमों का पूर्णतः पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सिविल अस्पताल बंगाणा में जल्द स्थापित होगी डायलिसिस यूनिट

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए लंबे समय से चली आ रही बड़ी स्वास्थ्य आवश्यकता अब पूरी होने जा रही है। सिविल अस्पताल बंगाणा में जल्द ही डायलिसिस यूनिट स्थापित की जाएगी। इस दिशा में अस्पताल प्रबंधन और एक निजी कंपनी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। प्रारंभिक चरण में अस्पताल में तीन डायलिसिस मशीनें स्थापित की जाएंगी, जिससे क्षेत्र के किडनी रोगियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के लगातार प्रयास, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उनकी गंभीरता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को अहम माना जा रहा है।



◆ कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयास लाए रंग

वर्षों से कुटलैहड़ क्षेत्र के किडनी रोगियों को डायलिसिस करवाने के लिए ऊना, हमीरपुर अथवा अन्य बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई मरीजों को सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और धन दोनों की भारी बर्बादी होती थी। अब बंगाणा में ही यह सुविधा मिलने से हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक विवेक शर्मा ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान लगातार यह प्रयास किया कि कुटलैहड़ के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हों। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, अस्पताल प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के साथ कई दौर की बैठकें कर इस परियोजना को गति प्रदान की। उनके निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि अब सिविल अस्पताल बंगाणा में डायलिसिस यूनिट स्थापित करने की सभी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही मशीनों की स्थापना का कार्य आरंभ होगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद यूनिट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### बंगाणा स्कूल में सुरिंदर कुमार बने एसएमसी प्रधान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में आज एस एम सी कमेटी का गठन किया गया जिसमें एसएमसी प्रधान पद के लिए पुरानी कमेटी की और सभी अभिभावकों की सहमति से सुरिंदर कुमार को चुना गया जिसके बाद चुनाव प्रक्रिया में एस एम सी का गठन किया गया जिसके लिए लगभग 14 सदस्य चुने गए। रेणुका,पूजा, मनजीत, निशा, अनिता, स्नेहलता, शशि बाला, एकता, रेखा, सुनीता, इंदु, मनोज कुमार, राजेश ठाकुर, संजय कुमार को भी सर्वसम्मति से चुना गया। चुनाव प्रक्रिया प्रधानाचार्य राजकुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण की गई, जिसमें जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, रीता देवी, डॉ राम मूर्ति शर्मा , दिनेश कुमार की सहभागिता महत्वपूर्ण रही। नव निर्वाचित एस एम सी प्रधान सुरेंद्र कुमार ने पुरानी कमेटी व् अभिभावकों का धन्यवाद किया एवं इस जिम्मेदारी को निभाने और विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।

### ग्रामीणों को बताए डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के लाभ

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज ग्राम पंचायत खानपुर एवं टक्का, जिला ऊना में एक माह के वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक, लीड बैंक कार्यालय, ऊना के तत्वावधान में जिला अग्रणी प्रबंधक विजय सिंह तथा वित्तीय साक्षरता केंद्र ऊना के समन्वयक राज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। जिला अग्रणी प्रबंधक विजय सिंह ने पंचायत प्रधानों, पंचायत समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से आम नागरिक कम प्रीमियम पर बीमा सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं, वृद्धावस्था के लिए नियमित पेंशन सुनिश्चित कर सकते हैं तथा स्वरोजगार एवं कृषि गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से इन योजनाओं से जुड़कर अधिकतम लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।

# नगर पंचायत गगरेट को कल मिलेगा नया नेतृत्व

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पिछले करीब डेढ़ माह से चल रहा इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) गगरेट ने सोमवार, 6 जुलाई को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव कराने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही लंबे समय से जारी राजनीतिक अनिश्चितता खत्म होने और नगर पंचायत को नया नेतृत्व मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अधिसूचना के अनुसार अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव सोमवार को दोपहर 12 बजे नगर पंचायत कार्यालय में होगा। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नगर पंचायत के सभी आठ निर्वाचित पार्षदों तथा गगरेट के विधायक को विधिवत सूचना भेज दी गई है। प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। उल्लेखनीय है कि 17 मई को नगर पंचायत चुनाव संपन्न होने के बावजूद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव विभिन्न कारणों से लगातार टलता रहा। 12 जून को पार्षदों की अनुपस्थिति के कारण चुनाव नहीं हो पाया, जबकि 15 जून को विधायकों के मतदान अधिकार से जुड़े न्यायिक निर्णय के चलते प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद नई तिथि घोषित नहीं होने से क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं का दौर लगातार जारी रहा। अब चुनाव की तारीख तय होने के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

# ब्रह्मा कुमारी ने नैतिक मूल्यों ध्यान व योग का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

**मैहतपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवाकेंद्र मैहतपुर द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक गतिविधियों में हिस्सा लिया। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी बबिता बहन ने बच्चों को रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व, आत्म-पहचान, सकारात्मक सोच, अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों की महत्ता के बारे में सरल एवं प्रेरणादायक तरीके से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में एकाग्रता, अनुशासन और श्रेष्ठ चरित्र निर्माण को जीवन की सफलता का आधार बताते हुए इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार अवधेश ने ध्यान योग के माध्यम से एकाग्रता बढ़ाने और पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने के उपाय बताए। उन्होंने बच्चों को नियमित दिनचर्या अपनाने, अनुशासन बनाए रखने तथा प्रतिस्पर्धा के दौर में अपनी प्रतिभा और योग्यता को निखारकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। शिविर के दौरान ब्रह्माकुमारी बलविंदर कौर ने बच्चों के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग की भावना, रचनात्मक सोच और टीम भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। बच्चों ने सभी गतिविधियों में पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही उन्हें श्रेष्ठ संस्कार अपनाकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार एवं आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई।

# बिलासपुर में सजा आभूषणों का भव्य संसार

## वर्मा ज्वेलर्स की प्रदर्शनी शुरू, ग्राहकों को मिल रहे आकर्षक विकल्प

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के लेक व्यू कैफे में शनिवार से वर्मा ज्वेलर्स की विशेष आभूषण प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी, शिक्षाविद एवं सुप्रसिद्ध गायक गोविंद घोष ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, ग्राहक और आभूषण प्रेमी उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में वर्मा ज्वेलर्स के सेल एक्सपर्ट वरुण गर्ग तथा एक्जीबिशन हेड शीश राम ठाकुर ने बताया कि वर्मा ज्वेलर्स वर्षों से अपनी गुणवत्ता, शुद्धता और भरोसेमंद सेवाओं के कारण ग्राहकों के बीच एक मजबूत पहचान बना चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में सोने, हीरे, कुंदन, पोल्की, सिल्वर तथा आधुनिक डिज़ाइन के फैशनेबल आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा विवाह, सगाई, पारिवारिक समारोह और दैनिक उपयोग के लिए भी विभिन्न श्रेणियों के आकर्षक आभूषण प्रदर्शित किए गए हैं, ताकि हर आयु वर्ग और हर



प्रदर्शनी का शुभारंभ करते समाजसेवी गोविंद घोष। अनंत ज्ञान

बजट के ग्राहकों को अपनी पसंद का उत्पाद एक ही स्थान पर मिल सके।

वरुण गर्ग ने कहा कि बदलते समय के साथ ग्राहकों की पसंद भी बदल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक डिज़ाइनों के साथ-साथ आधुनिक और ट्रेंडिंग कलेक्शन भी प्रदर्शनी में शामिल किए गए हैं। उन्होंने लोगों से प्रदर्शनी का लाभ उठाने और उपलब्ध विशेष ऑफर्स एवं आकर्षक कलेक्शन का अवलोकन करने का आग्रह किया।

एक्जीबिशन हेड शीश राम ठाकुर ने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान ग्राहकों को विभिन्न श्रेणियों के आभूषणों के साथ विशेष ऑफर्स और बेहतर खरीदारी अनुभव उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य केवल बिक्री नहीं, बल्कि ग्राहकों को नवीनतम डिज़ाइनों से परिचित कराना और उनकी पसंद के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण आभूषण उपलब्ध कराना भी है। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए समाजसेवी एवं शिक्षाविद गोविंद घोष ने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय व्यापार को नई ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ ग्राहकों को एक ही स्थान पर उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले उत्पाद देखने और खरीदने का अवसर उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने वर्मा ज्वेलर्स की टीम को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्राहकों का विश्वास ही किसी भी प्रतिष्ठान की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।

# प्रो. राजेश्वर सिंह बने सरदार कृषि विवि के कुलपति

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के उपमंडल घुमारवीं के गांव पनोह के निवासी प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल की सरदार कृषि दांतीबाड़ा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, दांतीबाड़ा (गुजरात) में पांच वर्ष के लिए कुलपति पद पर नियुक्ति होने से पूरे बिलासपुर तथा हिमाचल प्रदेश में खुशी की लहर है। प्रो. चंदेल इससे पहले डॉ. यशवंत सिंह परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) में चार वर्षों तक कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान और कृषि नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की तथा अनेक उपलब्धियां हासिल कीं।

चंदेल ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए लगातार प्रेरित किया।

# एम्स बिलासपुर में पहली बार हुई जटिल कैंसर सर्जरी, प्रदेश के मरीजों को राहत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए पहली बार पैंक्रियाज और पित्त नली के कैंसर से पीड़ित मरीजों की सफल व्हिपल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की है। इस सफलता के साथ अब हिमाचल प्रदेश के मरीजों को इस प्रकार की अत्यंत जटिल शल्य चिकित्सा के लिए हर बार दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार पैंक्रियाज और पित्त नली के कैंसर का उपचार सबसे चुनौतीपूर्ण सर्जिकल प्रक्रियाओं में गिना जाता है। इस ऑपरेशन में पैंक्रियाज, पित्त नली और छोटी आंत के प्रभावित हिस्से को निकालकर जटिल पुनर्निर्माण किया जाता है। यदि मरीज की रक्त वाहिकाओं की संरचना सामान्य से भिन्न हो तो प्रक्रिया और अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे मामलों में अनुभवी सर्जनों और विशेषज्ञ एनेस्थीसिया टीम की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। एम्स बिलासपुर में यह सर्जरी सामान्य शल्य चिकित्सा विभाग की टीम ने एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मोहिम ठाकुर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक की। टीम में डॉ. अजय धीमान और डॉ. अनिल शामिल रहे। वहीं एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी शिवपुरे के नेतृत्व में डॉ. लक्ष्मी और डॉ. अमृता ने ऑपरेशन के दौरान महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

एम्स प्रशासन का कहना है कि कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) दलजीत सिंह (सेवानिवृत्त) के मार्गदर्शन में संस्थान का लक्ष्य हिमाचल में यकृत, पैंक्रियाज और पित्त नली से जुड़े जटिल रोगों के उपचार के लिए एक उन्नत रेफरल सेंटर के रूप में विकसित होना है। इससे प्रदेश के मरीजों को भविष्य में उच्च स्तरीय कैंसर सर्जरी और विशेष उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम हो सकेगी।

### डॉ. प्रकाश चंद को मिली अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कृषि एवं बागवानी सेवानिवृत्त अधिकारी कल्याण संगठन, जिला बिलासपुर इकाई की आपातकालीन बैठक वरिष्ठ मार्गदर्शक डॉ. ज्ञानचंद लखनपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर को अध्यक्ष, डॉ. राजकुमार शर्मा को उपाध्यक्ष, डॉ. राकेश धीमान को महासचिव, डॉ. देशराज शर्मा को वित्त सचिव तथा अन्य पदाधिकारी चुने गए। बैठक में 75 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान समारोह का निर्णय लिया गया। साथ ही बैंक खाता खोलने, वार्षिक सदस्यता शुल्क 1000 निर्धारित करने तथा संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। अगली बैठक अगस्त अंत या सितंबर प्रथम सप्ताह में होगी।

### कल्लर स्कूल के वंश व रधन्या ने मारी बाजी




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जुखाला में भारती एयरटेल फाउंडेशन के सहयोग से जिला स्तरीय स्पेल एवं मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि निशा गुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। डाइट प्राचार्य राकेश कुमार ने प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्पेल विजार्ड वर्ग में कल्लर स्कूल के वंश एवं रधन्या प्रथम रहे। एलिमेंट्री मैथ्स विजार्ड में मैथी के कुसुम ठाकुर एवं मयंक प्रथम स्थान पर रहे। एलिमेंट्री स्पेल विजार्ड में नम्होल की सुमेधा एवं दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# चंबयाली लोक गीत 'लाल तेरा साफा ओ भौरा' ने हासिल किए हजारों व्यूज

अनंत ज्ञान

◆ इंटरनेट पर छाया सुरेश और इशांत का लोक गीत

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बीती शाम यू-ट्यूब और अन्य सोशिल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्मस पर रिलीज हुए बिलासपुर और चंबा के संगम में तैयार किए 'लाल तेरा साफा ओ भौरा' लोकगीत ने लांच होते ही धमाल मचा दी है। बहुत कम समय में दस हजार से लोगों ने इस पहाड़ी गीत को सुना और सराहना की है। इस चम्बयाली लोक गीत को बिलासपुर के प्रसिद्ध लोक गायक सुरेश वर्मा और चंबा के इशांत शर्मा ने अपनी सुरीली गायकी से इस गीत को एक बार फिर तरोताजा कर दिया है। मूलत चंबा से ताल्लुक रखने वाले इस गीत जीवंत रखने में इन दोनों गायकों ने कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी है।

खास बात यह है कि निक्की जेई गुजरी, कान्हा री मुरली गीतों से सुर्खियों में आए इशांत भारद्वाज और मेरा भोला है भंडारी भजन के साथ हिमाचल के लोक गीतों के एतिहासिक महत्व को सहेजने के लिए प्रयासरत बिलासपुर के सुरीले गायक सुरेश वर्मा की जुगलबंदी देखते ही बन रही है। बरमाणा के रंगकर्मी संजीव भारद्वाज के कांसेप्ट को अमलीजामा पहनाते हुए इस गीत की एलबम तैयार करने में पालमपुर की सुंदर एवं आकर्षक वादियों को त्रिनेत्र हाउस पालमपुर टीम द्वारा शिद्दत से कैद किया गया है। जबकि शिमला के सुरेंद्र नेगी ने इस गीत को रिकॉर्ड किया है और इसके निर्देशन में भरत भूरियर ने अहम भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर के बरमाणा जनपद से ताल्लुक रखने वाले लोकगायक सुरेश वर्मा हिमाचली संस्कृति को जीवंत रखने में लंबे समय से प्रयासरत है, इन्होंने करीब सौ से ज्यादा भजन, लोक गीत व इनके एलबम में फिल्मांकित किए जा चुके हैं। जिनमें हर जिला के लोक गीतों व कहानियों को समाहित कर उत्कृष्ट कार्य किया है। सुरेश वर्मा ने बॉलीवुड गायक हंस राज रघुवंशी के साथ मेरा भोला है भंडारी, पौणाहारिया तेरे रंग न्यारे जैसे दर्जनों गीत गाए हैं जबकि इन्होंने प्रादेशिक फिल्म वन रक्षक फिल्म में भी अपनी गायकी का हुनर दिखाया है।

# मानसून को लेकर प्रशासन अलर्ट, सभी विभाग आपसी समन्वय से करें कार्य : एसडीएम गौरव

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) गौरव चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मानसून के दौरान संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा पूर्व तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को उपमंडल के सभी भूस्खलन संभावित (स्लाइडिंग) क्षेत्रों और अन्य हॉटस्पॉट की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। नगर परिषद घुमारवीं को शहर की सभी नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था की व्यापक सफाई कराने के निर्देश दिए गए ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही नगर परिषद को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाकर समय-



एसडीएम ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक की। अनंत ज्ञान

समय पर फॉगिंग करवाने के भी निर्देश दिए गए, जिससे बरसात के मौसम में फैलने वाले मच्छरजनित रोगों की रोकथाम की जा सके।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए एसडीएम ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में संक्रामक बीमारी या अन्य स्वास्थ्य संबंधी असामान्य स्थिति सामने आती है तो उसकी सूचना तुरंत एसडीएम कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। जल शक्ति विभाग को पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने, जल भंडारण व्यवस्था को सुरक्षित रखने तथा आवश्यकतानुसार ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बिजली विभाग को विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने, बिजली की लाइनों के आसपास पेड़ों की समय पर कटाई-छंटाई करने को कहा गया। एसडीएम ने पुलिस, होमगार्ड एवं अग्निशमन विभाग को मानसून के दौरान पूरी तरह सतर्क रहने, उपलब्ध मशीनरी और मानव संसाधन को तैयार रखने तथा नदी-नालों के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। गौरव चौधरी ने कहा कि मानसून के दौरान सर्पदंश (स्नेक बाइट) के मामलों में वृद्धि की संभावना रहती है। ऐसी स्थिति में लोग किसी भी प्रकार के झोलाछाप या अंधविश्वास का सहारा लेने के बजाय तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान पहुंचें। उन्होंने बताया कि सर्पदंश के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयां सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध हैं। एसडीएम ने बताया कि दूरभाष नंबर 01978-255227 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# नियमितीकरण का लाभ मिलने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला के 66 जेबीटी शिक्षकों को कट-डेट के आधार पर नियमितीकरण का लाभ मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। जिला प्रधान राकेश पटियाल ने बताया कि 44 शिक्षकों को 01-10-2024 से तथा 22 शिक्षकों को 01-10-2025 से नियमितीकरण का लाभ प्रदान करने के आदेश जारी किए गए हैं। इन शिक्षकों को अनुबंध अवधि के बाद लंबे समय से नियमितीकरण का इंतजार था।

उन्होंने उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अरुण गौतम सहित विभागीय अधिकारियों का आदेश शीघ्र जारी करने के लिए आभार जताया। संघ ने कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के लिए राहत भरा है और इससे उनके अधिकारों को मजबूती मिली है। साथ ही उम्मीद जताई गई कि जल्द ही पदोन्नति सूची भी जारी होगी, क्योंकि कई पद रिक्त हैं। इस अवसर पर संघ के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी लाभार्थी शिक्षकों को बधाई दी गई।

### झबोला में संगठन मजबूती पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई के झबोला में भारतीय जनता युवा मोर्चा तलाई मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सनी शुक्ला ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों से जुड़कर एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। डॉ. शुक्ला ने पंडित दीनदयाल महाप्रशिक्षण अभियान-2026 की जानकारी देते हुए इसे सफल बनाने पर जोर दिया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और युवाओं की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश, जिला अध्यक्ष रामपाल, अजय शर्मा, ऋतिक शर्मा, अमन, मनोज चंदेल, नीरज, रजनीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्विज प्रतियोगिता में पीहू और गौरी प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) के अंतर्गत क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर के ट्रॉमा सेंटर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में यूथ फेस्ट-2026 के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इससे जुड़े मिथकों और सामाजिक कलंक को दूर करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने की। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों की 10 टीमों ने भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बालिका) बिलासपुर की छात्राएं पीहू एवं गौरी प्रथम रहीं। औहर द्वितीय, घागस तृतीय तथा डंगार चतुर्थ स्थान पर रहे। विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### झंडूता में डॉ. सनी शुक्ला का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सनी शुक्ला का भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन किया। डॉ. शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने, अधिक युवाओं को जोड़ने तथा जनसेवा के कार्यों को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर मनोज चंदेल, रामपाल चौधरी, हरीश कुमार, मदन ठाकुर, जयपाल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम दौरे की तैयारियों को लेकर बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला चंबा के होली में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विश्राम गृह होली में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनसभा स्थल, यातायात व्यवस्था, रूट प्लान और स्वागत तैयारियों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने पुलिस को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा सुचारू ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत विभाग को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने को कहा गया। इससे पूर्व अधिकारियों ने हेलीपैड व जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### गोली गांव में एंटी-रेबीज वैक्सीन की कमी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** उपमंडल डलहौजी के गोली गांव में स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही का मामला सामने आया है। गांव निवासी रमेश के पुत्र ऋतिक को कुत्ते के काटने के बाद परिजन उसे एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन कहीं भी वैक्सीन उपलब्ध नहीं मिली। परिजनों के अनुसार वे सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी पहुंचे, जहां वैक्सीन नहीं थी। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनीखेत और सिविल अस्पताल डलहौजी में भी संपर्क किया गया, लेकिन वहां भी एंटी-रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था। अंततः मजबूर होकर उन्हें निजी क्लिनिक में इलाज करवाना पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति रोष है। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, ऐसे में सरकारी अस्पतालों में वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्य है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एंटी-रेबीज वैक्सीन की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी मरीज को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल सके और उन्हें निजी खर्च का बोझ न उठाना पड़े।

### तिब्बती समुदाय ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में तिब्बती समुदाय ने दिवंगत तिब्बती लोगा रंगजेन की स्मृति में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया। बड़ी संख्या में समुदाय के लोग गांधी चौक से सुभाष चौक तक मोमबत्तियां लेकर मौन मार्च में शामिल हुए और पुनः गांधी चौक पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा विश्व शांति, मानवाधिकारों की रक्षा और तिब्बती समाज के कल्याण की कामना की गई। वक्ताओं ने शांति और अहिंसा का संदेश भी दिया। आयोजकों के अनुसार लोगा रंगजेन ने 2 जुलाई 2026 को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के बाहर चीन के एथनिक यूनिटी एक्ट के विरोध में आत्मदाह किया था।

### चुवाड़ी में मारपीट के दो मामलों में एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने चुवाड़ी थाना क्षेत्र में मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में शिकायतकर्ता धेरू ने आरोप लगाया है कि मंगलोह निवासी लेख ने रास्ता रोककर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में कर्मा निवासी जतरून ने नरेश पर मारपीट करने का आरोप लगाया है, जिसमें उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### जब्त लकड़ी की होगी सार्वजनिक नीलामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** वन विभाग द्वारा जब्त की गई लकड़ी की सार्वजनिक नीलामी 7, 8 एवं 9 जुलाई, 2026 को आयोजित होगी। विभाग के अनुसार 7 जुलाई को वन विश्राम गृह सिल्ला, 8 जुलाई को वन विश्राम गृह लांगा तथा 9 जुलाई को रेंज स्टोर हरदासपुरा में सार्वजनिक नीलामी होगी आयोजित। नीलामी में संबंधित स्थानों पर रखी गई जब्त लकड़ी को नियमानुसार खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से बेचा जाएगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित स्थल पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। विभाग ने बताया कि नीलामी के लिए जब्त की गई लकड़ी वन विश्राम गृह सिल्ला, वन विश्राम गृह लांगा तथा रेंज स्टोर हरदासपुरा में उपलब्ध है, जिसका इच्छुक खरीदार नीलामी से पूर्व निरीक्षण भी कर सकते हैं। वन विभाग ने सभी इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित तिथियों पर नीलामी में भाग लेने तथा अधिक जानकारी के लिए संबंधित वन परिक्षेत्र कार्यालय से संपर्क करने का आग्रह किया है।

# डलहौजी में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा, हूटर बजाने पर वाहन जब्त

## अधूरे दस्तावेज पर की कार्रवाई, डीएसपी बोले- कानून से ऊपर कोई नहीं

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए पंजाब के अमृतसर से आए एक पर्यटक वाहन को जब्त कर लिया। वाहन चालक अनधिकृत रूप से हूटर का इस्तेमाल कर रहा था, जिस पर ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन के आवश्यक दस्तावेज भी अधूरे पाए गए।

मामले की जानकारी मिलते ही डीएसपी डलहौजी मयंक शर्मा के निर्देश पर ट्रैफिक विंग के एचएचएसआई देस राज ने मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत वाहन को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई। डीएसपी मयंक शर्मा ने स्पष्ट किया कि डलहौजी एक शांत एवं संवेदनशील पर्यटन स्थल है, जहां यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डलहौजी आने वाले सभी पर्यटक जिले के सम्मानित अतिथि हैं, लेकिन कानून का पालन करना सभी के लिए समान रूप से अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी। डीएसपी ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से सुरक्षित, जिम्मेदार एवं नियमों के अनुरूप वाहन चलाने की अपील करते हुए कहा कि यातायात अनुशासन ही सुरक्षित सफर की सबसे बड़ी गारंटी है।



डलहौजी में वाहन की जांच करती ट्रैफिक पुलिस टीम। अनंत ज्ञान

# एफएसएसएआई के नए आदेश से पनीर की पारदर्शिता बढ़ेगी: डॉ. दिनेश कुमार

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के समन्वयक एवं इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) के राज्याध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा पनीर से संबंधित जारी नई अधिसूचना का स्वागत किया है। यह अधिसूचना खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2011 के उपनियम 2.1 के तहत लागू की गई है, जिसका उद्देश्य बाजार में उपलब्ध पनीर उत्पादों की स्पष्ट पहचान और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि इस नए प्रावधान के तहत अब पनीर निर्माण करने वाली इकाइयों को स्पष्ट रूप से यह बताना अनिवार्य होगा कि उनका उत्पाद दूध से बना डेयरी पनीर है या एनालॉग पनीर। यदि उत्पाद एनालॉग श्रेणी में आता है, तो उसमें उपयोग की गई सभी सामग्री जैसे पाम ऑयल, स्टार्च, इमल्सीफायर और अन्य घटकों का विस्तृत उल्लेख लेबल और होटल मेन्यू में करना आवश्यक होगा।

उन्होंने कहा कि यह कदम उपभोक्ताओं के हित में बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि अक्सर लोग पैकेट बंद पनीर को शुद्ध दूध से बना उत्पाद मान लेते हैं, जबकि कई बार यह एनालॉग पनीर होता है। ऐसे में यह नई व्यवस्था उपभोक्ताओं को सही और पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराएगी, जिससे वे अपने स्वास्थ्य के अनुरूप सही उत्पाद का चयन कर सकेंगे। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि एफएसएसएआई का यह निर्णय न केवल खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि बाजार में नकली और मिलावटी पनीर पर भी प्रभावी रोक लगाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी और लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सतर्क रहेंगे, जिससे खाद्य गुणवत्ता और जनस्वास्थ्य दोनों में सुधार होगा।

### साच पास जाने वालों के लिए चुराह प्रशासन की एडवाइजरी जारी

# समय रहते लौटें पर्यटक, मौसम बदलते ही बढ़ सकता है खतरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** चंबा जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल साच पास का रुख करने वाले पर्यटकों के लिए चुराह प्रशासन ने महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन ने कहा है कि प्रदेश में मानसून की शुरुआत हो चुकी है, ऐसे में साच पास जाने वाले पर्यटक समय का विशेष ध्यान रखें और मौसम बिगड़ने से पहले सुरक्षित लौट आएं। अचानक बारिश, बर्फबारी और घना कोहरा यहां हालात मुश्किल बना सकते हैं।

करीब 14,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित साच पास चंबा जिले के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। हर वर्ष लाखों पर्यटक यहां की बर्फ से ढकी चोटियों, मनमोहक वादियों और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंचते हैं। हालांकि मानसून के दौरान यहां का मौसम पलभर में बदल जाता है, जिससे यात्रा जोखिम भरी हो सकती है। प्रशासन का कहना है कि मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी के चलते बड़ी संख्या में पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। साच पास की प्राकृतिक सुंदरता हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### नेटवर्क न होने से बढ़ती हैं मुश्किलें

साच पास क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा सीमित है। मौसम खराब होने की स्थिति में संपर्क टूट जाता है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में मदद मिलने में देरी हो सकती है। इसके अलावा संकरी सड़कें, भूस्खलन, बारिश और बर्फबारी के कारण वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो सकती है। ऐसे में देर तक साच पास पर रुकना खतरे से खाली नहीं माना जा रहा। वहीं, उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) चुराह राजेश कुमार जरियाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मानसून के मौसम को देखते हुए सभी पर्यटकों से अपील की जाती है कि वे साच पास की यात्रा सुबह जल्दी करें और समय रहते वापस लौट आएं। उन्होंने कहा कि मौसम अचानक खराब होने पर बारिश, बर्फबारी और अन्य दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद जरूर लें, लेकिन अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। प्रशासन ने पर्यटकों से मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा करने, अनावश्यक जोखिम से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

# सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए किसान रजिस्ट्री अनिवार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** कृषि विभाग द्वारा जिले में आत्मा परियोजना के तहत किसान रजिस्ट्री/एग्रीस्टैक के तहत 6 जुलाई से 9 जुलाई तक विशेष पंजीकरण अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक किसानों का किसान रजिस्ट्री पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित करना है। परियोजना निदेशक, आत्मा, डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 6 जुलाई को तहसील चुराह के ग्राम चरड़ा, 7 जुलाई को तहसील चुराह के ग्राम मंगला, 8 जुलाई को तहसील तेलका की ग्राम पंचायत मौहड़ा तथा 9 जुलाई को उप-तहसील भलेई के ग्राम वाहगाल में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए शिमला से विशेषज्ञों की एक टीम भी जिला चंबा में पहुंचकर अभियान में सहभागिता करेगी तथा किसानों के पंजीकरण कार्य में सहयोग प्रदान करेगी। डॉ. शर्मा ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे इन विशेष शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी किसान रजिस्ट्री (फार्मर रजिस्ट्री) अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ केवल पंजीकृत किसानों को ही प्राप्त होगा।

**◆ 6 से 9 जुलाई तक चलेगा रजिस्ट्री के लिए विशेष अभियान : डॉ. नितिन**

# बटणू आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में अनियमितताओं के आरोप

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** विकास खंड मैहला की ब्रेही पंचायत के अंतर्गत बटणू गांव में लगभग 13 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरतने के आरोप सामने आए हैं।



स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व बने इस भवन में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन में सुरक्षा ग्रिल, शौचालय, पानी की व्यवस्था, खिड़कियां, दरवाजे तथा अन्य निर्माण कार्यों में गंभीर खामियां हैं, जिसके कारण भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र गांव से दूर एक निजी भवन में संचालित किया जा रहा है। वहां पहुंचने के लिए कठवाड़ और बटणू के बच्चों को लंबा और जोखिमभरा रास्ता तय करना पड़ता है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वे उन्हें केंद्र नहीं भेज पा रहे हैं, जिससे बच्चे पोषाहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और प्रारंभिक शिक्षा जैसी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। रमेश कुमार ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी दर्ज करवाई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन किया जाएगा।

# दौड़, ग्रीन साइकिल रैली व पौधरोपण से दिया जाएगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** वन महोत्सव-2026 के संबंध में वन एवं वन्यजीव संरक्षण विभाग, पंजाब द्वारा डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर, एसएएस नगर अमनीत सिंह, आई.एफ.एस. के नेतृत्व में जिला स्तरीय 'ग्रीनाथान-वन महोत्सव 2026' का आयोजन रविवार, 5 जुलाई को किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना, हरियाली को प्रोत्साहित करना और वृक्षारोपण के संदेश को जन-आंदोलन का रूप देना है।

यह कार्यक्रम फेज-5 पार्किंग, बोगनविलिया पार्क के सामने, मोहाली से आरंभ होकर श्री अंब साहिब गुरुद्वारा, मोहाली में संपन्न होगा। लगभग 3 किलोमीटर के मार्ग के लिए प्रतिभागियों से सुबह 5:30 बजे तक पहुंचने की अपील की गई है। सुबह 6:00 बजे वार्म-अप सत्र के उपरांत सुबह 6:30 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ग्रीनाथान दौड़ और ग्रीन साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। कार्यक्रम में शैक्षणिक संस्थानों, साइक्लिंग क्लबों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, युवा क्लबों, समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं, विभिन्न सरकारी विभागों, कॉर्पोरेट संस्थानों तथा आम नागरिकों की बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है। इच्छुक व्यक्ति ग्रीनाथान दौड़ या ग्रीन साइकिल रैली में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर सकते हैं।

वन विभाग के अनुसार यह पहल केवल दौड़ या साइकिल रैली तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को वृक्षारोपण, स्वच्छ जीवन-शैली अपनाने, प्रदूषण-रहित परिवहन साधनों को प्रोत्साहित करने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सृजित करने के लिए प्रेरित करने का एक साझा प्रयास है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को जलपान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक स्वरूप एक पौधा भी भेंट किया जाएगा।

# जनता दल (यूनाइटेड) ने पंजाब में किया आगाज

## विधानसभा चुनाव से पहले पेश किया रोडमैप, मलविंदर सिंह बने पंजाब प्रदेश अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल (यूनाइटेड) ने शनिवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पंजाब की राजनीति में औपचारिक प्रवेश की घोषणा करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपना रोडमैप पेश किया।

पार्टी के पंजाब प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) पंजाब में एक विश्वसनीय, विकासोन्मुख और जनहित आधारित राजनीतिक विकल्प के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब को ऐसी पारदर्शी, जवाबदेह और स्वच्छ सरकार की आवश्यकता है, जो युवाओं, किसानों, उद्यमियों और आम नागरिकों की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करे।

उन्होंने बताया कि जनता दल (यूनाइटेड) की उपस्थिति बिहार के अलावा अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, मणिपुर, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश,



गुजरात, असम, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल तथा लक्षद्वीप सहित कई राज्यों में है। उन्होंने विश्वास जताया कि सुशासन और विकास पर आधारित पार्टी की राजनीति को पंजाब के लोग भी समर्थन देंगे।

संजय कुमार ने स्पष्ट किया कि जनता दल (यूनाइटेड) आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगी। इसके साथ ही पार्टी ने पंजाब में अपने संगठन के विस्तार की योजना का भी ऐलान किया और कहा कि राज्यभर में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी ने पंजाब प्रदेश की कोर कमेटी की भी घोषणा की। मलविंदर सिंह को पंजाब प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गुरपाल सिंह हुंडल को उपाध्यक्ष, आई.एस. आहलूवालिया को सेक्रेटरी जनरल, संजीव झा को महासचिव (संगठन) तथा कंवर सिंह ढींडसा को कोर नेतृत्व का प्रमुख सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और विधानसभा चुनावों की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का संकल्प लिया। संजय कुमार ने कहा कि पार्टी का प्रमुख एजेंडा रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कृषि सुधार, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, पारदर्शी प्रशासन, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) प्रदर्शन, जवाबदेही और समावेशी विकास की राजनीति में विश्वास रखती है, न कि समाज को बांटने वाली राजनीति में। पार्टी नेतृत्व ने राज्यभर में सदस्यता अभियान शुरू करने की भी घोषणा की। इस अभियान के माध्यम से गांवों, कस्बों और शहरों में युवाओं, महिलाओं, किसानों, पेशेवरों तथा समाज के विभिन्न वर्गों को पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

जनता दल (यूनाइटेड) ने दोहराया कि वह स्वच्छ राजनीति, युवा नेतृत्व और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का कहना है कि पंजाब में उसका विस्तार लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और राज्य के मतदाताओं को एक सकारात्मक एवं रचनात्मक राजनीतिक विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# जून में निसान की बिक्री में 129% की छलांग, घरेलू बाजार में मजबूती

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** निसान मोटर इंडिया ने आज जून, 2026 के बिक्री आंकड़े जारी किए। जून में सालाना आधार पर 129 प्रतिशत की वृद्धि के साथ घरेलू बाजार में कुल 3,006 यूनिट्स की बिक्री हुई। इस दौरान निर्यात का आंकड़ा 5,340 यूनिट्स का रहा। कुल बिक्री सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 8,346 यूनिट्स की रही। यह लगातार चौथा महीना है, जब निसान ने घरेलू बिक्री में सालाना आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की है। यह भारतीय बाजार में कंपनी की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।



निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, लगातार चार महीनों में घरेलू बिक्री में बढ़ोतरी हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में ग्राहकों के बढ़ते भरोसे और हमारी मार्केट स्ट्रेटजी की सतत प्रगति को दर्शाते वाली है। यह प्रगति हमारे पार्टनर्स, डीलर्स और ऑन-ग्राउंड टीमों के लगातार समर्थन से संभव हुई है, जो पूरे भारत में निसान की मौजूदगी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

निसान मोटर इंडिया इस समय 9 जुलाई, 2026 को निसान टेक्टॉन के वर्ल्ड प्रीमियर की तैयारी कर रही है। यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो अपना पोर्टफोलियो बढ़ाने और विकास को लेकर दीर्घकालिक रणनीति को मजबूत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

# पार्क हॉस्पिटल पटियाला ने किया पहला ओसीटी-गाइडेड रोटाट्रिप्सी प्रोसीजर सफल

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पार्क हॉस्पिटल, पटियाला ने अपना पहला ओसीटी-गाइडेड रोटाट्रिप्सी प्रोसीजर सफलतापूर्वक किया है, जो कॉम्प्लेक्स कोरोनरी आर्टरी डिज़ीज़ के इलाज में एक बड़ा कदम है।

कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्शदीप सिंह संधू ने कहा कि यह प्रोसीजर एक ऐसे मरीज़ पर किया गया था जिसकी कोरोनरी आर्टरी बहुत ज़्यादा कैल्सीफाइड थी, यह एक मुश्किल कंडीशन है जिससे एंजियोप्लास्टी और स्टेंट लगाना मुश्किल हो सकता है। कैल्शियम जमाव कितना है, इसका सही-सही अंदाज़ा लगाने के लिए, कार्डियक टीम ने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (ओसीटी) का इस्तेमाल किया, जो एक एडवांस्ड इमेजिंग टेक्नोलॉजी है जो आर्टरी के अंदर से डिटेल्ड, हाई-रिज़ॉल्यूशन विज़ुअलाइज़ेशन देती है।

ओसीटी के नतीजों के आधार पर, टीम ने रोटाट्रिप्सी की, जो रोटेशनल एथेरेक्टॉमी (रोटाब्लेशन)



और इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी (IVL) को मिलाकर एक नई टेक्निक है।

रोटाब्लेशन का इस्तेमाल सख्त कैल्शियम जमाव को बदलने के लिए किया गया, जबकि IVL शॉकवेव थेरेपी ने बचे हुए कैल्शियम को फ्रैक्चर करने और वेसल फ्लेक्सिबिलिटी को बेहतर बनाने में मदद की। इस एडवांस्ड तरीके से स्टेंट को सबसे अच्छे तरीके से लगाना और फैलाना मुमकिन हुआ, जिससे प्रोसीजर का नतीजा बहुत अच्छा रहा। पूरा प्रोसीजर बिना किसी दिक्कत के सफलतापूर्वक पूरा हो गया।

# पंजाब को सुरक्षित और नशा मुक्त बनाना हमारा संकल्प: कुलदीप सिंह

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकताओं को दोहराते हुए कहा कि सरकार पंजाब से गैंगस्टरवाद और नशों को खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मान सरकार द्वारा शुरू किया गया 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान आज अपने 164वें दिन में प्रवेश कर गया है और इसके बहुत ही सार्थक और सकारात्मक नतीजे समाज के सामने आ रहे हैं।



इस ऐतिहासिक अभियान के दौरान पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अब तक 43,127 गैंगस्टरों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। धालीवाल ने सरकार की जनहितैषी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक तरफ भगवंत मान सरकार ने जनता से की गई अपनी पांचों गारंटी को सफलतापूर्वक पूरा किया है, वहीं दूसरी तरफ मांवां-धियां सत्कार योजना के तहत राज्य की महिलाओं के खातों में 1000 और 1500 रुपये का मानदेय भी आना शुरू हो गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जनकल्याण के बीच सरकार का मुख्य फोकस राज्य की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य पर भी है। पंजाब पुलिस बहुत बहादुरी और मुस्तैदी से काम कर रही है और हमारी यह जंग तब तक जारी रहेगी जब तक राज्य से गैंगस्टर और नशों जैसी कानून-व्यवस्था की समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं हो जातीं। नशा तस्करों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई की जानकारी देते हुए आप प्रवक्ता ने कहा कि सरकार का 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' अभियान भी पूरी ताकत से चल रहा है। इस अभियान के 489वें दिन पुलिस ने अपनी तत्परता दिखाते हुए 2.1 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है और 187 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत अब तक कुल 71,538 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। धालीवाल ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि पंजाब की शांति भंग करने वाले और युवाओं की जान से खेलने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# गोवा का हेल्थ सिस्टम ध्वस्त, पंजाब से सीख लेकर 10 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस दें सीएम: केजरीवाल

अनंत ज्ञान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गोवा की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य का हेल्थ सिस्टम गंभीर संकट में है और आम लोगों को इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके समाधान के रूप में उन्होंने पंजाब मॉडल की तर्ज पर गोवा के हर परिवार को 10 लाख रुपये का बिना शर्त हेल्थ इंश्योरेंस देने की मांग की।

केजरीवाल ने दावा किया कि गोवा में सरकारी अस्पतालों की स्थिति बेहद खराब है। उनके अनुसार, राज्य का एकमात्र सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल जीएमसी अत्यधिक भीड़ से जूझ रहा है और कई बार मरीजों को बेड के लिए सिफारिशों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों से आने वाले मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी काफी समय लगता है, जिससे आपात स्थिति में खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया



कि दक्षिण गोवा जिला अस्पताल और पोंडा स्थित आईडी अस्पताल में स्टाफ और उपकरणों की भारी कमी है। कई पद खाली पड़े हैं और जरूरी मेडिकल सुविधाएं जैसे सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी सेवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण मरीजों को अक्सर बड़े अस्पतालों में रेफर किया जाता है।

केजरीवाल ने कहा कि राज्य की दीनदयाल स्वास्थ्य सेवा योजना (डीडीएसएसवाई) प्रभावी नहीं रही है। उनके अनुसार, इस योजना के तहत बीमारियों का सीमित कवरेज है, भुगतान में देरी होती है और अस्पतालों को पुरानी दरों पर भुगतान किया जाता है, जिससे कई निजी अस्पताल इस योजना के तहत इलाज करने से बचते हैं। उन्होंने दावा किया कि लाखों परिवारों ने इस योजना का उपयोग करना बंद कर दिया है।

आप प्रमुख ने कहा कि गोवा में लगभग 90 प्रतिशत लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकारी व्यवस्था पर निर्भर हैं, जबकि निजी अस्पतालों का खर्च आम लोगों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने सुझाव दिया कि पंजाब की तरह सभी बीमारियों को कवर करने वाली व्यापक बीमा योजना लागू की जाए और पैनल्ड अस्पतालों को 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। केजरीवाल ने कहा कि अगर यह योजना लागू होती है तो गोवा के सभी नागरिकों को बड़े निजी अस्पतालों में भी बेहतर इलाज मिल सकेगा और स्वास्थ्य सेवाओं में समानता आएगी। उन्होंने गोवा सरकार से अपील की कि वह पंजाब मॉडल को अपनाकर जनता को राहत प्रदान करे और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाए।

# राम मंदिर में चंदा चोरी पर कांग्रेस आक्रामक

## राजीव भवन में शुरू हुए मंथन में पार्टी नेतृत्व ने केंद्र को घेरने के दिए स्पष्ट संकेत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** संगठन को नई ऊर्जा देन के उद्देश्य से राजधानी शिमला में कांग्रेस पार्टी का दो दिवसीय मंथन का आगाज हो गया है। राजीव भवन में शुरू हुए इस मंथन में पंचायत चुनावों की समीक्षा के साथ संगठनात्मक मजबूती, मंत्रिमंडल विस्तार और राम मंदिर चंदा विवाद जैसे मुद्दों पर पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संदेश दिए हैं। राजीव भवन में आयोजित जनरल हाउस की बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पंचायत चुनावों के नतीजों का विश्लेषण करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को अधिक सक्रिय बनाने, कार्यकर्ताओं की भूमिका मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने पर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक से पहले पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा कि मंत्रिमंडल में रिक्त पद को भरने और संभावित फेरबदल को लेकर पार्टी गंभीर है। इस संबंध में कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के प्रस्तावित धर्मशाला दौरे के दौरान राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में अंतिम निर्णय की दिशा तय होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी कहा कि मंत्रिमंडल का एक पद खाली है, जिसे भरना जरूरी है, लेकिन इस पर अंतिम फैसला कांग्रेस हाईकमान ही करेगा। बैठक के दौरान राम मंदिर चंदा विवाद और किन्नौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्ति को लेकर पैदा हुए मतभेदों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि भगवान के नाम पर जुटाए गए चंदे में गड़बड़ी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। वहीं प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किन्नौर में संगठनात्मक मतभेदों को बातचीत के माध्यम से दूर किया जाएगा।



राजीव भवन में आयोजित कांग्रेस के दो दिवसीय संगठनात्मक महामंथन में मौजूद कांग्रेस के दिग्गज नेता। अनंत ज्ञान

### आज अग्रणी संगठनों के साथ बनेगी आगे की रणनीति

**महामंथन** के दूसरे दिन यानी रविवार को महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, अनुसूचित जाति विभाग और अल्पसंख्यक विभाग सहित सभी अग्रणी संगठनों की अलग-अलग बैठकें आयोजित होंगी। इनमें संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, जनसंपर्क अभियान और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनोद जिंटा ने कहा कि दो दिवसीय यह संगठनात्मक मंथन कांग्रेस को नई दिशा देने के साथ भविष्य की राजनीतिक रणनीति का मजबूत आधार भी तैयार करेगा।

# भद्रकाली मंदिर भूमि विवाद में महिला पर जानलेवा हमला

अनंत ज्ञान



**हेमराज, जंगमबाग।** भद्रकाली माता मंदिर भराड़ी से जुड़े भूमि विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पूर्व भद्रकाली मंदिर कमेटी सचिव एवं स्टेट बुशू अध्यक्ष परमानंद आजाद ने वंदना, पत्नी संसार चंद एवं स्वर्गीय कामेश्वर शर्मा (पूर्व पुजारी) की पुत्री पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों के अनुसार स्वर्गीय कामेश्वर शर्मा का दो माह पूर्व निधन हो चुका है। परिवार का आरोप है कि उनकी भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है, जबकि मामला न्यायालय में लंबित है और भूमि पर स्टे आदेश लागू है। घटना के समय घर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा चल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी विवादित भूमि पर सीमेंट की दीवार बनाने लगा। विरोध करने पर उसने वंदना के सिर और बाजू पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

महिला की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। आरोप है कि आरोपी अपने घर में छिप गया, लेकिन ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के कारण कुछ समय के लिए महादेव-करसोग मार्ग प्रभावित रहा। डीएसपी सुंदरनगर ने मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच और कानून के अनुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया। घायल महिला का अस्पताल में उपचार जारी है। ग्रामीणों ने आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है।

◆ **आरोपी गिरफ्तार, ग्रामीणों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

### हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के विधायकों को दिया संदेश

# कानूनों की गुणवत्ता व जनहित के प्रति प्रतिबद्धता ही जनप्रतिनिधियों की असली पहचान : कुलदीप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा और लोकसभा सचिवालय की संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्राइड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नव निर्वाचित विधायकों को संसदीय परंपराओं और विधायी प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अब तक संसद में केवल 14 प्राइवेट मेंबर बिलों को ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिली है, जबकि वर्ष 1970 के बाद कोई भी ऐसा विधेयक दोनों सदनों से पारित नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि 17वीं लोकसभा में 729 प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किए गए, लेकिन केवल दो पर ही चर्चा हो सकी।



इस अवसर पर लोकसभा सदस्य एनके प्रेमचंद्रन तथा राज्यसभा सचिवालय के पूर्व संयुक्त सचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने भी अपने विचार रखे। पठानिया ने कहा कि प्राइवेट मेंबर बिल लोकतंत्र में नए विचारों और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि किसी विधायक की पहचान केवल उसके भाषणों या कार्यकाल से नहीं, बल्कि कानून निर्माण में उसके योगदान, बहस की गुणवत्ता और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने की प्रतिबद्धता से होती है। उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों से संवैधानिक मूल्यों, जनहित और संसदीय मर्यादाओं के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के बाद समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति ने प्रारूप प्रतिवेदन को अंतिम रूप देकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा, जिन्होंने समयबद्ध कार्य पूरा करने पर समिति की सराहना की।

# पेपर मिल में मशीन में हाथ फंसने से कर्मचारी की मौत

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** पुलिस थाना संसारपुर टैरेस के औद्योगिक क्षेत्र स्थित जसर पेपर मिल प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को एक दर्दनाक औद्योगिक हादसे में कर्मचारी की जान चली गई। मृतक की पहचान कीर्ति सिंह (50) पुत्र कोतवाल सिंह, निवासी गांव कंदेरी, जिला चमोली (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पेपर रोलिंग मशीन में कागज फंस गया था। उसे निकालने के दौरान कीर्ति सिंह का हाथ मशीन में फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी डाडा सीबा राज कुमार, थाना संसारपुर टैरेस के प्रभारी संजय शर्मा तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।



वहीं, डीएसपी राज कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। फोरेंसिक रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# ऊना में कल से शुरू होगा अनुसूचित जाति कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल सरकार की अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं को लेकर प्रदेशव्यापी प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऊना जिले में यह विशेष अभियान 6 जुलाई से शुरू होगा। अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से जुड़े नाट्य दल गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। इसका उद्देश्य योजनाओं की जानकारी सीधे लोगों तक पहुंचाना और सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि ऊना जिले में यह अभियान दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। जिले के 20 अनुसूचित जाति बहुल्य गांवों में कार्यक्रम होंगे, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 4-4 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### प्रथम और दूसरे चरण में यहां होंगे कार्यक्रम

प्रथम चरण में आरके कलामंच चिंतपूर्णी द्वारा 6 से 10 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गीत संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अनुसूचित जाति के कल्याण की सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को अंब के घंघरेट और बामबनसेरा गांव, 7 को गुरेट और भरवां उर्फ कंगरूही, 8 को गगरेट के डंगोह खास और गोंदपुर बनेहड़ा अप्पर, 9 को कैलाश नगर और गगरेट अप्पर तथा 10 जुलाई को बंगाणा के मोउखास और सकोहान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। दूसरे चरण में पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा द्वारा 14 से 18 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें 14 जुलाई को हरोली के जोड़ियां और जननी, 15 को हरोली के जंगल पंजावर और भदसाली थोलियां, 16 को ऊना के बटूही और लमलेहड़ी अप्परली, 17 को ऊना के जखेड़ा और बहडाला लोअर तथा 18 जुलाई को परोइयां कलां और पनसाई में गीत संगीत व नुकड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं बारे जानकारी दी जाएगी।

# डीआईजी संजीव गांधी को मिला सरकारी आवास

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं ट्रैफिक, टूरिस्ट व रेलवे पुलिस के डीआईजी संजीव गांधी को शिमला के हार्विंगटन स्थित स्टेट नंबर-1, जीएफ, टाइप-5 सरकारी आवास आवंटित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी करते हुए निदेशक संपदा को आवंटन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय पहले निर्धारित आवास उपलब्ध न होने के कारण लिया गया है। जानकारी के अनुसार संजीव गांधी के लिए पहले रिजमेंट क्षेत्र में स्टेट नंबर-11, टाइप-5 आवास निर्धारित किया गया था, लेकिन पूर्व आवंटी द्वारा उसे अभी तक खाली नहीं किए जाने के कारण सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी। इससे पहले सरकारी आवास को लेकर विवाद भी सामने आया था और पूर्व आवंटी पर आवास खाली न करने के चलते जुर्माना भी लगाया गया था। नए आवंटन के साथ अब यह पूरा मामला समाप्त हो गया है।



◆ **पुराने आवास के खाली न होने पर सरकार ने की वैकल्पिक व्यवस्था**

### खलैहल में जिला परिषद सदस्य रोशन का भव्य स्वागत



अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट। हाल ही में संपन्न पंचायत चुनाव में जिला परिषद सदस्य निर्वाचित होने के बाद पहली बार चौहार घाटी की ग्राम पंचायत खलैहल पहुंचे नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य रोशन लाल ठाकुर का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। धन्यवाद यात्रा के दौरान उन्होंने पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। खलैहल पंचायत के मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़ तथा झरवाड़ गांवों में ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर रोशन लाल ठाकुर का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा दिए गए भारी जनसमर्थन के लिए सभी का धन्यवाद किया और कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता रहेगी। दौरे के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की विभिन्न समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को भी गंभीरता से सुना तथा आश्वासन दिया कि सभी जायज मांगों को सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# प्रदेश में 6 अगस्त के बाद बदलेगा चुनावी परिदृश्य

## नए राज्य निर्वाचन आयुक्त की निगरानी में होंगे अब 21 शहरी निकायों के चुनाव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 21 शहरी निकायों में चुनाव को लेकर तस्वीर अब पूरी तरह नए राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति और उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले पर टिकी हुई है। मौजूदा राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची का कार्यकाल 6 अगस्त को समाप्त हो रहा है। ऐसे में ऊना, हमीरपुर और बद्दी के नवगठित नगर निगमों सहित 21 शहरी निकायों में चुनाव की पूरी प्रक्रिया अब नए निर्वाचन आयुक्त की निगरानी में आगे बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर, नवगठित नगर निकायों से जुड़े मामलों पर उच्च न्यायालय में सुनवाई भी जारी है, जिसके कारण चुनाव कार्यक्रम घोषित होने में अभी और समय लग सकता है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में इस समय कुल 75 शहरी निकाय हैं, जिनमें आठ नगर निगम, 29 नगर परिषद और 38 नगर पंचायतें शामिल हैं। शिमला नगर निगम का कार्यकाल वर्ष 2028 तक है, जबकि धर्मशाला, पालमपुर, मंडी और सोलन नगर निगमों सहित 53 शहरी निकायों में चुनाव पहले ही संपन्न हो चुके हैं। अब तीन नए नगर निगमों के अलावा तीन नगर परिषदों और 15 नगर पंचायतों में चुनाव कराए जाने बाकी हैं। निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों के अद्यतन और अन्य प्रशासनिक तैयारियों में जुटा है, लेकिन कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक चुनाव कार्यक्रम जारी नहीं किया जाएगा। नवगठित नगर निकायों में शीघ्र चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदेश उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से जल्द चुनाव कराने और निर्वाचित निकायों का गठन सुनिश्चित करने की मांग की है। हालांकि, जब तक न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक निर्वाचन आयोग के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी करना संभव नहीं माना जा रहा।

### मतदाता सूचियां और आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार

**निर्वाचन** आयोग के स्तर पर मतदाता सूचियों को अद्यतन करने सहित अन्य तैयारियां जारी हैं। जिन क्षेत्रों में मतदाता सूचियां अद्यतन नहीं हो सकीं तथा आरक्षण रोस्टर और अधिसूचना संबंधी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हुईं, वहां पहले चुनाव नहीं कराए जा सके थे। अब नए राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति, उच्च न्यायालय के अंतिम आदेश और लंबित औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद ही प्रदेश के 21 शहरी निकायों में चुनाव का रास्ता साफ होगा।

# भारतीय आभूषण; डिजाइन, प्रतिभा को वैश्विक मंचों तक पहुंचाने का लें संकल्प : अनुराग ठाकुर

## जयपुर ने सदियों से न सिर्फ गहने गढ़े, बल्कि भारतीय संस्कृति को भी सजाया

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने राजस्थान के जयपुर में ज्वैलर्स एसोसिएशन के शताब्दी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर Jewellery Eminence Awards (JEA) 2026 के अंतर्गत विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया व इस विषय पर अपने विचार साझा किए। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 'हमारे शास्त्रों में आभूषण निर्माण की शिल्प कला को केवल आजीविका नहीं बल्कि धैर्य और एकाग्रता से सौंदर्य सृजन की साधना कहा गया है। मैं ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ कि वर्ष 1927 में स्थापित यह संस्था आज अपनी यात्रा के सौवें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। किसी भी संस्था के लिए एक शताब्दी तक अपने मूल्यों, विश्वसनीयता और नेतृत्व को बनाए रखना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। जयपुर सिर्फ अपने ऐतिहासिक रणकौशल और अपने योद्धाओं के जौहर के लिए ही नहीं बल्कि अपने जेवर और अपने जौहरियों के लिए भी जाना जाता है। जयपुर के जौहरियों ने इस तीन सौ सालों की परंपरा को न केवल जीवित रखा है बल्कि इसे एक वैश्विक ब्रांड बना दिया है। जयपुर की इस धरा ने सदियों से न सिर्फ गहने गढ़े हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति को सजाया है । अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 'आज जब हम 18वें Jewellery Eminence Awards (JEA) 2026 का उत्सव मना रहे हैं, तो यह महज एक पुरस्कार समारोह नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। आज पूरा विश्व Make In India, Digital India का लोहा मान रहा है और मेरा सुझाव है की आप Design India global brand के रूप में स्थापित करें । परिस्थितियां बड़ी तेजी से बदल रही हैं और अनुकूल हो रही हैं और आपके हाथों के बने जेवर और आपके द्वारा तराशे गए नगीनों की चमक कभी भी कम नहीं होगी। आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि भारतीय आभूषण, डिज़ाइन, और भारतीय प्रतिभा को विश्व के हर मंच तक पहुचाएं ऐसा भारत बनाएंग, जहां हमारी परंपराएँ हमारी ताकत हों, हमारी युवा शक्ति हमारी पहचान हो।



**टाइगर विजय दिवस** 8 ग्रेनेडियर ने टाइगर हिल पर लहराया था तिरंगा, 44 जवानों ने पीया था शहादत का जाम

# टाइगर हिल पर तिरंगा लहराते ही हिल गया था पाकिस्तान

अनंत ज्ञान

◆ **युद्ध के नायक सेवानिवृत ब्रिगेडियर खुशाल ने जुबानी सुनाई वीरता की कहानी**

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** चार जुलाई 1999 को जब दुश्मन टाइगर हिल पर था और वहां से दुश्मन सीधे श्रीनगर, कारगिल व लेह मार्ग पर गोलीबारी कर रहा था उस चोटी पर पहुंचकर देश के वीर जवानों ने दुश्मनों को खदेड़कर तिरंगा लहराया था। 17 हजार फीट ऊंची टाइगर हिल पर तिरंगा लहराते ही पाकिस्तान पूरी तरह से हिल गया था। कारगिल युद्ध के नायक एवं सेवानिवृत ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने कारिगल युद्ध की कहानी अपनी जुबानी सुनाते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह दिन आज भी हर भारतीय को याद है जब 18 ग्रेनेडियर ने टाइगर हिल को दुश्मनों के कब्जे से छुड़ाकर वहां पर अपना तिरंगा फहराया था। उन्होंने बताया कि टाइगर हिल पर विजय पताका फहराने के लिए देश के करीब 44 जवानों ने अपने प्राणों की आहूति दी है और वीर जवानों की इस आहूति को भी भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि 15 मई से लेकर दो जुलाई तक आठ सिख के जवानों ने टाइगर हिल की घेरा बंदी करके रखी इसके बाद टाइगर हिल पर विजय पताका फहराने का जिम्मा 18 ग्रेनेडियर को दिया था। 17 हजार फिट ऊंची टाइगर हिल के लिए 18 ग्रेनेडियर ने करीब 36 घंटे आपरेशन चलाया और टाइगर हिल पर तिरंगा लहराया। 18 ग्रेनेडियर का नेतृत्व सेवानिवृत्त ब्रिग्रेडियर खुशहाल ठाकुर ( तत्तकालीन कर्नल ) ने किया। खुशहाल ठाकुर ने बताया कि 18 ग्रेनेडियर की कमाड़ो टीम की अगुवाई कैप्टन बलवान सिंह ने की। 36 घंटे चले इस आपरेशन के लिए 18 ग्रेनेडियर के जवानों के अपने खाने के सामान को कम करने उस स्थान पर भी असला और बारूद भर लिया। टाइगर हिल को कब्जाने के लिए हवलदार योगेंद्र यादव ने लहुलूहान और बुरी तरह घायल होने के बावजूद दुश्मनों की कई चौकियों को तबाह कर दिया। इसी वीरता के लिए हवलदार योगेंद्र यादव को देश के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार परम वीर से नवाजा गया। 18 ग्रेनेडियर की कमाड़ो टीम का नेतृत्व करने वाले कैप्टन बलवान सिंह को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया है। टाइगर हिल पर तिरंगा फहराने लिए कैप्टन सचिन और हवलदार मदन लाल को वीरचक्र से नवाजा गया है। ब्रिगेडियर ने बताया कि टाइगर हिल पर विजय पताका फहराने के लिए चले 36 घंटे के आपरेशन में 18 ग्रेनेडियर के नौ जवान शहीद हुए।

### छिपने के लिए नहीं था घास का तिनका



**युद्ध** में अदम्य साहस के लिए 18 ग्रेनेडियर को 52 वीरता पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। 18 ग्रेनेडियर का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन ब्रिगेडियर खुशहाल ठाकुर को युद्ध सेवा मेडल से नवाजा गया है। खुशहाल ठाकुर ने बताया कि टाइगर हिल की लड़ाई बहुत कठिन थी। 17000 फीट की ऊंचाई पर आक्सीजन की कमी थी, पथरीली सीधी चढ़ाई थी, दुश्मन चोटी पर था और छिपने के लिए एक घास का तिनका तक नहीं था। खुशहाल ठाकुर ने बताया कि जैसे ही टाइगर हिल पर भारतीय सेना ने तिरंगा लहराया पाकिस्तान की कमर टटू गई और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज मुशरफ अमेरिका के राष्ट्रपत्ति बिल क्लींटन के पास गए और उनसे बिना शर्त युद्ध विराम की गुहार लगाई लेकिन भारत के तत्तकालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि जब तक भारत की सीमा से घुसपैठियों के खदेड़ नहीं दिया जाएगा तब तक युद्ध विराम नहीं होगा। इस युद्ध में पाकिस्तान के मेजर ईकबाल और कैप्टन कसाल शैर खान की मारे गए थे।